* बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक




मुख्यमंत्री राहत कोष में बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड की ओर से सीएम सम्राट चौधरी को 10 करोड़ रुपये का चेक सौंपते मंत्री लेसी सिंह

* रजि. नंबर : 52290/90 * वर्ष : 37 * अंक : 131 * पृष्ठ : 12 * औरंगाबाद, मंगलवार, 6 अक्टूबर 2026 * मूल्य : 3.00 रुपये * औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित * www.navbihartime.com

## मुख्यमंत्री ने संकल्प सभागार में की पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की समीक्षा बैठक

# इको टूरिज्म एवं सोलराइजेशन की परियोजनाओं पर पीपीपी मोड में तेजी से करें काम : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में लोक सेवक आवास स्थित 'संकल्प' सभागार में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की समीक्षा बैठक हुयी। बैठक में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विभाग के कार्यों की अद्यतन जानकारी दी। उन्होंने राज्य में ईको टूरिज्म के विकास की संभावनाओं, जलाशयों एवं डैम के आसपास पर्यटकीय सुविधाओं के विकास, पौधारोपण तथा पर्वतीय एवं वन क्षेत्रों में पर्यावरण अनुकूल पर्यटन को बढ़ावा देने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में बांका के ओढनी डैम, मुंगेर के खड़गपुर डैम, नवादा के ताराकोल डैम तथा मुंगेर के जालकुंड डैम के आसपास इको-टूरिज्म एवं पर्यटकीय सुविधाओं के विकास के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही



खड़गपुर डैम के पास इको-टूरिज्म के लिए आवश्यक अवसंरचना विकसित करने तथा पर्यटकों के आकर्षण के लिए 'ग्लास रूम' के निर्माण की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन स्थानों पर ईको टूरिज्म के विकास के लिए पर्याप्त सरकारी भूमि उपलब्ध नहीं है वहां आवश्यकतानुसार भूमि का क्रय/अधिग्रहण कर पीपीपी मोड (जन-निजी भागीदारी) पर इको टूरिज्म की योजनाएं विकसित की जाय। उन्होंने ताराकोल डैम एवं जालकुंड डैम के आसपास इको टूरिज्म के विकास के लिए आवश्यक भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में भी कार्रवाई करने तथा कसरैया धार (खगड़िया) को ईको टूरिज्म स्थल के रूप में विकसित करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने राज्य के बड़े तालाबों एवं जलाशयों के चारों तरफ व्यापक स्तर पर पौधारोपण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राज्य में पौधारोपण का जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उसे जल्द से जल्द पूर्ण करायें। राज्य के हरित आवरण क्षेत्र को बढ़ाना है। मुख्यमंत्री ने पहाड़ी एवं पर्वतीय क्षेत्रों में ईको टूरिज्म विकसित करने पर विशेष जोर दिया।

# प्रीता वर्मा ही रहेंगी बिहार की डीजीपी, गृह विभाग ने जारी की नई अधिसूचना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार पुलिस की कमान फिलहाल प्रीता वर्मा के हाथों में ही रहेगी। गृह विभाग ने सोमवार, 5 अक्टूबर 2026 को जारी आदेश में 1991 बैच की आईपीएस अधिकारी प्रीता वर्मा को मिला बिहार के पुलिस महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार अगले आदेश तक बढ़ा दिया है। बिहार सरकार के गृह विभाग की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि 15 सितंबर 2026 के विभागीय आदेश के तहत प्रीता वर्मा को बिहार के पुलिस महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। अब इस अतिरिक्त प्रभार को अगले आदेश तक विस्तारित कर दिया गया है। यानी 5 अक्टूबर को पहले तय की गई समय सीमा खत्म होने के बाद भी प्रीता वर्मा बिहार पुलिस की कमान संभालती रहेंगी। प्रीता वर्मा बिहार गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवाएं की महानिदेशक-सह-



महासमादेष्टा हैं। डीजीपी का अतिरिक्त प्रभार मिलने के बाद वह अपनी मौजूदा जिम्मेदारी के साथ बिहार पुलिस मुख्यालय का कामकाज भी देख रही हैं। गृह विभाग के नए आदेश में भी उनके इसी पद का उल्लेख करते हुए पुलिस महानिदेशक, बिहार का अतिरिक्त प्रभार अगले आदेश तक जारी रखने की बात कही गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### नकली सिगरेट फैक्ट्री का भंडाफोड़

**मुजफ्फरपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मुशहरी थाना क्षेत्र के माधोपुर चौड़ में ईंट-भट्ठे की आड़ में चल रही नकली सिगरेट फैक्ट्री का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। एक नामी कंपनी आईटीसी की शिकायत और गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने यहां छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान विभिन्न कंपनियों के नाम से तैयार की गई नकली सिगरेट, सिगरेट बनाने की मशीन आदि बरामद की गई है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि फैक्ट्री में नकली सिगरेट का निर्माण कब से किया जा रहा था।

### विकास मित्र की गोली मारकर हत्या

**गयाजी(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के डेल्हा थाना क्षेत्र के बैरागी महादेव स्थान बगीचा के पास रविवार रात अपराधियों ने विकास मित्र शंकर मांझी की गोली मारकर हत्या कर दी। शंकर अपनी पत्नी कविता देवी के साथ जनता कॉलोनी से ईसा मसीह की प्रार्थना में शामिल होकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान घात लगाए अपराधियों ने उन्हें निशाना बना लिया। पत्नी से करीब 10 कदम आगे चल रहे शंकर पर ताबड़तोड़ फायरिंग की गई। गोली लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई।

### फर्जी डिग्री से नौकरी कर रहा शिक्षक गिरफ्तार

**जमुई(नबिटा ब्यूरो)।** जिस बीएड की डिग्री के सहारे शिक्षक की नौकरी हासिल की, जांच में वही डिग्री फर्जी निकल गई। नियोजित शिक्षकों के प्रमाण-पत्रों की जांच कर रहे निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की पड़ताल में यह मामला सामने आया है। इसके बाद पुलिस ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय बाघाखाड़ में पदस्थापित गणित शिक्षक कुमार हरेराम के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

### वकील की गोली मारकर हत्या

**कटिहार(नबिटा ब्यूरो)।** नगर थाना क्षेत्र के कुम्हार टोली, पटेल चौक के पास दिनदहाड़े अधिवक्ता गुड्डू अंसारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। घटना का फुटेज भी सामने आया है जिसमें एक अपराधी अधिवक्ता को गोली मारते हुए दिखाई दे रहा है। बताया जा रहा है कि अपराधी ने बीच बाजार में अधिवक्ता को निशाना बनाया और गोली मारकर मौके से फरार हो गया।

### वाहन की चपेट में आने से दो युवकों की मौत

**मधेपुरा(नबिटा ब्यूरो)।** उदाकिशुनगंज थाना क्षेत्र में एनएच-106 पर सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। मृतकों की पहचान उदाकिशुनगंज थाना क्षेत्र के मधुबन गांव के वार्ड-8 निवासी राजेश कुमार शर्मा के बेटे उदय शर्मा और सिंकेद्र शर्मा के बेटे नवीन कुमार के रूप में हुई है।

# चिकित्सा क्षेत्र में तीन वैज्ञानिकों को मिला नोबेल पुरस्कार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** वर्ष 2023 के लिए नोबेल पुरस्कार की घोषणा शुरू हो गई। फिजियोलॉजी या मेडिसिन के नोबेल पुरस्कार के लिए कार्ल डाइसेरोथ, पीटर हेगेमैन और जॉर्ज नागेल को संयुक्त रूप से चुना गया है। तीनों वैज्ञानिकों को प्रकाश से नियंत्रित होने वाले आयन चैनलों और ऑप्टोजेनेटिक्स से जुड़ी खोजों के लिए यह सम्मान दिया गया है। उनकी खोज ने वैज्ञानिकों को यह समझने में नई मदद दी कि दिमाग की खास तंत्रिका कोशिकाएं यादों, भावनाओं और व्यवहार को किस तरह प्रभावित करती हैं। ऑप्टोजेनेटिक्स ऐसी वैज्ञानिक तकनीक है जिसमें प्रकाश की मदद से तंत्रिका कोशिकाओं को नियंत्रित किया जाता है। इसकी नींव पीटर हेगेमैन और जॉर्ज नागेल के काम से पड़ी। दोनों ने एक कोशिका वाले शैवाल क्लैमाइडोमोनास पर अध्ययन किया। उन्होंने इसकी सतह पर चैनलरोडॉप्सिन नाम का एक प्रोटीन खोजा। नीली रोशनी पड़ने पर यह प्रोटीन एक चैनल खोलता है। इसके जरिए आवेशित कण अंदर-बाहर होते हैं और विद्युत संकेत पैदा होता है। कार्ल डाइसेरोथ ने चैनलरोडॉप्सिन से जुड़ी खोज को तंत्रिका कोशिकाओं पर इस्तेमाल किया। उन्होंने इस प्रोटीन का जीन चूहे की तंत्रिका कोशिकाओं में पहुंचाया। इसके बाद जब इन कोशिकाओं पर नीली रोशनी डाली गई तो उनमें तंत्रिका संकेत पैदा किया जा सका। डाइसेरोथ ने 2005 में इस महत्वपूर्ण सफलता को प्रकाशित किया। इसके दो साल बाद उन्होंने यह भी दिखाया कि प्रकाश से नियंत्रित किया जाने वाला यह स्विच जीवित चूहों के दिमाग में भी काम कर सकता है।

# शांतिपूर्ण तरीके से दुर्गा पूजा को संपन्न कराना सर्वोच्च प्राथमिकता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** दुर्गा पूजा एवं दशहरा के मद्देनजर बिहार में सांप्रदायिक सौहार्द, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा के लिए मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत एवं पुलिस महानिदेशक प्रीता वर्मा की संयुक्त अध्यक्षता में सभी प्रमंडलीय आयुक्तों, जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों के साथ एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में गृह विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार, महानिदेशक (अभियान एवं विशेष शाखा) कुंदन कृष्णन एवं अपर पुलिस महानिदेशक (विधि व्यवस्था) के. सुहिता अनुपम भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान गृह विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार ने एक विस्तृत प्रस्तुतिकरण दी जिसमें पर्व अवधि (11 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2026) के दौरान राज्य के सभी 40 जिलों (38 प्रशासनिक एवं 2 पुलिस जिलों) हेतु विशेष प्रशासनिक व सुरक्षा दिशा-निर्देश जारी किए गए। मुख्य सचिव प्रत्यय



अमृत ने निर्देश दिया कि दुर्गा पूजा एक बड़ा त्योहार है, इसलिए इसे पूरी तरह सुरक्षित और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सख्त निर्देश दिया कि महिला एवं बाल सुरक्षा सर्वोपरि होनी चाहिए। कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले किसी भी असामाजिक तत्व को किसी भी सूरत में बख्शा या माफ नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने पूरे राज्य में डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध लागू करने का कड़ा निर्देश दिया। पुलिस महानिदेशक प्रीता वर्मा ने पुलिस की दृश्यता बढ़ाने पर जोर देते हुए सभी पुलिस अधीक्षकों को उपलब्ध संसाधनों का अनुकूलतम उपयोग करने और रणनीतिक व प्रमुख संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शांति समितियों की बैठकों में हर उम्र के लोगों को शामिल किया जाए। उन्होंने सभी स्तरों पर पुलिस कर्मियों की व्यापक ब्रीफिंग सुनिश्चित करने, जिला अग्निशमन अधिकारियों द्वारा बड़े पूजा पंडालों का अनिवार्य फायर ऑडिट कराने तथा सोशल मीडिया की कड़ी निगरानी करने के निर्देश दिए। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को लेकर पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में रहेगी। महानिदेशक (अभियान एवं विशेष शाखा) कुंदन कृष्णन ने मूर्ति विसर्जन और विसर्जन जुलूसों की सुरक्षा को लेकर कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखी जाए, शांति समितियों से लगातार संवाद हो और जिला नियंत्रण कक्षों का समय-समय पर औचक निरीक्षण किया जाए। सभी अधिकारी व जवान अपने ड्यूटी स्थलों पर सजगता से मुस्तैद रहें।

# सेप्टिक टैंक में दम घुटने से दो की मौत

**सीतामढ़ी(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बेला थाना क्षेत्र अंतर्गत मुजौलिया गांव में सोमवार को निर्माणाधीन मकान लैट्रिन (सेप्टिक) टैंक का सेंटरिंग खोलने उतरे एक राजमिस्त्री और उसे बचाने गए मजदूर की विषैली गैस की चपेट में आने से दम घुटकर मौत हो गई। इस दर्दनाक घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे इलाके में मातमी सन्नाटा पसर गया। हादसे में जान गंवाने वाले मृतकों की पहचान मुजफ्फरपुर जिले के रामपुर हरी थाना क्षेत्र के बसंत (विशनपुर) गांव निवासी राजमिस्त्री सुरेंद्र दास और बेला थाना क्षेत्र के धनहा गांव निवासी मजदूर राजेश किशोर महतो के रूप में की गई है। बताया गया कि मृतक सुरेंद्र दास पिछले दो-तीन वर्षों से मुजौलिया गांव में ही किराए का मकान लेकर रहता था और स्थानीय स्तर पर ठेकेदारी व मकान निर्माण का काम करता था। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सीतामढ़ी भेज कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।

# सेवा और जनभागीदारी का संदेश लेकर आगे बढ़ रही सेवा संकल्प यात्रा

## पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा- प्रधानमंत्री के 25 वर्षों के सेवा काल को समर्पित है यात्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** वडनगर से वाराणसी तक निकली 'सेवा संकल्प यात्रा' के औरंगाबाद पहुंचने पर पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं-नेताओं ने यात्रा में शामिल सभी अतिथियों का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों के सेवा काल को समर्पित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने सार्वजनिक जीवन में सेवा को सर्वोच्च धर्म माना है और मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री तक की जिम्मेदारी संभालते हुए अंत्योदय के संकल्प को आगे बढ़ाने का प्रयास किया है। श्री सिंह ने कहा कि 'सेवा संकल्प यात्रा' का उद्देश्य प्रधानमंत्री के सेवा कार्यों और जनकल्याण की भावना को समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचाना है। यह यात्रा केवल एक स्थान से दूसरे स्थान तक



जाने का कार्यक्रम नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और सामाजिक भागीदारी का संदेश लेकर आगे बढ़ रही है। पूर्व सांसद ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता गांव-गांव पहुंचकर विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में भाग ले रहे हैं। कार्यकर्ताओं की ओर से स्वच्छता अभियान, रक्तदान, पौधारोपण तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से आम लोगों को सामाजिक सरोकारों से जोड़ने और सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने कहा कि सेवा का वास्तविक अर्थ समाज के जरूरतमंद लोगों तक पहुंचना और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करना है। उन्होंने युवाओं से सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। एमएलसी दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि युवा शक्ति के माध्यम से सेवा गतिविधियों को गांव और पंचायत स्तर तक पहुंचाया जा सकता है। भाजपा नेता सतीश कुमार सिंह ने बताया कि वडनगर से शुरू हुई यात्रा विभिन्न क्षेत्रों से गुजरते हुए औरंगाबाद पहुंची है। यात्रा के माध्यम से सेवा और जनकल्याण के संदेश को व्यापक स्तर पर पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

# रिश्वत लेते हेड पोस्ट ऑफिस का ओवरसियर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** भोजपुर में भ्रष्टाचार के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आरा हेड पोस्ट ऑफिस के ओवरसियर पुरुषोत्तम कुमार को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। सीबीआई की टीम ने आरोपी को उसके सरकारी आवास से गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान आरोपी ने सीबीआई की टीम को देखते ही रिश्वत की रकम बाहर फेंक दी लेकिन टीम ने उसे मौके पर ही दबोच लिया। मिली जानकारी के अनुसार उदवंतनगर प्रखंड के छोटी सासाराम स्थित उप डाकघर में पदस्थ ग्रामीण डाक सेवक (जीडीएस) से सरकारी काम कराने और फाइल पर हस्ताक्षर कराने के एवज में ओवरसियर द्वारा 10 हजार रुपये रिश्वत की मांग की गई थी। लगातार रिश्वत की मांग से परेशान ग्रामीण डाक सेवक ने इसकी शिकायत सीबीआई से की। शिकायत मिलने के बाद सीबीआई ने मामले की जांच और शिकायत की सत्यता का सत्यापन कराया। इसके बाद आरोपी को रंगे हाथ पकड़ने के लिए ट्रैप की कार्रवाई की योजना बनाई गई। शिकायतकर्ता ग्रामीण डाक सेवक आरोपी ओवरसियर के सरकारी आवास पर पहुंचा और उसे 10 हजार रुपये दिए। जैसे ही रिश्वत की रकम देने की प्रक्रिया पूरी हुई, पहले से निगरानी कर रही सीबीआई की टीम ने मौके पर कार्रवाई शुरू कर दी है।




# राजस्व न्यायालयों में नहीं होगा ऑफलाइन काम : सचिव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव जय सिंह ने स्पष्ट किया है कि विभाग की ऑनलाइन व्यवस्था के बावजूद किसी भी स्तर पर ऑफलाइन कार्य स्वीकार नहीं किया जाएगा। राजस्व मामलों में ऑफलाइन प्रक्रिया अपनाए जाने की शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारी या कर्मचारी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारियों को कानून और नियमों की जानकारी के साथ विभाग की ऑनलाइन सेवाओं, डिजिटल रिकॉर्ड और डेटा स्ट्रक्चर की भी पूरी समझ होनी चाहिए। राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर, पटना में सोमवार से नवपदस्थापित अपर समाहर्ताओं (एडीएम) और भूमि सुधार उप समाहर्ताओं (डीसीएलआर) के लिए पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम शुरू हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभिक सत्र को संबोधित करते हुए जय सिंह ने अधिकारियों को राजस्व न्यायालयों के संचालन, आदेश पारित करने की प्रक्रिया, ऑनलाइन सेवाओं और अंचल स्तर पर कार्यों की निगरानी को लेकर दिशा-निर्देश दिए। जय सिंह ने कहा कि डीसीएलआर का अधिकांश कार्य विभिन्न मामलों में आदेश पारित करने से संबंधित होता है। ऐसे में अधिकारियों को अपने-अपने अंचलों में सबसे अधिक आने



वाले मामलों का गहन अध्ययन करना चाहिए। किसी मामले में आदेश पारित करने से पहले यदि किसी बिंदु पर स्पष्टता की आवश्यकता हो तो वरीय अधिकारियों से सलाह लें। उन्होंने राजस्व से संबंधित कानूनों और नियमों में विशेषज्ञता हासिल करने के लिए नियमित अध्ययन और मेहनत करने की सलाह दी। सचिव ने कहा कि राज्य के सभी राजस्व न्यायालयों का फिजिकल वेरिफिकेशन शुरू किया जाएगा। इसके लिए अधिकारियों को न्यायालयों में संचालित मामलों, रिकॉर्ड और प्रक्रिया की पूरी जानकारी रखनी होगी। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निष्पादन के लिए विभाग की ऑनलाइन सेवाओं और उनकी पूरी प्रक्रिया की जानकारी अधिकारियों के लिए आवश्यक है। उन्होंने विभाग के डेटा स्ट्रक्चर को समझने पर भी जोर दिया। अधिकारियों को यह जानकारी होनी चाहिए कि विभागीय सिस्टम में किस प्रकार का डेटा उपलब्ध है वह कहां से प्राप्त होगा और उसका उपयोग किस प्रकार किया जा सकता है। जय सिंह ने सभी नवपदस्थापित अधिकारियों को अपने-अपने अंचलों में नियमित बैठक करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अधिकारी निर्धारित शेड्यूल बनाकर अंचल अधिकारी, अमीन और राजस्व कर्मचारियों के साथ बैठक करें। उनसे राजस्व मामलों की स्थिति, कार्यों में आ रही समस्याओं और जमीनी स्तर की वास्तविक स्थिति की जानकारी लें। उन्होंने कहा कि प्रभावी राजस्व प्रशासन के लिए अधिकारियों का कानून, राजस्व अभिलेख, डिजिटल व्यवस्था और जमीनी स्तर की कार्यप्रणाली से पूरी तरह परिचित होना आवश्यक है। इसके लिए अधिकारियों को कार्यालयी कार्यों के साथ-साथ क्षेत्र का भ्रमण भी करना चाहिए। सचिव ने अधिकारियों को आम जनता से सीधे संवाद स्थापित करने और उनकी समस्याओं को समझने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि समस्याओं का समाधान निर्धारित समय सीमा में सुनिश्चित किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में राजस्व प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य दिव्य राज गणेश, विशेष सचिव (सेवानिवृत्त) राधामोहन प्रसाद, सहायक निदेशक-सह-जनसंपर्क पदाधिकारी जूही कुमारी समेत कई अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिला अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं एवं सर्जरी प्रदर्शन को लेकर स्वास्थ्य सचिव ने की राज्यस्तरीय समीक्षा

# स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने का मंत्री ने दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** राज्य के जिला अस्पतालों में मरीजों को सुलभ, त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सोमवार को स्वास्थ्य विभाग के सचिव श्री कुमार रवि ने विभाग के डिजिटल कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से सभी जिलों के स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश के आलोक में अनावश्यक रेफरल में कमी लाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों तथा जिलों में रेफरल व्यवस्था की वर्तमान स्थिति की भी विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में बीएमएसआईसीएल के प्रबंध निदेशक सुब्रत कुमार सेन, स्वास्थ्य विभाग के वरीय अधिकारी, सभी जिलों के सिविल सर्जन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, अस्पताल उपाधीक्षक, अस्पताल प्रबंधक, इमरजेंसी प्रभारी एवं विशेषज्ञ चिकित्सक शामिल हुए। बैठक के दौरान जिला अस्पतालों के समग्र प्रदर्शन, आईपीडी में मरीजों के दाखिले, ईएचआर लिंकेज, एक्सीडेंट एंड इमरजेंसी सेवाओं, विभागवार एवं जिलावार सर्जरी, आयुष्मान भारत योजना की प्रगति, रेफरल व्यवस्था तथा चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता और उपयोग की विस्तार से समीक्षा की गई। समीक्षा में बताया गया कि सितंबर 2026 में राज्य के जिला अस्पतालों में कुल 49,450 मरीज आईपीडी में भर्ती हुए। जून में यह संख्या 26,443 और जुलाई में 36,680 थी जबकि अगस्त में 49,973 मरीज भर्ती हुए थे। इससे स्पष्ट है कि जिला अस्पतालों में आईपीडी सेवाओं का उपयोग लगातार बढ़ रहा है। सितंबर में आईपीडी दाखिले के मामले में मधेपुरा 8,037 मरीजों के साथ पहले स्थान पर रहा। इसके बाद बांका में 2,488, मुंगेर में 2,327, अररिया में 2,065 और सहरसा में 1,709 मरीज भर्ती हुए। वहीं जहानाबाद, शिवहर, भागलपुर, जमुई और नवादा में आईपीडी दाखिले अपेक्षाकृत कम पाए गए।

मरीजों के स्वास्थ्य रिकॉर्ड को डिजिटल रूप से जोड़ने की भी समीक्षा की गई। सितंबर में पूरे राज्य में 4,413 ईएचआर लिंक किए गए। मधेपुरा में सर्वाधिक 1,787 रिकॉर्ड लिंक हुए। इसके बाद अररिया, पटना, गोपालगंज और वैशाली का प्रदर्शन बेहतर रहा। दूसरी ओर कटिहार में एक भी रिकॉर्ड लिंक नहीं होने तथा सहरसा, सिवान, सुपौल और सारण में बहुत कम प्रगति पर स्वास्थ्य सचिव ने नाराजगी जताते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए। सितंबर माह में जिला अस्पतालों के एक्सीडेंट एंड इमरजेंसी विभागों में कुल 2,05,566 मरीजों का पंजीकरण हुआ। भोजपुर में सर्वाधिक 16,570 मरीजों ने इमरजेंसी सेवा प्राप्त की। इसके बाद सिवान, अररिया, वैशाली और मधेपुरा का स्थान रहा। वहीं लखीसराय, शेखपुरा, सहरसा, कटिहार और पटना में इमरजेंसी पंजीकरण अपेक्षाकृत कम दर्ज किया गया। स्वास्थ्य सचिव ने निर्देश दिया कि जिला अस्पतालों में 247 इमरजेंसी सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और मरीजों को समय पर आवश्यक जांच एवं उपचार मिले। बैठक में जून से सितंबर 2026 के बीच जिला अस्पतालों में विभिन्न विभागों में हुई सर्जरी की भी समीक्षा की गई। प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग में सर्जरी की संख्या जून के 2,156 से बढ़कर सितंबर में 6,131 हो गई। जनरल सर्जरी में यह संख्या 174 से बढ़कर 1,420 तथा ऑर्थोपेडिक्स में 25 से बढ़कर 1,408 हो गई। सितंबर में ईएनटी की 300, नेत्र रोग की 222 तथा दंत रोग से संबंधित 224 सर्जरी भी की गईं। जिला अस्पतालों में सर्जरी की संख्या में लगातार उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। जून में 2,428 सर्जरी हुई थीं, जो जुलाई में बढ़कर 5,650, अगस्त में 8,209 और सितंबर में 9,705 हो गईं। इस प्रकार जून की तुलना में सितंबर में सर्जरी की संख्या लगभग चार गुना बढ़ी है।

## हिमालया बेबीकेयर ने गोल्डन गिफ्ट पैक कॉन्टेस्ट के विजेताओं की घोषणा की

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** डॉक्टरों द्वारा अनुशंसित नंबर 1 ब्रांड, हिमालया बेबीकेयर ने अपने गोल्डन गिफ्ट पैक कॉन्टेस्ट के विजेताओं की घोषणा की है। कॉन्टेस्ट में उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम भारत से कुल 12 विजेताओं को चुना गया। इनमें चार विजेताओं को 1-1 लाख रुपये मूल्य का सोना और आठ विजेताओं को 10-10 हजार रुपये के सिल्वर वाउचर प्रदान किए गए जिन्हें तनिष्क या कल्याण के कॉइन्स के रूप में प्राप्त किया जा सकता है। हिमालया बेबी गोल्डन गिफ्ट पैक को खास गोल्ड-एडिशन गिफ्ट पैक के तौर पर पेश किया गया था। इसके जरिए ग्राहकों को 'हिमालया गोल्डन मोमेंट्स प्रोग्राम' में हिस्सा लेने का अवसर मिला। प्रतिभागियों को पैक के अंदर मौजूद लीफलेट को स्क्रैच कर यूनिक कोड प्राप्त करना, क्यूआर कोड स्कैन करना और अपने बच्चे के साथ बिताई अनमोल याद को अपलोड करना था। सभी प्रतिभागियों को 500 रुपये मूल्य की माय बेबी एन्ड मी ई-बुक निःशुल्क दी गई।

## गेंदा खेती से बढ़ेगी किसानों की आय, 40 हजार रुपये तक अनुदान : विजय सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** राज्य में गेंदा फूल की खेती को बढ़ावा देने और किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से उद्यान निदेशालय ने गेंदा फूल उत्पादन एवं प्रसंस्करण योजना शुरू की है। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि योजना के माध्यम से गेंदा फूल की खेती को क्लस्टर आधारित स्वरूप देने के साथ परिवहन, प्रसंस्करण और विपणन को बढ़ावा दिया जाएगा। योजना के तहत 25 हेक्टेयर क्षेत्रफल का क्लस्टर बनाया जाएगा जो एक पंचायत या दो समीपवर्ती पंचायतों में होगा। इसमें रबी और खरीफ मौसम में गेंदा फूल की खेती कराई जाएगी। योजना के लिए आवेदन 15 सितंबर से शुरू हो चुका है और 31 दिसंबर 2026 तक किया जा सकता है। गेंदा फूल की खेती के लिए 80 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर इकाई लागत निर्धारित है, जिस पर 50 प्रतिशत यानी अधिकतम 40 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर अनुदान मिलेगा। एक किसान न्यूनतम 0.1 और अधिकतम दो हेक्टेयर तक लाभ ले सकता है। किसान के पास भूमि उपलब्ध होना जरूरी है। अपनी भूमि नहीं होने पर निर्धारित एकरारनामा के आधार पर भी लाभ लिया जा सकता है। भूमि दस्तावेज में नाम स्पष्ट नहीं होने पर वंशावली देनी होगी। गेंदा फूल के परिवहन के लिए मालवाहक वाहन खरीद पर भी 50 प्रतिशत तक अनुदान मिलेगा। वाहन की अधिकतम मान्य लागत 3.25 लाख रुपये होगी। अनुदान वास्तविक कीमत या 3.25 लाख रुपये, जो कम हो, उस पर मिलेगा। आवेदन के साथ वाहन का कोटेशन, जमीन के कागजात और खेती संबंधी एकरारनामा अपलोड करना होगा। भूमि स्वामित्व प्रमाण-पत्र तथा भूमिहीन किसानों के लिए एकरारनामा आवश्यक दस्तावेज हैं।

## पांच सूत्री मांगों को लेकर रिटेल फर्टिलाइजर एंड फार्मर्स वेलफेयर फाउंडेशन ने किया धरना-प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** गर्दनीबाग में सोमवार को रिटेल फर्टिलाइजर एंड फार्मर्स वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में खुदरा विक्रेताओं की विभिन्न समस्याओं एवं पांच सूत्री मांगों को लेकर विशाल एकदिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस मौके पर फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष राजीव रंजन के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उर्वरक विक्रेताओं ने अपनी समस्याओं को सरकार एवं संबंधित विभाग के समक्ष मजबूती से रखा। धरना के क्रम में फाउंडेशन ने सरकार के समक्ष अपनी पांच सूत्री मांगों को रखा जिसमें एफओआर के तहत उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठान तक सरकारी दर पर उर्वरक की आपूर्ति सुनिश्चित करने, उर्वरक अनुज्ञप्ति के साथ अन्य कृषि उत्पादों के होल्डिंग- व्यवसाय को लेकर खुदरा विक्रेताओं को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं किया जाए और उन्हें उचित राहत देने, सभी कंपनियों द्वारा ब्लॉक स्तर के विक्रेताओं के समक्ष निर्धारित उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करने सहित शामिल हैं। फाउंडेशन के अध्यक्ष राजीव रंजन ने कहा कि खुदरा उर्वरक विक्रेता किसानों तक खाद-बीज एवं कृषि सामग्री पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं परंतु वर्तमान व्यवस्था में उन्हें लगातार कई तरह की व्यावहारिक एवं आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है बावजूद सरकार एवं संबंधित कंपनियों द्वारा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए अपेक्षित कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। कहा कि फाउंडेशन का उद्देश्य सरकार के खिलाफ जाना नहीं बल्कि खुदरा उर्वरक विक्रेताओं की जायज समस्याओं का समाधान कराकर किसानों और विक्रेताओं के हित में बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित कराना है। कहा कि अगर सरकार द्वारा इन मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आगे राज्यव्यापी आंदोलन को और व्यापक रुप देने के लिए बाध्य होगा।

## खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं : आर. दुरैस्वामि



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भारतीय जीवन बीमा निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबन्ध निदेशक आर. दुरैस्वामि ने आज बेंगलुरू स्थित श्री कांतीरवा स्टेडियम में 'अखिल भारतीय एलआईसी खेल 2026-27' का उद्घाटन किया। अखिल भारतीय एलआईसी खेल भारतीय जीवन बीमा निगम का वार्षिक खेलकूदों का आयोजन है, जो चार दिनों की अवधि के लिए आयोजित किया जा रहा है। इन खेल प्रतियोगिताओं में छः खेल विधाएं सम्मिलित हैं जिनमें कैरम, शतरंज, टेबल टेनिस, बैंडमिंटन, वॉलीबॉल तथा एथलेटिक्स का समावेश है। उद्घाटन समारोह में एस. गिरिजा, कार्यकारी निदेशक, प्रदीप पी. शेणै, कार्यकारी निदेशक (निगमित संप्रेषण), लता माडम्पत्त, कार्यकारी निदेशक (कार्मिक), सरवना रमेश एस., क्षेत्रीय प्रबन्धक, दक्षिण-मध्य क्षेत्र तथा आर.के.यादव, वरिष्ठ मण्डल प्रबन्धक, बेंगलुरू मण्डल उपस्थित थे।

## राजस्व न्यायालयों में ऑफलाइन काम नहीं होगा, शिकायत मिली तो होगी कार्रवाई : सचिव

### डीसीएलआर अपने अंचल में आने वाले प्रमुख मामलों का करें गहन अध्ययन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव जय सिंह ने स्पष्ट किया है कि विभाग की ऑनलाइन व्यवस्था के बावजूद किसी भी स्तर पर ऑफलाइन कार्य स्वीकार नहीं किया जाएगा। राजस्व मामलों में ऑफलाइन प्रक्रिया अपनाए जाने की शिकायत मिलने पर संबंधित के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारियों को कानून और नियमों की जानकारी के साथ विभाग की ऑनलाइन सेवाओं, डिजिटल रिकॉर्ड और डेटा संरचना की भी पूरी समझ होनी चाहिए। राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर, पटना में सोमवार से नवपदस्थापित अपर समाहर्ताओं एवं भूमि सुधार उप समाहर्ताओं के लिए पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम शुरू हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभिक सत्र को संबोधित करते हुए सचिव श्री सिंह ने अधिकारियों को राजस्व न्यायालयों के संचालन, आदेश पारित करने की प्रक्रिया, ऑनलाइन सेवाओं और अंचल स्तर पर कार्यों की निगरानी को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डीसीएलआर का अधिकांश कार्य विभिन्न मामलों में आदेश पारित करने से संबंधित होता है। इसलिए अधिकारियों को अपने-अपने अंचलों में सबसे अधिक आने वाले मामलों का गहन अध्ययन करना चाहिए। किसी मामले में आदेश पारित करने से पहले यदि किसी बिंदु पर स्पष्टता की आवश्यकता हो तो वरीय अधिकारियों से सलाह लें। उन्होंने अधिकारियों को राजस्व से संबंधित कानूनों और नियमों में विशेषज्ञता हासिल करने के लिए नियमित अध्ययन और मेहनत करने की सलाह दी। सचिव ने कहा कि राज्य के सभी राजस्व न्यायालयों का फिजिकल वेरिफिकेशन शुरू किया जाएगा।

## लोकतंत्र नहीं बचेगा तो चुनाव का क्या मतलब : तेजस्वी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि लोकतंत्र को बचाने के लिए महागठबंधन की ओर से बिहार में आंदोलन चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब लोकतंत्र ही नहीं बचेगा तो चुनाव का क्या मतलब रह जाएगा। सोमवार को पोलो रोड स्थित आवास पर महागठबंधन के नेताओं के साथ बैठक के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने आंदोलन की रूपरेखा की जानकारी दी। तेजस्वी यादव ने कहा कि दिल्ली में हुई महागठबंधन की बैठक में लिए गए निर्णय के तहत चुनाव आयोग के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन का कार्यक्रम तय किया गया है। इसी क्रम में 6 अक्टूबर को नई दिल्ली में चुनाव आयोग के समक्ष लोकसभा और राज्यसभा के सांसदों की ओर से लोकतंत्र बचाओ मार्च निकाला जाएगा। वहीं, बिहार में 7 अक्टूबर को सभी प्रखंड मुख्यालयों पर आक्रोश मार्च और 8 अक्टूबर को सभी जिला मुख्यालयों पर धरना दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 8 अक्टूबर को पटना में उनके नेतृत्व में विधायक, विधान पार्षद और महागठबंधन के नेता शहीद स्मारक स्थल से राजभवन तक लोकतंत्र बचाओ मार्च निकालेंगे। इसके अलावा राष्ट्रपति से मिलने का समय मांगा गया है। समय मिलने पर महागठबंधन के नेता राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपकर चुनाव आयोग से संबंधित अपनी शिकायतों से अवगत कराएंगे। तेजस्वी यादव ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव आयोग के कामकाज को लेकर विपक्ष लगातार सवाल उठाता रहा है।

## दारोगा परीक्षा रद्द, हाथ में तिरंगा और जुबान पर नारे लगाते सड़कों पर उतरे अभ्यर्थी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार पुलिस दारोगा भर्ती परीक्षा रद्द किए जाने के बाद अभ्यर्थियों का विरोध लगातार तेज होता जा रहा है। सोमवार को पटना में बड़ी संख्या में अभ्यर्थी सड़क पर उतर आए। गर्दनीबाग में चल रहे धरना-प्रदर्शन के बीच प्रदर्शनकारियों ने गांधी मैदान से जेपी गोलंबर तक मार्च निकाला। हाथों में तिरंगा, बैनर और पोस्टर लिए अभ्यर्थी परीक्षा रद्द किए जाने के फैसले के खिलाफ नारे लगाते हुए आगे बढ़े। प्रदर्शनकारी गांधी मैदान में जुटे और वहां से जेपी गोलंबर की तरफ बढ़े। उनके हाथों में तिरंगा था और वे अपनी मांगों को लेकर लगातार नारेबाजी कर रहे थे। कई पोस्टरों पर भर्ती प्रक्रिया और संबंधित आयोग के खिलाफ नारे लिखे थे। अभ्यर्थियों का कहना है कि परीक्षा रद्द होने से उनके सामने फिर से अनिश्चितता की स्थिति पैदा हो गई है। उनका कहना है कि वे लंबे समय से इस भर्ती की तैयारी कर रहे थे और परीक्षा रद्द होने के बाद उनकी परेशानी बढ़ गई है। मार्च जब जेपी गोलंबर के पास पहुंचा तो पुलिस ने बैरिकेडिंग कर दी। प्रदर्शनकारियों को आगे जाने से रोकने के लिए मौके पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया। अधिकारियों ने अभ्यर्थियों से शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करने की अपील भी की। सुरक्षा व्यवस्था के तहत पुलिस के साथ आरएएफ के जवानों को भी लगाया गया है। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए हैं।

## मुजफ्फरपुर, गया, पूर्णिया समेत नौ शहरों में बनेंगे आधुनिक बस टर्मिनल, मिलेंगी एयरपोर्ट जैसी सुविधाएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में दिल्ली-मुंबई जैसे महानगरों की तर्ज पर विश्वस्तरीय बस टर्मिनल बनाने की योजना अब धरातल पर उतरने जा रही है। इस संबंध में मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक में 9 जिलों के बस डिपो के डिजाइन को मंजूरी दे दी गई है। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम (बीएसआरटीसी) के अनुसार जिन 9 स्थानों के डिजाइन को हरी झंडी मिली है, उनमें मुजफ्फरपुर, गया, बिहारशरीफ, राजगीर, दरभंगा, पूर्णिया, मोतिहारी, तारापुर और मुंगेर जिले शामिल हैं। मंजूरी के बाद अब जल्द ही आरएफपी तैयार कर निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इन नए बस टर्मिनलों को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। यहां वातानुकूलित प्रतीक्षालय, डिजिटल डिस्प्ले सूचना प्रणाली, स्वच्छ पेयजल, आधुनिक शौचालय, पर्याप्त पार्किंग, यात्री सहायता केंद्र, दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष सुविधाएं, सुरक्षा व्यवस्था, एटीएम, दीदी की रसोई और ई-वाहन चार्जिंग स्टेशन जैसी व्यवस्थाएं होंगी। निगम ने आगे बताया कि प्रस्तावित पांच मंजिला टर्मिनलों के ग्राउंड फ्लोर पर बसों की पार्किंग और वर्कशॉप की व्यवस्था होगी जबकि ऊपरी तलों पर निगम का कार्यालय, कैफेटेरिया, दुकानें, एसी एवं नॉन एसी वेटिंग रूम, बस चालकों और संवाहकों के लिए डॉर्मेटरी, गेस्ट रूम, महिला फीडिंग रूम, बैंक्वेट हॉल, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, होटल और एंटरटेनमेंट जोन विकसित किए जाएंगे।

## इएसआइसी बिहटा चिकित्सा शिक्षा के साथ-साथ उत्कृष्ट स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल बिहटा, पटना के कालेज ऑडिटोरियम में नए शैक्षणिक सत्र के एमबीबीएस छात्रों के स्वागत और मागदर्शन के लिए एक दिवसीय ओरिएन्टेशन प्रोग्राम का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नए छात्र-छात्राओं को चिकित्सा शिक्षा के पाठ्यक्रम, नियमों, अनुशासन और एक आदर्श डॉक्टर बनने की यात्रा से अवगत कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, सी. ए. निरंजन कुमार, क्षेत्रीय निदेशक एवं संस्थान के डीन और वरिष्ठ संकाय सदस्यों द्वारा पारंपरिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। संस्थान के डीन ने अपने स्वागत भाषण में नए छात्रों और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि चिकित्सा एक पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंनें छात्रों को कड़ी मेहनत, समर्पण और नैतिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि ईएसआईसी बिहटा चिकित्सा शिक्षा के साथ-साथ उत्कृष्ठ स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। क्षेत्रीय निदेशक ने कर्मचारी राज्य बीमा निगम का देश में सामाजिक सुरक्षा में योगदान के संबंध में सभी को अवगत कराते हुए बीमित श्रमिकों को करूणा एवं संवेदनशीलता के साथ ईलाज हेतु प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंनें ई0एस0आई0सी0 के अन्तर्गत अन्य नकद लाभ से संबंधित योजना के बारे में भी जानकारी प्रदान की।

## 871 कुशल युवा संचालकों को मिलेगा 'डिजिटल मित्र' केंद्र, छह से ऑनलाइन आवेदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** सात निश्चय-3 के निश्चय-1 'दोगुना रोजगार-दोगुना आय' के तहत कुशल युवा कार्यक्रम (डिजिटल मित्र) को विस्तार दिया जा रहा है। इसके तहत सात निश्चय-2 की अवधि समाप्त होने के समय कार्यरत रहे 871 कुशल युवा कार्यक्रम संचालकों को प्रथम चरण में एक-एक कुशल युवा कार्यक्रम (डिजिटल मित्र) केंद्र आवंटित किया जाएगा। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 6 अक्टूबर 2026 से शुरू होगी। युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के अनुसार कुशल युवा कार्यक्रम (डिजिटल मित्र) के संचालन को मंत्रिपरिषद ने 12 अगस्त 2026 को स्वीकृति दी थी। इसके बाद बिहार कौशल विकास मिशन की ओर से 19 अगस्त 2026 को जारी स्वीकृत्यादेश के तहत केंद्रों के संचालन की प्रक्रिया निर्धारित की गई है। संचालकों को बिहार वित्त (संशोधित) नियमावली-2024 के तहत नामांकन एवं बिहार कौशल विकास मिशन के शासी निकाय की ओर से निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप केंद्र संचालन की स्वीकृति दी गई है। प्रथम चरण में सात निश्चय-2 की अवधि समाप्त होने के समय कार्यरत सभी 871 संचालकों को एक-एक केंद्र आवंटित किया जाएगा।

## पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग ने पटना जंक्शन का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग द्वारा पटना जं. का निरीक्षण किया। महाप्रबंधक द्वारा प्लेटफॉर्म सं. 01 एवं 10 का एक छोर से दूसरी छोर तक निरीक्षण किया गया तथा यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने सर्कुलेटिंग एरिया, फुट ओवर ब्रिज, टिकट काउंटर, एस्कलेटर आदि का निरीक्षण कर यात्री सुविधा, संरक्षा आदि का जायजा लिया। महाप्रबंधक ने पटना जं. पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत किये जाने वाले स्टेशन पुनर्विकास कार्य की समीक्षा की तथा उच्च गुणवत्तायुक्त निर्माण कार्य एवं उन्नत यात्री सुविधा की उपलब्धता पर विशेष बल देते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक द्वारा प्लेटफॉर्म सं.-10 पर खड़ी पटना-न्यूजलपाईगुड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस का भी निरीक्षण किया गया तथा यात्रियों से संवाद कर उनसे फीडबैक लिये। निरीक्षण के दौरान दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### सहकारिता मंत्री ने की दरभंगा एवं सारण प्रमंडलों की विभागीय योजनाओं की समीक्षा

## धान अधिप्राप्ति, फसल सहायता, गोदाम निर्माण और सहकारी सेवाओं में तेजी लाने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव ने दरभंगा एवं सारण प्रमंडल अंतर्गत धान अधिप्राप्ति की तैयारियों, बिहार राज्य फसल सहायता योजना के लंबित मामलों, गोदाम निर्माण तथा सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को वित्तीय एवं अन्य सेवाएं उपलब्ध कराने की प्रगति की समीक्षा की। मंत्री ने नवंबर माह में धान अधिप्राप्ति प्रारंभ होने के पूर्व खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के साथ समन्वय बैठक कर राज्य खाद्य निगम की भंडारण क्षमता बढ़ाने के लिए प्रयास करने की बात कही। उन्होंने कहा कि अधिप्राप्ति से पूर्व सभी प्रकार की तैयारियां सुनिश्चित कर ली जाय। इस क्रम में भंडारण क्षमता को सुदृढ़ करना एक महत्वपूर्ण प्राथमिकता है। खरीफ विपणन मौसम 2025-26 में दरभंगा प्रमंडल में निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 2,41,105.15 मीट्रिक टन तथा सारण प्रमंडल में 2,49,323.12 मीट्रिक टन धान की अधिप्राप्ति की गई। दोनों प्रमंडलों में लक्ष्य के क्रमशः 99.71 प्रतिशत एवं 99.88 प्रतिशत की उपलब्धि दर्ज की गई। समीक्षा में अधिप्राप्त धान के समतुल्य चावल की राज्य खाद्य निगम को आपूर्ति की स्थिति भी देखी गई। मंत्री ने निर्देश दिया कि आगामी अधिप्राप्ति सत्र के लिए सभी स्तरों पर पूर्व तैयारी सुनिश्चित की जाए तथा अधिप्राप्ति एवं चावल की आपूर्ति से संबंधित कार्यों की नियमित निगरानी की जाए। बिहार राज्य फसल सहायता योजनाः मंत्री ने खरीफ 2025 के अंतर्गत पात्र किसानों के मामलों में क्षेत्रीय निरीक्षण एवं बहुस्तरीय सत्यापन की प्रगति की समीक्षा की।

## बिहार विधान परिषद के पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से राजद प्रत्याशी दिलीप कुमार ने किया नामांकन

### जीतेंगे तो हर प्रखंड में बनाएंगे स्नातक भवन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार विधान परिषद के पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से राजद समर्थित उम्मीदवार दिलीप कुमार उर्फ दिलीप पटेल ने सोमवार को पटना आयुक्त कार्यालय पहुंचकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके बाद दिलीप पटेल ने पटेल सेवा संघ कार्यालय पहुंचकर सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वहीं पटेल सेवा संघ में आयोजित नामांकन सभा में पटेल परिवार के रंजीत पटेल एवं राजेश रंजन के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर सभा को संबोधित करते हुए दिलीप पटेल ने कहा कि अगर चुनाव जीते हैं तो अपने निर्वाचन क्षेत्र के हर प्रखंड में स्नातक भवन तथा हर जिला में स्नातक रोजगार केंद्र की स्थापना करेंगे। उन्होंने कहा युवाओं का विकास उनको सही समय पर रोजगार मिले उनको बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता मिले तथा विश्वविद्यालय में जो 3 साल की डिग्री 4 साल में मिल रही है इसको ससमय करना उनकी प्राथमिकता सूची में होगा।

## केवाइपी के नए प्रारूप को लेकर केंद्र संचालकों में आक्रोश

### 1,731 केंद्रों को पुनः शुरू करने और पुरानी प्रशिक्षण क्षमता बहाल करने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** कुशल युवा कार्यक्रम के पूर्व से संचालित 1,731 केंद्रों को पुनः शुरू करने तथा उनकी पूर्व निर्धारित प्रशिक्षण क्षमता बहाल करने की मांग को लेकर सोमवार को बिहार के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में केंद्र संचालक बिहार कौशल विकास मिशन परिसर, पटना पहुंचे। केंद्र संचालकों ने विभागीय अधिकारियों से वर्तमान स्थिति की जानकारी लेने का प्रयास किया, लेकिन संतोषजनक जानकारी और स्पष्ट निर्णय नहीं मिलने से उनमें नाराजगी देखी गई। इसके बाद केंद्र संचालकों ने सामूहिक रूप से विभाग के अपर मुख्य सचिव नवदीप शुक्ला तथा मिशन निदेशक मनीष शंकर के समक्ष अपनी आपत्तियां और मांगें रखीं तथा जवाब मांगा। केंद्र संचालकों ने कुशल युवा कार्यक्रम में प्रस्तावित बदलाव पर भी गंभीर सवाल उठाए। उनका कहना है कि कार्यक्रम को बदलकर 'कुशल युवा डिजिटल मित्र' के रूप में संचालित करने की तैयारी की जा रही है जिसमें 18 वर्ष की आयु, मैट्रिक या इंटर उत्तीर्ण तथा डेढ़ वर्ष के अनुभव जैसी शर्तें रखी गई हैं। संचालकों के अनुसार ऐसी व्यवस्था से पहले से संचालित केंद्रों के संचालन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। केंद्र संचालकों का कहना है कि पूर्व से संचालित केंद्रों में भवन, कंप्यूटर प्रयोगशाला, उपकरण, इंटरनेट सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं पर संचालकों द्वारा बड़ी राशि का निवेश किया गया है। ऐसे में पुराने केंद्रों की प्रशिक्षण क्षमता कम करने अथवा उनकी जगह नई व्यवस्था लागू करने से केंद्र संचालकों के सामने गंभीर आर्थिक एवं संचालन संबंधी समस्याएं उत्पन्न होंगी।

# मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज आएंगे सासाराम, कई परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन व शिलान्यास

## मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर तैयारियां तेज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का सासाराम आगमन होने जा रहा है। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों की ओर से तैयारियां तेज कर दी गई है। मुख्यमंत्री अपने सासाराम दौरे के दौरान बाईपास सड़क का उद्घाटन करेंगे। सासाराम शहर में लगातार बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए बाईपास सड़क को महत्वपूर्ण परियोजना माना जा रहा है। इसके शुरू होने के बाद शहर के मुख्य मार्गों पर वाहनों का दबाव कम होने तथा आवागमन व्यवस्था में सुधार होने की उम्मीद है। विशेष रूप से भारी वाहनों को शहर के भीड़भाड़ वाले हिस्सों से बाहर निकालने में बाईपास सड़क काफी उपयोगी साबित हो सकती है। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम स्थल और आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, पार्किंग तथा आम लोगों के आवागमन को लेकर आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा एजेंसियां भी सतर्क रहेंगी। बाईपास सड़क के उद्घाटन को लेकर सासाराम और आसपास के लोगों में उत्साह है। लोगों को उम्मीद है कि सड़क के चालू होने से शहर में जाम की समस्या काफी हद तक कम होगी और आवागमन पहले की तुलना में अधिक सुगम होगा। साथ ही क्षेत्र में व्यापारिक एवं आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलने की संभावना जताई जा रही है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के आगमन और बाईपास सड़क के उद्घाटन को लेकर जिला प्रशासन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा क्षेत्र के विकास से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी जानकारी दिए जाने की संभावना है।

## सड़क हादसे में जख्मी की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल पांडेडीह गांव निवासी नवल किशोर तिवारी उर्फ रिंकू तिवारी (40) की सोमवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई और शव गांव पहुंचते ही पूरा माहौल गमगीन हो गया। सबसे मार्मिक दृश्य उस समय सामने आया जब महज 14 वर्षीय बेटे रुद्र तिवारी ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। रुद्र सासाराम के ऑक्सफोर्ड विद्यालय में दसवीं कक्षा का छात्र है। परिजनों के अनुसार नवल किशोर पिछले करीब 15 वर्षों से सासाराम के बेदा में मकान बनाकर परिवार के साथ रह रहे थे और पेट्रोल पंप के समीप गुमटी में जनरल स्टोर चलाकर पत्नी निशा देवी (36), बेटे रुद्र और बेटी नैंसी (16) का भरण-पोषण करते थे, 30 सितंबर की शाम वह अपने मकान से करीब 100 मीटर दूर स्थित दुकान की ओर पैदल जा रहे थे, इसी दौरान तेज रफ्तार अपाचे बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

# एलपीजी वितरक मांगों को लेकर करेंगे अनिश्चितकालीन हड़ताल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन (आई) ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन का ऐलान किया है। एसोसिएशन के अनुसार देशभर की तीनों सार्वजनिक तेल कंपनियों इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड आई ओ सी एल भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड बीपीसीएल और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड एचपीसीएल से जुड़े करीब 26 हजार एलपीजी वितरक आंदोलन में शामिल होंगे। एसोसिएशन कार्यकारी अध्यक्ष उदय शंकर ने डिहरी में प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि 5 अक्टूबर को सभी जिला मुख्यालयों पर कैंडल मार्च निकाला गया। वहीं 6 अक्टूबर को 'नो मनी, नो इंडेंट' कार्यक्रम के तहत कोई भी वितरक कंपनी के खाते में राशि ट्रांसफर नहीं करेगा और न ही गैस का इंडेंट (मांग पत्र) देगा। एसोसिएशन ने बताया कि 26 अक्टूबर को दिल्ली के जंतर-मंतर पर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद भी यदि वितरकों की प्रमुख मांगों पर सरकार और संबंधित तेल कंपनियों द्वारा सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो देशभर के एलपीजी वितरक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के लिए बाध्य होंगे। वितरकों की प्रमुख मांगों में होम डिलीवरी एवं प्रशासनिक शुल्क (कमीशन) में तत्काल 75 रुपये की वृद्धि, एलपीजी उपभोक्ताओं पर पीएनजी लेने की अनिवार्य शर्त संबंधी आदेश को वापस लेना तथा प्रत्येक ई-केवाईसी के लिए 236 रुपये के भुगतान की मांग शामिल है। इसके अलावा एसोसिएशन ने सार्वजनिक तेल कंपनियों के अधिकारियों पर वितरकों के माध्यम से चूल्हा, रबर ट्यूब, फायरबॉल, ट्रॉली, चायपत्ती समेत अन्य उत्पाद जबरन बेचने की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की है। साथ ही आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा-3 का उल्लंघन बताते हुए 5 किलोग्राम और 19 किलोग्राम सिलेंडर की जबरन बिक्री पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई है। एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष उदय शंकर ने प्रधानमंत्री, केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी तथा पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव डॉ. नीरज मित्तल से वितरकों की मांगों पर तत्काल न्यायपूर्ण निर्णय लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मांगें पूरी नहीं होने की स्थिति में वितरकों के पास अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा। इससे देश की जनता को होने वाली असुविधा के लिए भारत सरकार जिम्मेदार होगी।

## मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर यातायात मार्ग निर्धारित, पुलिस ने जारी की पार्किंग व्यवस्था

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर रोहतास पुलिस की ओर से यातायात व्यवस्था एवं वाहनों की पार्किंग के लिए निर्धारित मार्ग जारी किया गया है। मुख्यमंत्री का कारकेड गोपाल नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जमुहार से सुअरा मोड़ होते हुए एनएच-19 स्थित बेदा फ्लाईओवर ब्रिज के नीचे से महिला बटालियन होते हुए बेदा बस स्टैंड के आगे बने सासाराम बाईपास (बेदा फ्लाईओवर) तक जाएगा। सासाराम बाईपास (बेदा फ्लाईओवर) के उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री का कारकेड महिला बटालियन होते हुए पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, सासाराम (करूप) तक निर्धारित मार्ग से पहुंचेगा। पुलिस के अनुसार आमजनों के लिए एनएच-19 से बेदा फ्लाईओवर ब्रिज के नीचे होते हुए पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, सासाराम (करूप) जाने वाले मार्ग पर पैदल आवागमन की व्यवस्था रहेगी। सभा स्थल पर आने वाले आमजनों के वाहनों की पार्किंग एनएच-19 पर स्थित बेदा फ्लाईओवर ब्रिज के सर्विस रोड की दक्षिण-पश्चिम लेन में की जाएगी। मुख्यमंत्री की ड्यूटी में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों के वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था अंबेडकर छात्रावास, करूप में की गई है। वहीं, बेदा फ्लाईओवर कार्यक्रम स्थल पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मियों के वाहनों की पार्किंग आईटीआई बेदा परिसर में होगी। कार्यक्रम स्थल पर आने वाले आगंतुक अतिथियों एवं माननीयों के वाहनों की पार्किंग बेदा बस स्टैंड में निर्धारित की गई है। रोहतास पुलिस ने आम लोगों से निर्धारित मार्ग एवं पार्किंग व्यवस्था का पालन करने की अपील की है।

# नौ सूत्री मांगों को लेकर अमीनों का धरना-प्रदर्शन

## मांगें पूरी नहीं होने पर हड़ताल की चेतावनी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भभुआ (कैमूर)।** भभुआ ग्रामीण में अपनी नौ सूत्री मांगों को लेकर जिले के अमीनों ने सोमवार को लिच्छवी भवन के समीप धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान अमीनों ने सरकार से लंबित मांगों को शीघ्र पूरा करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि लंबे समय से मांगों के समाधान के लिए आवाज उठायी जा रही है, लेकिन अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है। सरकार ने मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया तो अमीन चरणबद्ध आंदोलन के बाद अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को मजबूर होंगे।

**पदोन्नति और सम्मानजनक वेतनमान की मांग**

धरना में शामिल अमीनों ने बताया कि अमीन संवर्ग में पदोन्नति की व्यवस्था सुनिश्चित करने, सम्मानजनक वेतनमान एवं वेतन पुनर्गठन की मांग पर शीघ्र निर्णय लेने की जरूरत है। इसके साथ ही अमीन पद का पदनाम बदलने, संवर्ग के सुदृढ़ीकरण, सेवा संपुष्टि एवं लंबित सेवा संबंधी मामलों का शीघ्र निपटारा करने की मांग की गयी।

**यात्रा भत्ता और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग**

अमीनों ने क्षेत्रीय कार्य की प्रकृति को देखते हुए यात्रा भत्ता (टीए) एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। इसके अलावा गृह जिला से दूर पदस्थापित अमीनों की स्थानांतरण संबंधी समस्याओं का समाधान करने तथा मैदानी एवं तकनीकी कार्य के अनुरूप आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की मांग भी रखी गयी।

**सुरक्षा और व्यावहारिक समस्याओं के समाधान पर जोर**

अमीनों ने कार्य के दौरान सुरक्षा, विवाद एवं अन्य व्यावहारिक समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी व्यवस्था करने की मांग की। साथ ही वार्ता में सहमत अन्य मांगों पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने की भी मांग की गयी।

**विभिन्न अंचलों के दर्जनों अमीन रहे मौजूद**

धरना में मोहनियां अंचल के अमीन आकाश कुमार व प्रियंका कुमारी, रामगढ़ के अरविंद सिंह यादव व धीरज कुमार यादव, भभुआ की निधि कुमारी और दुर्गावती के कुंदन कुमार भारती सहित जिले के विभिन्न अंचलों के दर्जनों अमीन मौजूद रहे।

**मांगें नहीं मानी गयीं तो तेज होगा आंदोलन**

अमीनों ने कहा कि उनकी मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं होने पर आंदोलन को और तेज किया जायेगा। उन्होंने सरकार से लंबित मांगों पर शीघ्र निर्णय लेकर समस्याओं का समाधान करने की मांग की।

## पटेल स्मारक परिसर में जदयू के राष्ट्रीय महासचिव मनीष वर्मा का भव्य स्वागत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** मोहन बिगहा स्थित पटेल स्मारक परिसर में जदयू के राष्ट्रीय महासचिव मनीष वर्मा का राज पटेल उर्फ बंटी पटेल एवं धीरज पटेल के नेतृत्व में धूमधाम से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस दौरान महिलाओं ने आरती उतारी और उन्हें अंगवस्त्र एवं फूलों का गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। मनीष वर्मा ने कहा कि जनता दल यूनाइटेड को मजबूत करने के उद्देश्य से उन्होंने रोहतास जिले के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान कार्यकर्ताओं और आम लोगों से मिले स्नेह एवं उत्साह का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी आवाज पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से लोग कार्यक्रमों में पहुंचते हैं और उन्हें अपने क्षेत्र में आने का आमंत्रण देते हैं। उन्होंने सरदार वल्लभभाई नव निर्माण पटेल स्मारक समिति के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि जिस दिन पटेल जी की प्रतिमा स्थापित होगी, वह सभी के लिए खुशी का अवसर होगा। उन्होंने सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान को याद करते हुए कहा कि देश के लिए उनके योगदान की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। कार्यक्रम में पटेल जन कल्याण सेवा समिति की अध्यक्ष मान्ती देवी, स्वागतकर्ता बंटी पटेल, धीरज पटेल, संचालक प्रतीक पटेल, सुदामा सिंह, कृष्णा पटेल, शैलेन्द्र पटेल, संजय पटेल, जदयू जिला महासचिव मुमताज अंसारी, जिला अध्यक्ष बृजनंदन सिंह, विवेक गौरव, सरिता कुमारी, उषा पटेल (पूर्व जिला पार्षद), संगीता कुमारी, मनीषा पटेल, अरुण शर्मा, दीपक शर्मा एवं सुरेंद्र चौधरी, शोभा चंद्रवंशी, सहित बड़ी लोग उपस्थित थे।

## पर्व को लेकर डालमियानगर थाना में शांति समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** आगामी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर सोमवार को डालमियानगर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डालमियानगर थानाध्यक्ष उमूस सलमा ने की। बैठक में थाना क्षेत्र की विभिन्न पूजा समितियों के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान आगामी पर्व को लेकर विभिन्न पूजा स्थलों की जानकारी, मूर्ति स्थापना वाले स्थान, जलभरी कार्यक्रम, रावण दहन का समय, जुलूस का रूट चार्ट तथा अनुमानित भीड़ एवं जनसंख्या सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। थानाध्यक्ष ने सभी पूजा समितियों से निर्धारित समय सीमा के अंदर 8 अक्टूबर तक लाइसेंस प्राप्त करने का निर्देश दिया। थानाध्यक्ष उमूस सलमा ने कहा कि पर्व के दौरान डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा साफ-सफाई, पर्याप्त रोशनी, जुलूस के निर्धारित मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था सहित सरकार एवं प्रशासन द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा। उन्होंने पूजा समितियों एवं स्थानीय लोगों से आपसी भाईचारे और शांति के साथ पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर मूर्ति स्थापित की जा रही है। सभी पूजा स्थलों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा पूरे क्षेत्र में लगातार गश्त की व्यवस्था रहेगी, ताकि पर्व के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो।

## जनता दरबार में 106 परिवादियों की समस्याओं की सुनवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज दिलीप कुमार द्वारा सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में 'सबका सम्मान-जीवन आसान' के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसमें अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित परिवाद प्रस्तुत किए। जनता दरबार में कुल 106 परिवादियों की समस्याओं की सुनवाई की गई जिसमें भूमि विवाद से संबंधित 71 परिवाद, आपूर्ति से संबंधित 13 परिवाद तथा अन्य मामलों से संबंधित 22 परिवाद शामिल थे। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा इसमें से 37 परिवादियों के आवेदन पर ऑन द स्पॉट सुनवाई करते हुए निष्पादन किया गया। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी परिवादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित पदाधिकारियों को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही परिवादियों को आश्वस्त किया गया कि प्राप्त शिकायतों पर नियमानुसार निष्पक्ष एवं समयबद्ध कार्रवाई की जाएगी। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है तथा आम नागरिक अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को जनता दरबार के माध्यम से प्रशासन के समक्ष रख सकते हैं जिससे उनकी समस्याओं का समाधान आसानी से हो सकेगा।

## पीएचसी की व्यवस्था सुधारने पर जोर, निजी जांच केन्द्रों की जांच की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**अकबरपुर (रोहतास)।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रोहतास में सोमवार को रोगी कल्याण समिति के शासी निकाय की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सह समिति अध्यक्ष ऋषिकेश कुमार ने की। इस दौरान अस्पताल में मरीजों को मिल रही सुविधाओं और स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। बीडीओ ने अस्पताल में निर्माणाधीन नवनिर्मित भवन का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने निर्माण कार्य को निर्धारित मानकों और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया। इसके बाद अस्पताल में इलाज कराने पहुंचे मरीजों से बातचीत कर दवा, जांच और अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। बैठक में बंजारी पंचायत में उप स्वास्थ्य केंद्र खोलने की आवश्यकता पर भी चर्चा हुई। सदस्यों ने कहा कि इससे ग्रामीणों को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। बीडीओ ने अस्पताल में नोटिस बोर्ड लगाने का निर्देश दिया जिस पर चिकित्सक, अध्यक्ष और समिति सदस्यों के नाम व मोबाइल नंबर अंकित होंगे। ताकि मरीज असुविधा होने पर शिकायत कर सके। वहीं प्रखंड क्षेत्र के निजी क्लीनिक, पैथोलॉजी और अल्ट्रासाउंड केंद्रों के लाइसेंस की जांच कराने की मांग भी उठी। बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, बीसीएम आजाद कुमार सहित दिव्या भारती, यमुना प्रसाद, गया प्रसाद, प्रियंका सिन्हा, जय प्रकाश और अजय सिंह मौजूद रहे।

## पीएम श्री +2 उच्च विद्यालय चौखंडी पथ में एनसीसी कैडेट्स ने चलाया प्लास्टिक मुक्त अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**सासाराम।** 42 बिहार बटालियन एनसीसी सासाराम के आदेशानुसार पीएम श्री +2 उच्च विद्यालय चौखंडी पथ, रौजा रोड, सासाराम में विद्यालय के प्रधानाचार्य उमेश कुमार सिंह एवं एनसीसी पदाधिकारी फर्स्ट ऑफिसर चंदन कुमार के नेतृत्व में प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाते हुए प्लास्टिक कचरे को एकत्रित किया। कैडेट्स ने लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करने तथा पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स ने प्लास्टिक से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान के बारे में लोगों को जानकारी दी और प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े एवं अन्य पर्यावरण अनुकूल विकल्पों का उपयोग करने की अपील की। विद्यालय के प्रधानाचार्य उमेश कुमार सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। छोटे-छोटे प्रयासों से ही समाज में बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। वहीं एनसीसी पदाधिकारी फर्स्ट ऑफिसर चंदन कुमार ने कैडेट्स को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति निरंतर जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। अभियान में एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 'प्लास्टिक हटाओ, पर्यावरण बचाओ' का संदेश दिया। इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आम लोगों में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक के कम से कम उपयोग के प्रति जागरूकता पैदा करना रहा।

## कुदरा रेलवे स्टेशन के पास 13.927 किलो गांजा बरामद, महिला समेत दो तस्कर गिरफ्तार





नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुदरा (कैमूर)।** सोमवार को कुदरा रेलवे स्टेशन के समीप पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 13.927 किलो गांजा के साथ एक महिला समेत दो कथित तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी ट्रॉली बैग लेकर पैदल जा रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने संदेह के आधार पर उन्हें रोककर ट्रॉली बैग की तलाशी ली जिसमें गांजा जैसा मादक पदार्थ बरामद हुआ।

मिली जानकारी के अनुसार कार्रवाई के दौरान पकड़े गए आरोपियों की पहचान कुदरा निवासी करीब 43 वर्षीय संजय साह, पिता स्वर्गीय कमला साह तथा रोहतास जिले के अगरेर थाना क्षेत्र अंतर्गत जिगना गांव निवासी करीब 35 वर्षीय अनीता देवी, पति ब्रिजेश पासवान के रूप में हुई है। मामले में मजिस्ट्रेट सह अंचलाधिकारी विवेक कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों के पास से कुल 13.927 किलो गांजा बरामद किया गया है। कार्रवाई के बाद दोनों को कुदरा थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस ने बरामद मादक पदार्थ को जब्त करते हुए दोनों आरोपियों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि मादक पदार्थ कहां से लाया गया था और इसे कहां पहुंचाया जाना था। मामले में आगे की जांच जारी है।

## नाबालिग के अपहरण का मामला दर्ज, पॉक्सो एक्ट में प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी नगर थाना क्षेत्र के चूनाभट्ठा मुहल्ले में एक नाबालिग के गायब होने के मामले में पुलिस ने अपहरण, नशा देकर बहलाने-फुसलाने और पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: आरईएचएबीएक्सएम _ आर3-26-27, दिनांक 30.09.2026;** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/सी, पूर्व रेलवे, कांचरापाड़ा, उत्तर 24 परगना, डाकघर-कांचरापाड़ा, पिन-743145 (पबं) द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नाम एवं उसका स्थान:** कैरेज कॉमप्लेक्स, कांचरापाड़ा में 1 वर्ष की अवधि के भीतर पीबी सं.-752/2024-25 एवम 365/2025-26 के मार्फत स्वीकृत बड़ी मात्रा में आरएसपी कार्य के लिए 106 कोचों हेतु महत्वपूर्ण अनुरक्षण के दौरान साइकिल डाउनटाइम कम करने के लिए कोचों का पुनरुद्धार/ओवरहॉलिंग। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 2,05,99,301.18; **जमा की जाने वाली बोली सुरक्षा:** रु. 4,12,000। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **कार्य समापन अवधि:** 1 वर्ष। **निविदा की वैधता:** 66 दिन। **प्रस्ताव जमा अवधि:** 15 दिन पहले से दिनांक 22.10.2026 को 14.00 बजे तक। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 22.10.2026 को 14.00 बजे तक। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** निविदा दिनांक 22.10.2026 को 15.00 बजे अथवा उसके उपरांत खोली जाएंगी। **वेबसाइट जहां निविदा दस्तावेज उपलब्ध होंगे:** निविदा दस्तावेज का सम्पूर्ण सेट भारतीय रेल की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov. in** पर दिनांक 30.09.2026 से 22.10.2026 को 14.00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। (MISC-215/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट ww.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## वित्त रहित शिक्षण संस्थानों की बैठक, अनुदान और वेतन की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बिक्रमगंज (रोहतास)।** वित्त रहित गैर अनुदानित शैक्षणिक संस्थानों की एक महत्वपूर्ण बैठक अनुमंडल क्षेत्र के जेपी कॉलेज बभनौल में आयोजित की गई जहां अनुदान से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई तथा उपस्थित शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मियों के वेतन संबंधी मांगों पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता जेपीके कॉलेज बभनौल के प्राचार्य प्रकाश चतुर्वेदी ने की जबकि संचालन चारों धाम मिश्रा एवं अनिल कुमार गिरि ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में प्राचार्य प्रकाश चतुर्वेदी ने गैर अनुदानित शैक्षणिक संस्थानों के हित के लिए आवाज बुलंद करने और हर प्लेटफॉर्म पर मजबूती से खड़ा होने की बातें कही, वहीं आरटीकेएसएस के चेयरमैन ने कहा कि यह हम सभी के आत्मसम्मान की लड़ाई है जिसके पीछे सभी शैक्षणिक संस्थान एकजुट हैं। बैठक में आई प्राचार्या निशु कुमारी सहित अन्य अध्यापकों ने गैर अनुदानित संस्थानों के लिए कमर कसने की बात कही तथा मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से ऐसे सभी शैक्षणिक संस्थानों पर शीघ्र ध्यान देने की मांग की। ताकि उनके पारिवारिक पृष्ठभूमि को आर्थिक बल मिल सके। इस बैठक में कई शैक्षणिक संस्थानों से आए प्रतिनिधि मुख्य रूप से मुनमुन दुबे, उमेश पाठक, सत्येंद्र कुमार कात्यायन, अनिल कुमार गिरि, चारों धाम मिश्रा, पुष्पेंद्र दुबे, अभिषेक चौबे, मिथिलेश चौधरी, प्रद्युम्न कुमार गुप्ता, प्रद्युम्न कुमार मिश्रा, राहुल कुमार सिंह, अर्चना कुमारी, श्वेता कुमारी, प्रेमनाथ पाठक सहित बड़ी संख्या में कर्मी उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में सरकार से अविलंब अनुदान जारी करने की मांग की।


**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल अभियंता/सी, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा--711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्यों के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ऑनलाइन ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **सीनि. डीईएन/एचक्यू/हावड़ा। ई-निविदा सं.: 237 _2026-27, दिनांक 01.10.2026, कार्य का विवरण:** (i) एमएलपी, एसवाईएई कोचिंग डिपो की स्थापना के लिए सिविल निर्माण कार्य। (ii) हावड़ा स्टेशन, पुराना परिसर के विश्राम कक्ष में इस्तेमाल के लिए नई फर्निचर सामग्रियों की खरीददारी। **अनुमानित लागत:** रु. 6,49,44,027.80; **बयाना राशि:** रु. 12,98,900। **समापन अवधि:** स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से 12 महीने। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 26.10.2026। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा के बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। टिप्पणी: आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट रिसिप्ट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (HWH-367/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट ww.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# पीडीएस डीलरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल

## प्रति चालान तीन क्विंटल अनाज कम देने और एजीएम के मनमाने रवैये का आरोप

**प्रदेश महासचिव की वार्ता रही बेअसर, मांगें पूरी होने तक वितरण ठप रखने का ऐलान**



हड़ताल के कारण दुकान पर लगा ग्राहकों का भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा**। एजीएम द्वारा कम मात्रा में खाद्यान्न उपलब्ध कराने और घटिया गुणवत्ता के अनाज वितरण के विरोध में हिलसा प्रखंड के जन वितरण प्रणाली विक्रेता सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सदन कुमार और अशोक कुमार के नेतृत्व में डीलरों ने काम बंद कर धरना-प्रदर्शन शुरू किया। इस संबंध में डीलरों के शिष्टमंडल ने हिलसा के अनुमंडल पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समस्या से अवगत कराया।संघ के अध्यक्ष सदन कुमार ने आरोप लगाया कि राज्य खाद्य निगम के एजीएम पिंकू झा द्वारा प्रत्येक डीलर को प्रति चालान करीब तीन क्विंटल कम खाद्यान्न दिया जाता है। साथ ही आपूर्ति किए जाने वाले अनाज की गुणवत्ता भी खराब रहती है। विरोध करने पर डीलरों के साथ कथित तौर पर जबरन रवैया अपनाया जाता है।संघ नेताओं का कहना है कि एजीएम वर्ष 2020-21 से हिलसा में पदस्थापित हैं और कई वर्षों से डीलरों को कम वजन देकर उनका मानसिक एवं आर्थिक शोषण किया जा रहा है। प्रदेश डीलर संघ के महासचिव अंबिका यादव ने भी हिलसा पहुंचकर एजीएम से वार्ता की, लेकिन समाधान नहीं निकलने पर प्रदेश संघ के आह्वान पर हड़ताल जारी रखने का निर्णय लिया गया।धरने में मुन्ना कुमार, गणेश शंकर विद्यार्थी, चंद्रपाल वर्मा, रामाशीष प्रसाद, नरेश चैधरी, पिंटू कुमार, सोनू कुमार, बिंदेश्वरी प्रसाद, जवाहरलाल, राजेंद्र पासवान, नीरज कुमार, धर्मेंद्र कुमार, इंद्रदेव पासवान, जीतू कुमार, वीरेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, श्याम प्रसाद, सत्यानंद सिंह, अशोक प्रसाद और सुजीत कुमार समेत कई डीलर मौजूद रहे।

# नीतीश कुमार से जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव ने की शिष्टाचार मुलाकात

**संगठन की मजबूती और विकास कार्यों को लेकर चर्चा**



मुख्यमंत्री को चित्र देते प्रदेश सचिव मो. सकीबुल हसन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री, राज्यसभा सांसद एवं जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार से सोमवार को पटना स्थित 7, सर्कुलर रोड स्थित सरकारी आवास पर जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मो. सकीबुल हसन ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान मो. सकीबुल हसन ने तस्वीर का फ्रेम भेंट कर नीतीश कुमार को सम्मानित किया। मुलाकात के दौरान संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ राज्य के विभिन्न मुद्दों और विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा हुई। मो. सकीबुल हसन ने नीतीश कुमार की कार्यशैली और नेतृत्व की सराहना करते हुए उन्हें अपना अभिभावक बताया। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार बिहार के विकास और आधुनिक निर्माण के लिए लगातार कार्य करने वाले लोकप्रिय नेता हैं। उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में बिहार ने विकास के क्षेत्र में नई पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि जदयू को मजबूत करने और सरकार की विकास योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए पार्टी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से कार्य कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने संगठन को और मजबूत बनाने तथा सरकार की योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता जताई।

## एक नजर

### नालंदा में 2250 लंबित मामले चिह्नित

**बिहारशरीफ**। न्यायालयों में लंबित मामलों का त्वरित और आपसी सहमति से समाधान कराने के उद्देश्य से नालंदा में राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान 3.0 शुरू किया गया है। पटना उच्च न्यायालय और बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश में यह अभियान एक अक्टूबर 2026 से संचालित है। इसके तहत बिहारशरीफ और हिलसा न्यायालयों में अब तक करीब 2250 मामलों को चिन्हित किया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सह न्यायाधीश राजेश कुमार गौरव ने बताया कि चिन्हित मामलों के पक्षकारों तक सूचना पहुंचाने के लिए पारा विधिक स्वयंसेवकों के माध्यम से नोटिस तैयार कराने की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा कि न्यायालय में लंबित मामलों से जुड़े पक्षकार मध्यस्थता के जरिए कम समय और कम खर्च में विवाद का समाधान कर सकते हैं। अभियान की सफलता के लिए जिले में व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है। बिहारशरीफ न्यायालय में लंबित मामलों के पक्षकार जिला विधिक सेवा प्राधिकार कार्यालय तथा हिलसा न्यायालय से जुड़े पक्षकार तालुका विधिक सेवा समिति, हिलसा के कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। प्राधिकार ने लोगों से अभियान का लाभ उठाने की अपील की है।

### जन-सुनवाई में डीएम ने सुनीं समस्याएं

**बिहारशरीफ**। जिलाधिकारी उदिता सिंह ने सोमवार को आयोजित जन-सुनवाई में जिले के विभिन्न प्रखंडों व पंचायतों से पहुंचे 36 फरियादियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक शिकायत की नियमानुसार जांच कर त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जन-सुनवाई में भूमि पर दखल-कब्जा, मालगुजारी रसीद, शहीद के पैतृक गांव में शहीद द्वार निर्माण व विद्यालय का नामकरण, वृद्धावस्था पेंशन, धान की फसल नष्ट करने, मकान का ताला तोड़ने, भूमि विवाद, विद्युत बिल सुधार तथा नल-जल योजना से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रहीं। भूमि संबंधी मामलों के लिए अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। पेंशन मामलों के निष्पादन की जिम्मेदारी सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग को दी गई। धान की फसल से जुड़े मामले में एसडीओ हिलसा, जबकि भूमि विवाद में डीसीएलआर हिलसा को जांच का निर्देश मिला।

### दो पियक्कड़ समेत तीन गिरफ्तार

**इस्लामपुर**। खुदागंज थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर दो पियक्कड़ समेत एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों को आवश्यक कार्रवाई के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, वारंटी की गिरफ्तारी के लिए अहमदाबाद गांव में छापेमारी की गई, जहां से जानकी चैधरी को गिरफ्तार किया गया। वहीं, खुदागंज बाजार से सागर कुमार को नशे की हालत में पकड़ा गया। इसके अलावा पनहर गांव से मुनील कुमार को भी नशे की हालत में गिरफ्तार किया गया।दोनों आरोपितों की मेडिकल जांच कराई गई। जांच में नशे की पुष्टि होने के बाद उनके खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में शराब के सेवन और वारंटियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### बाइक स्टार्ट करते समय झटके से गिरा चौकीदार, सीने में घुसी लोहे की छड़

**इस्लामपुर**। इस्लामपुर थाना में पदस्थापित चौकीदार संत कुमार हादसे में गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सीने में लोहे का छड़ घुस जाने से उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया। बताया जाता है कि फरीदपुर गांव निवासी संत कुमार बाइक से इस्लामपुर थाना ड्यूटी के लिए जा रहे थे। इसी दौरान इस्लामपुर मठिया स्थित रेलवे क्रासिंग के पास अचानक उनकी बाइक बंद हो गई। बाइक को दोबारा स्टार्ट करने के दौरान अचानक झटका लगा, जिससे संत कुमार असंतुलित होकर सड़क किनारे जमीन पर गिर पड़े। वहां मकान निर्माण के लिए लोहे के छड़ रखे हुए थे। गिरने के दौरान एक छड़ उनके सीने में घुस गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

# भाजपा हरनौत नगर मंडल की बैठक, बूथ मजबूती की बनी रणनीति



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हरनौत**। भारतीय जनता पार्टी हरनौत नगर मंडल की मासिक बैठक सोमवार को मंडल कार्यालय में नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मंडल प्रवासी सह जिला मंत्री अमरेश कुमार उपस्थित रहे। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में देशभर में चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत हरनौत नगर मंडल में आयोजित कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। साथ ही आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने की रणनीति तैयार की गई। पार्टी को बूथ स्तर पर और अधिक मजबूत करने को लेकर भी कार्यकर्ताओं के साथ विचार-विमर्श किया गया।जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल, डॉ. आशुतोष कुमार और जिला मंत्री अमरेश कुमार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि कार्यकर्ताओं को अपने क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प में प्रत्येक नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है।मौके पर नगर महामंत्री कृष्ण मोहन, नगर उपाध्यक्ष वरुण कुमार पाण्डेय, नगर मंत्री राजेश कुमार, अरुण कुमार पाण्डेय, श्रीकृष्ण सिंह, विद्यासागर समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय पोषण माह में गर्भवती महिलाओं की हुई गोद भराई



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सरमेरा**। राष्ट्रीय पोषण माह के तहत सोमवार को सरमेरा प्रखंड कार्यालय में गर्भवती महिलाओं के लिए गोद भराई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान गर्भवती महिला सपना कुमारी की गोद भराई की रस्म निभाई गई। कार्यक्रम में महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान पौष्टिक एवं संतुलित आहार लेने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने तथा प्रसव पूर्व आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी गई।सीडीपीओ अंजू कुमारी ने कहा कि गर्भावस्था में मां के स्वास्थ्य का सीधा प्रभाव गर्भस्थ शिशु के विकास पर पड़ता है। इसलिए भोजन में हरी सब्जियां, दाल, दूध समेत अन्य पौष्टिक खाद्य पदार्थों को शामिल करना चाहिए। स्वास्थ्य कर्मियों की सलाह के अनुसार आयरन व फोलिक एसिड की गोलियां लेने पर भी जोर दिया गया। महिलाओं को समय पर टीकाकरण कराने तथा किसी भी परेशानी पर तत्काल चिकित्सक या स्वास्थ्य कर्मी से संपर्क करने की सलाह दी गई। नवजात की देखभाल, जन्म के बाद मां का दूध पिलाने और बच्चों को समय पर पूरक आहार देने की जानकारी भी दी गई। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना समेत विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। रंगोली व पोषण संदेशों के माध्यम से भी जागरूकता फैलायी गई। मौके पर बीडीओ रौशन भूषण, सीओ आराधना कुमारी, बीपीआरओ स्मिता वर्मा, महिला पर्यवेक्षक अर्चना कुमारी समेत अन्य मौजूद थे।

# रहुई थाना पुलिस ने विभिन्न मामलों के 22 आरोपितों को किया गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। रहुई थाना क्षेत्र में अपराधियों और वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रहुई थाना पुलिस ने रविवार की रात अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर 22 आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों में विभिन्न कांडों में वांछित आरोपियों के साथ-साथ अजामानतीय, इश्तेहार और कुर्की वारंट के आरोपी शामिल हैं।थानाध्यक्ष ललित विजय ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर समकालीन अभियान के तहत थाना क्षेत्र में विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। 4 अक्टूबर की रात अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर कुल 22 वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें पांच विभिन्न कांडों में वांछित थे, जबकि 15 आरोपित अजामानतीय वारंट में वांछित थे। इसके अलावा एक आरोपी इश्तेहार वारंट और एक आरोपी कुर्की वारंट में वांछित था। छापामारी दल में थानाध्यक्ष ललित विजय के अलावा दरोगा संतोष कुमार सुमन, सिद्धार्थ आनंद,. उपेंद्र कुमार, श्रीराम शर्मा तथा सिपाही धर्मेंद्र कुमार सिंह शामिल थे।

## नवादा

# आभा आइडी निर्माण की प्रगति की जिलाधिकारी ने की समीक्षा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। 5 अक्टूबर 2026 को जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत प्रत्येक नागरिक का आभा आईडी निर्माण एवं इसकी प्रगति की समीक्षा को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कार्यक्रम समन्वयक, स्वास्थ्य नीतू कुमारी द्वारा बताया गया कि जिले में अब तक लगभग 13.5 लाख आभा आईडी का निर्माण किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने जिले में शत-प्रतिशत नागरिकों का आभा आईडी निर्माण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आभा आईडी प्रत्येक नागरिक के डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड को सुरक्षित एवं सुलभ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्य को समयबद्ध रूप से पूरा करें। जिला पदाधिकारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जिले के विद्यालयों में विशेष शिविर आयोजित कर बच्चों का आभा आईडी बनवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी बीएचएम एवं बीसीएम को निर्देश दिया कि एनसीडी स्क्रीनिंग के दौरान सभी एएनएम के माध्यम से संबंधित लाभार्थियों का आभा आईडी निर्माण सुनिश्चित कराएं। साथ ही, सभी बीएचएम एवं बीसीएम को आभा आईडी निर्माण कार्य की नियमित रूप से निगरानी करने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने जिले के सभी अस्पतालों में ओपीडी के दौरान आने वाले मरीजों का आभा आईडी निर्माण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके लिए अस्पताल स्तर पर आवश्यक तैयारियां एवं व्यापक जागरूकता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

# छह माइल के पास बाइक सवार तीन लोग घायल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकबरपुर (नवादा)**। अकबरपुर अंचल क्षेत्र के नेमदारगंज थाना अंतर्गत छह माइल के समीप रविवार की शाम करीब सात बजे विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में गुजर रहे ओवरलोडेड ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार तीन लोग दुर्घटनाग्रस्त हो गए। दुर्घटनाग्रस्त लोगों की पहचान नहीं हो सके। हादसे में बाइक सवार तीनों लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता संजीव सिंह एवं ग्रामीणों के प्रयास से सभी घायलों को तत्काल बेहतर इलाज के लिए नवादा अस्पताल भेजा गया था। स्थानीय लोगों का कहना है कि खखनुआ की ओर से विपरीत दिशा में ओवरलोडेड ट्रकों के लगातार परिचालन के कारण इस मार्ग पर हादसे का खतरा बढ़ गया है। रविवार की घटना के बाद लोगों में इसको लेकर काफी आक्रोश देखा गया। ग्रामीणों ने बताया कि शाम ढलने के बाद रात तक बड़ी संख्या में ओवरलोडेड ट्रक विपरीत दिशा से गुजरते हैं। इससे सामने से आने वाले छोटे वाहनों और बाइक सवारों को सड़क पर जगह बनाने में काफी परेशानी होती है। कई बार बड़े वाहनों को देखकर बाइक सवारों को अचानक किनारे हटना पड़ता है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन और यातायात पदाधिकारियों से मांग पर विपरीत दिशा से चल ओभरलोड वाहन चलने से रोक लगा दिया।

# सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे के खिलाफ प्रशासन ने कसा शिकंजा

**नारदीगंज (नवादा)**। प्रखंड के परमा पंचायत स्थित समढ़ी गांव में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे के खिलाफ प्रशासन ने शिकंजा कस दिया है। खाता संख्या 216, खेसरा संख्या 1883 और 1633 की लगभग 2300.77 वर्गफीट भूमि को मुक्त कराने के लिए आगामी 7 अक्टूबर को बड़े पैमाने पर अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया जाएगा। यह मामला गांव के जितेंद्र कुमार द्वारा लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत दर्ज कराई गई शिकायत के बाद सामने आया था। जांच में कुल 22 लोगों द्वारा पक्के मकान, छज्जे और चाहरदीवारी बनाकर अवैध कब्जा करने की पुष्टि हुई है। अंचल अधिकारी रईस आलम ने सभी अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर तय समय से पहले कब्जा हटाने का निर्देश दिया है। चेतावनी दी गई है कि खुद न हटाने पर बुलडोजर चलाकर निर्माण ध्वस्त किया जाएगा और इसका खर्च भी वसूला जाएगा। कार्रवाई के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए दंडाधिकारियों के साथ पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है।

# इलाज के दौरान विवाहिता की मौत

**शव वाहन न मिलने से तीन घंटे तक स्ट्रेचर पर पड़ा रहा पार्थिव शरीर**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। रजौली अनुमंडलीय अस्पताल में सोमवार को इलाज के दौरान एक विवाहिता की मौत हो गई। मृतका की पहचान गयाजी जिले के टेकना फार्म निवासी कुंदन कुमार की 25 वर्षीय पत्नी राधा कुमारी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, राधा बीते कुछ दिनों से सिरदला थाना क्षेत्र के कर्मा खुर्द स्थित अपने मायके आई हुई थी। सोमवार को अचानक उसे सांस लेने में गंभीर परेशानी होने लगी। परिजन आनन-फानन में उसे अनुमंडलीय अस्पताल रजौली लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने ईसीजी जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की पुष्टि होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। इसके बाद अस्पताल परिसर में व्यवस्था की लापरवाही भी सामने आई। मृतका का शव लगभग तीन घंटे तक स्ट्रेचर पर ही पड़ा रहा। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन से शव को गयाजी स्थित बीएमपी कैंप के समीप ससुराल भेजने के लिए वाहन की गुहार लगाई, जिस पर चिकित्सकों ने टोल-फ्री नंबर 102 पर संपर्क करने की सलाह दी। परिजनों का आरोप है कि डायल 102 पर संपर्क करने पर दूसरे जिले में सेवा उपलब्ध कराने से स्पष्ट इनकार कर दिया गया। परिजनों में शामिल अजय सिंह ने बताया कि राधा विगत कुछ महीनों से अस्वस्थ थी। उसका इलाज वेल्लोर, दिल्ली और पटना में भी कराया गया था। अचानक तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल लाते समय ही उसकी सांसें थम चुकी थीं। मृतका अपने पीछे पति, एक बेटा और एक बेटी को छोड़ गई है। परिजनों ने आक्रोश जताते हुए कहा कि रजौली अनुमंडलीय अस्पताल में शव वाहन की व्यवस्था अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। सुविधा के अभाव में गरीब परिवारों को निजी एंबुलेंस का सहारा लेना पड़ता है, जिससे उन पर भारी आर्थिक बोझ पड़ता है।

# कौआकोल में लम्पी त्वचा रोग के खिलाफ टीकाकरण शुरू



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। प्रखंड मुख्यालय परिसर अवस्थित प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय कौआकोल में सोमवार को मवेशियों खासकर गायों में फैलने वाले गंभीर लम्पी त्वचा रोग से बचाव को लेकर टीकाकरण अभियान की शुरुआत की गई। अभियान को सफल एवं प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए पशु चिकित्सालय परिसर में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारियों के अलावा विभिन्न पंचायतों में तैनात टीकाकर्मियों ने भाग लिया। इस दौरान क्षेत्र के पशुओं को लम्पी रोग से सुरक्षित रखने तथा शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक रणनीति बनाई गई। अभियान के तहत पंचायतवार टीकाकर्मियों की जिम्मेदारी निर्धारित की गई है।बैठक में अधिकारियों ने टीकाकर्मियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने निर्धारित क्षेत्रों में घर-घर जाकर पशुओं का टीकाकरण करें। साथ ही पशुपालकों को लम्पी त्वचा रोग के लक्षण, संक्रमण से बचाव तथा पशुओं की देखभाल के उपायों के प्रति भी जागरूक करें।अधिकारियों ने अभियान में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने तथा अधिक से अधिक पशुओं का टीकाकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मौके पर कौआकोल के टीबीओ डॉ० शम्भू शरण, छबैल के टीबीओ डॉ० राजेश कुमार, टीकाकरण कर्मी संतोष कुमार, मिथलेश कुमार, आलोक कुमार आरपिन आदि मौजूद रहे।

# उदासीन संगत अमावां में गुरु परम महोत्सव की धूम

**रजौली**। रजौली स्थित उदासीन संगत अमावां की पवित्र आध्यात्मिक भूमि पर आज गुरु परम महोत्सव अत्यंत धूमधाम, श्रद्धा और भक्ति-भाव के साथ मनाया गया। महोत्सव का शुभारंभ गुरु चरणों में विधिवत पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और पावन मूलमंत्र के स्मरण के साथ हुआ। इस दौरान संपूर्ण संगत परिसर भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा और श्रद्धालुओं ने गुरु-परंपरा के प्रति अपनी अटूट आस्था व्यक्त की।इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गुरु दीक्षा ग्रहण कर सत्य, धर्म, सेवा, सदाचार और मानव कल्याण के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इसके साथ ही अमावां की प्राचीन संत परंपरा, जगतगुरु श्री श्रीचंद्र भगवान, बाबा भगत भगवान जी तथा बाबा हरिदास जी की स्मृतियों को नमन करते हुए उनकी आध्यात्मिक विरासत को भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया।समारोह में नानकशाही पीठाधीश्वर व राष्ट्रीयधर्माचार्य श्री महंत डॉ. स्वामी दयानंद मुनि जी ने कहा कि गुरु परंपरा भारतीय सनातन संस्कृति की आत्मा है। गुरु केवल ज्ञानदाता नहीं, बल्कि शिष्य को आत्मिक उन्नति का मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने अमावां की ऐतिहासिक धार्मिक धरोहर को प्रमाणिक अभिलेखों और संत-वाणी के माध्यम से सुरक्षित रखने पर बल दिया। कार्यक्रम के समापन पर सनातन धर्म, उदासीन संत परंपरा और गुरु-शिष्य मर्यादा के संरक्षण के सामूहिक संकल्प के साथ देश में सुख, शांति और लोककल्याण की कामना की गई।

# कौआकोल में पुलिस ने किया जुए के अड्डे का पर्दाफाश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। कौआकोल थाना क्षेत्र के बाजार स्थित नीमतल्ला में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक पुराने मकान में चल रहे कथित जुए के अड्डे का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मौके से मकान मालिक जवाहर लाल समेत आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। छापेमारी के दौरान नकद रुपये, ताश की गड्डियां, मोबाइल फोन, शराब व बीयर की खाली बोतलें तथा 14 मोटरसाइकिलें जब्त की गईं। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह के अनुसार,कौआकोल बाजार के नीमतल्ला निवासी 73 वर्षीय जवाहर लाल के पुराने मकान में जुआ खेले जाने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने रविवार की रात करीब 10 बजे मकान में छापेमारी की। बाहर से मकान में ताला लगा था,लेकिन अंदर से लोगों के हो-हल्ले और ताश खेलने की आवाज सुनाई दे रही थी। पुलिस के प्रवेश करने पर एक कमरे में आठ लोग गोल घेरा बनाकर ताश पर रुपये का दांव लगाते मिले। पुलिस की पूछताछ में कथित तौर पर यह बात सामने आई कि मकान मालिक जुआ खेलने के लिए प्रति व्यक्ति 300 रुपये एंट्री फीस लेता था। वहीं, जुए में रुपये हारने वाले लोगों को ब्याज पर पैसे दिए जाने तथा इसके बदले मोटरसाइकिल सहित अन्य सामान गिरवी रखने की बात भी सामने आई है। छापेमारी के दौरान जुआ स्थल से 14 ताश की गड्डियां, बोर्ड से 5,500 रुपये नकद, विभिन्न लोगों के पास से लगभग 5000 नकदी, पांच मोबाइल फोन तथा 14 मोटरसाइकिलें बरामद की गई।

# उद्यमिता विकास से किसानों की आय बढ़ाने पर बल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पूर्वी अनुसंधान परिसर,पटना के तत्वावधान में "उद्यमिता विकास के माध्यम से किसानों की आजीविका एवं आय में सुधार" के उद्देश्य से तीन दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार से कृषि विज्ञान केंद्र,सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा में शुरू हुआ। जिसका उद्घाटन पटना के वरीय वैज्ञानिक डॉ. धीरज कुमार सिंह एवं डॉ. अनिर्बान मुखर्जी तथा कृषि विज्ञान केंद्र, नवादा के विषय वस्तु विशेषज्ञ रविकांत चौबे,डॉ. शशांक शेखर, अंगद कुमार, अनिल कुमार, रजत रंजन एवं मनोज कुमार की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर डॉ. धीरज कुमार सिंह ने किसानों को उद्यमिता विकास के माध्यम से आजीविका एवं आय बढ़ाने के विभिन्न अवसरों की जानकारी दी। डॉ. अनिर्बान मुखर्जी ने किसानों को किसान उत्पादक संगठन के गठन, संचालन और उससे मिलने वाले लाभों के बारे में विस्तार से बताया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में रोहित कुमार एवं पंकज कुमार तथा कृषि विज्ञान केंद्र के पिन्टू पासवान एवं श्रवण कुमार का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। इनके द्वारा किसानों के समन्वय, प्रशिक्षण व्यवस्था एवं परियोजना से संबंधित गतिविधियों के संचालन में सक्रिय भूमिका निभाई जा रही है। कार्यक्रम में सिरदला एवं मेसकौर प्रखण्ड के पाण्डेय बिगहा, जन्हौल, चौगांव एवं कोपिन गांवों के चयनित 15 महिलाएं समेत 45 किसान शामिल हुए।

# निमाटांड विद्यालय में गूंजी सृजन की गूंज

**रजौली**। उत्क्रमित मध्य विद्यालय निमाटांड रजौली के प्रांगण में सोमवार को बच्चों की सृजनात्मक ऊर्जा और उमंग का एक अद्भुत दृश्य देखने को मिला, जहां 'हैंडीक्राफ्ट सॉइल आर्ट' यानी माटी कला प्रतियोगिता का शानदार आयोजन हुआ। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह संकुल समन्वयक राजेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रेरणादायक कार्यक्रम ने नन्हे-मुन्ने बच्चों को अपनी सुप्त कलात्मक क्षमताओं को धरातल पर उतारने का एक जीवंत अवसर प्रदान किया। प्रतियोगिता के दौरान पूरा विद्यालय परिसर बच्चों के उत्साह और कलात्मक रंगों से सराबोर नजर आया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक राजेश कुमार ने माटी कला के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि गीली मिट्टी को आकार देने की प्रक्रिया बच्चों में केवल रचनात्मकता का विकास नहीं करती, बल्कि उनके शारीरिक संतुलन, भावनात्मक अभिव्यक्ति और सूक्ष्म मोटर कौशल को भी सुदृढ़ बनाती है। मिट्टी से जुड़कर सीखना बच्चों के सर्वांगीण विकास की एक मजबूत नींव तैयार करता है। प्रतियोगिता में सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने अपनी अद्वितीय कल्पनाशीलता का प्रदर्शन करते हुए मिट्टी से आकर्षक खिलौने, पारंपरिक बर्तन और सुंदर मूर्तियां बनाईं। बच्चों के कोमल हाथों द्वारा गढ़ी गई इन मनमोहक आकृतियों ने वहां मौजूद सभी शिक्षकों व दर्शकों को मुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता के सुचारू संचालन और निष्पक्ष मूल्यांकन हेतु गठित निर्णायक मंडल में उच्च प्राथमिक वर्ग के लिए वरीय शिक्षक सच्चिदानंद प्रसाद,अनोज कुमार व शिक्षिका अंजू कुमारी शामिल थे।

# पितृ पक्ष मेला को लेकर डॉ. प्रेम कुमार ने गयाजी रेलवे स्टेशन का लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गया।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने सोमवार को पितृ पक्ष मेला-2026 को लेकर गयाजी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेलवे स्टेशन परिसर में संचालित पर्यटन सहायता केंद्र, विश्व हिंदू परिषद शिविर, नगर विकास परिषद्, अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा शिविर, विष्णुपद पंडा समाज शिविर, खोया पाया केंद्र एवं वेटिंग हॉल सहित यात्रियों की सुविधा के लिए लगाए गए विभिन्न शिविरों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि पितृ पक्ष मेला के दौरान रेल के माध्यम से प्रतिदिन लगभग 30 हजार यात्रियों का आगमन गयाजी हो रहा है। अब तक करीब 5 लाख श्रद्धालु एवं यात्री रेल मार्ग से गया पहुंच चुके हैं। यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए रेलवे द्वारा दो अतिरिक्त ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है, जिसमें कमलापति से गया एवं गया से जबलपुर के बीच ट्रेनें शामिल हैं। उन्होंने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा के लिए रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ एवं जीआरपी के विशेष बल के साथ करीब 300 सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है। यात्रियों की सुविधा के लिए 9 टिकट काउंटर संचालित किए जा रहे हैं। इसके अलावा विष्णुपद के समीप एक टिकट काउंटर तथा दो अनारक्षित टिकट काउंटर की भी व्यवस्था की गई है। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि स्टेशन पर 20 व्हीलचेयर, 'मैं आपकी मदद करूं' केंद्र, क्राउड मैनेजमेंट ग्रुप, मेडिकल बूथ, सुरक्षा व्यवस्था एवं पेयजल सहित अन्य आवश्यक जनसुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए चार टेंट आवासन की व्यवस्था की गई है, जहां करीब 12 हजार यात्री ठहर सकते हैं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पुनपुन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशनों पर भी ट्रेनों का ठहराव दिया गया है। इसके अतिरिक्त दो अतिरिक्त रेक ट्रेनों की भी व्यवस्था की गई है। डाइवर्टेड लाइन से ट्रेनों के आगमन की व्यवस्था से यात्रियों को काफी सुविधा मिल रही है और स्टेशन पर भीड़ का बेहतर प्रबंधन हो रहा है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि पितृ पक्ष मेला में देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु गयाजी पहुंच रहे हैं। जिला प्रशासन, रेलवे एवं संबंधित विभागों के समन्वय से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने का लगातार प्रयास किया जा रहा है, ताकि उन्हें पिंडदान एवं तर्पण के दौरान किसी प्रकार की कठिनाई न हो। वहीं मौके पर स्टेशन प्रबंधक,अधिवक्ता मुकेश शर्मा, शंभू यादव, शिव नारायण, राजेश मस्तान, साकेत कुमार, पवन कुमार, अमित पासवान, वेद प्रकाश, शिवा मांझी, दीनानाथ प्रसाद सहित अन्य मौजूद रहे।

# गयाजी में ड्रोन से श्रद्धालुओं पर हुई पुष्पवर्षा

## विष्णुपद मंदिर व देवघाट पर नगर निगम ने किया तीर्थयात्रियों का भव्य स्वागत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** पितृपक्ष मेला के दौरान गयाजी पहुंचे देश-विदेश के तीर्थयात्रियों के स्वागत और सम्मान में सोमवार को गया नगर निगम की ओर से विशेष पहल की गई। विष्णुपद मंदिर और फल्गु नदी के देवघाट पर श्रद्धालुओं के ऊपर ड्रोन से पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया गया। अचानक आसमान से फूलों की बारिश होते देख श्रद्धालुओं में उत्साह की लहर दौड़ गई और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस मौके पर नगर निगम के मेयर वीरेंद्र कुमार उर्फ गणेश पासवान, डिप्टी मेयर चिंता देवी तथा पूर्व डिप्टी मेयर एवं सशक्त स्थायी समिति के सदस्य अखौरी ओंकार नाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव विष्णुपद मंदिर और देवघाट पहुंचे। जनप्रतिनिधियों ने तीर्थयात्रियों से मुलाकात कर उनका हाल जाना तथा नगर निगम की ओर से उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का फीडबैक लिया। मेयर गणेश पासवान ने कहा कि ड्रोन से श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत करना गयाजी की अतिथि सत्कार की परंपरा का प्रतीक है।

पूर्व डिप्टी मेयर मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि ड्रोन से पुष्पवर्षा गयाजी की मेहमाननवाजी और श्रद्धालुओं के प्रति आत्मीय सम्मान का संदेश है। उन्होंने कहा कि पितृपक्ष मेला गयाजी की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान से जुड़ा महत्वपूर्ण आयोजन है। श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सम्मान का ध्यान रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं से सीधे संवाद कर साफ-सफाई, पेयजल, घाट, प्रकाश और आवागमन समेत अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। विष्णुपद मंदिर और देवघाट पर ड्रोन हेलीकॉप्टर से हुई पुष्पवर्षा आकर्षण का केंद्र बनी रही। फल्गु तट पर पिंडदान और तर्पण में जुटे श्रद्धालु आसमान से बरसते फूलों को देखकर उत्साहित नजर आए। मौके पर पार्षद विनोद यादव, मनोज कुमार, अंजली कुमारी, सोनू शर्मा, डिम्पल कुमार समेत कई पार्षद मौजूद रहे।

# पितृपक्ष में पूर्वज हमेशा देते हैं वंशजों को आशीर्वाद : महंत विवेकानंद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गया जी।** पितृपक्ष हिंदू धर्म में पूर्वजों के प्रति श्रद्धा, कृतज्ञता और स्मरण का विशेष अवसर माना गया है। गया में चल रहे पितृपक्ष मेले के दौरान बोधगया मठ के महंत एवं बिहार धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य संत विवेकानंद जी महाराज ने प्रवचन के दौरान पितृपक्ष के महत्व पर प्रकाश डाला है। उन्होंने कहा कि श्रद्धापूर्वक तर्पण, पिंडदान और धार्मिक अनुष्ठान करने से पितर प्रसन्न होते हैं और अपने वंशजों को सुख-शांति, समृद्धि, आरोग्य तथा वंश वृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करते हैं। महंत विवेकानंद ने कहा कि पितृपक्ष केवल कर्मकांड का पर्व नहीं बल्कि अपनी जड़ों और पूर्वजों को याद करने की परंपरा है। पूर्वजों के प्रति श्रद्धा और सम्मान व्यक्त करने से परिवार में संस्कार और आपसी जुड़ाव मजबूत होता है। ऐसी धार्मिक मान्यता है कि संतुष्ट पितर अपने वंश की उन्नति और कल्याण की कामना करते हैं तथा परिवार पर अपना आशीर्वाद बनाए रखते हैं।

# मगध विश्वविद्यालय में शिक्षक विकास कार्यक्रम का शुभारंभ

## दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय, उच्च शिक्षा विभाग तथा मगध विश्वविद्यालय की संयुक्त पहल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के स्नातकोत्तर गणित विभाग के सेमिनार हॉल में यूजीसी-मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र, दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय, गया के सहयोग से राजभवन के कुलाधिपति कार्यालय, उच्च शिक्षा विभाग, बिहार सरकार तथा मगध विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में छह दिवसीय शिक्षक विकास कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। 5 से 10 अक्टूबर तक आयोजित कार्यक्रम का संचालन मगध विश्वविद्यालय के शिक्षक विकास कार्यक्रम प्रकोष्ठ द्वारा किया जा रहा है। उद्घाटन सत्र में प्रतिभागियों का पंजीकरण, अतिथियों का स्वागत, दीप प्रज्ज्वलन, वंदे मातरम् और विश्वविद्यालय के कुलगीत की प्रस्तुति हुई। इसके बाद अतिथियों को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। सहायक नोडल डॉ. दिव्या मिश्रा ने उद्घाटन टिप्पणी दी। नोडल पदाधिकारी प्रो. अंजनी कुमार घोष ने शिक्षकों द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता के नैतिक एवं उत्तरदायी प्रयोग से शोध की गुणवत्ता बढ़ाने पर बल दिया। कुलसचिव प्रो. बी. के. मंगलम ने बदलती तकनीकी परिस्थितियों के अनुरूप शिक्षकों को अद्यतन रहने की बात कही। संरक्षक एवं कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केशरी ने शिक्षक विकास को उच्च शिक्षा की गुणवत्ता के लिए आवश्यक बताया। दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय स्थित यूजीसी-मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र के निदेशक प्रो. तरुण कुमार त्यागी ने शिक्षक विकास एवं अनुसंधान के विभिन्न पहलुओं पर विचार रखे। मुख्य अतिथि दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 से शिक्षक विकास कार्यक्रम के संबंध और उपयोगिता पर प्रकाश डाला। प्रो. के. पी. सिंह ने 'विकसित भारत-2047' से कार्यक्रम के उद्देश्यों को जोड़ते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उत्कृष्ट अनुसंधान पर बल दिया। तकनीकी सत्रों में प्रो. के. पी. सिंह, पूर्व कुलपति प्रो. कुसुम कुमारी और रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. अतुल प्रताप सिंह ने क्रमशः शोध, अनुसंधान की दार्शनिक आधारशिला तथा नवाचार, उद्भवन एवं पेटेंट विषयों पर मार्गदर्शन दिया।

# तालाब में डूबने से 24 वर्षीय मजदूर की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**इमामगंज।** ग्राम पंचायत दुबहल के कुईबार गांव स्थित झरना तालाब में डूबने से 24 वर्षीय नीतीश की मौत हो गई। जवान बेटे का शव घर पहुंचने की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी की चीख-पुकार से वहां मौजूद ग्रामीणों की आंखें भी नम हो गईं। ग्रामीणों के अनुसार नीतीश सोमवार दोपहर करीब 12 बजे शौच के लिए गांव के पास स्थित झरना तालाब की ओर गया था। तालाब के किनारे की मिट्टी गीली और फिसलन भरी थी। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में जा गिरा। तैरना नहीं आने के कारण वह बाहर नहीं निकल सका। कुछ ग्रामीणों की नजर डूबते युवक पर पड़ी तो उन्होंने शोर मचाया। आवाज सुनकर बड़ी संख्या में लोग तालाब के पास जुट गए और नीतीश को बचाने के लिए पानी में खोजबीन शुरू की। काफी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला गया, मगर तब तक बहुत देर हो चुकी थी और उसकी सांसें थम चुकी थीं। वहीं मृतक की पहचान डुमरिया प्रखंड के भदवर गांव निवासी बिगुराम के पुत्र नीतीश कुमार के रूप में हुई है।

# सरकारी दफ्तरों के चक्कर से मिलेगी राहत, आज से तीन दिनों तक चलेगा सेवा सेतु शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ लेने के लिए ग्रामीणों को अब अलग-अलग विभागों के कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर समाधान कराने और उन्हें सरकारी सेवाओं से जोड़ने के उद्देश्य से प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार से तीन दिवसीय 'सेवा सेतु शिविर-सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम शुरू होगा। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मी एक ही परिसर में मौजूद रहकर ग्रामीणों की शिकायतें सुनेंगे और आवेदनों पर नियमानुसार कार्रवाई करेंगे। बीडीओ योगेंद्र पासवान ने बताया कि शिविर को लेकर प्रखंड स्तर पर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। विभिन्न विभागों से कर्मियों और नोडल पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। ग्रामीण अपनी समस्या, शिकायत अथवा किसी सरकारी योजना व सेवा का लाभ लेने से संबंधित आवेदन शिविर में जमा कर सकेंगे। संबंधित विभाग के अधिकारी प्राप्त आवेदनों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करेंगे। शिविर में अलग-अलग विभागों के लिए अलग स्टॉल लगाए जाएंगे जहां ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और उपलब्ध सरकारी सेवाओं के संबंध में जानकारी दी जाएगी। वहीं ग्रामीणों की शिकायतों और समस्याओं को दर्ज कर संबंधित विभाग तक पहुंचाया जाएगा। प्रशासन का दावा है कि शिविर का मुख्य उद्देश्य सरकारी सेवाओं को ग्रामीणों के दरवाजे तक पहुंचाना और विभागीय प्रक्रियाओं में होने वाली अनावश्यक भागदौड़ को कम करना है। बीडीओ ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे अपनी समस्या और आवश्यक दस्तावेजों से संबंधित आवेदन लेकर शिविर में पहुंचें और इस अवसर का लाभ उठाएं।

# ज्ञानेश कुमार के विरोध में महागठबंधन ने निकाला विरोध जुलूस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** सोमवार को ज्ञानेश कुमार के विरोध में महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने शेरघाटी शहर में विरोध जुलूस निकाला। जुलूस का नेतृत्व कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार ने किया। जुलूस जेपी चौक से मुख्य मार्ग होते हुए थाना मोड़ तक पहुंचा। इस दौरान महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने विभिन्न मुद्दों को लेकर सरकार पर निशाना साधा। कार्यकर्ताओं ने नारे लगाते हुए सवाल किया कि पेपर लीक कहां मिलेगी? प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि युवाओं और छात्रों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर सरकार गंभीरता नहीं दिखा रही है। जुलूस में शामिल लोगों ने केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ अपना आक्रोश जताया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा कि महागठबंधन जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर लगातार आवाज उठाता रहेगा। उन्होंने कहा कि सरकार को युवाओं, बेरोजगारी और शिक्षा से जुड़े सवालों का जवाब देना चाहिए।

# महुआ शराब बरामद, आरोपित फरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गयाजी)।** थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी कर 20 लीटर देसी महुआ शराब बरामद की है। पुलिस को देखते ही आरोपी मौके से फरार हो गया। थानाध्यक्ष आलोक रंजन ने बताया कि गुप्त सूचना पर की गई कार्रवाई में सिंदुआरी गांव से शराब बरामद हुई है। इस संबंध में कोंच थाना कांड संख्या 367/26 के तहत बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम की धारा 30(ए) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपी की पहचान गौरी मांझी के रूप में हुई है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## सद्भावना क्रिकेट मैच में जनप्रतिनिधि-पत्रकार टीम की जीत, अखिलेश बने मैन ऑफ द मैच

**इमामगंज (नबिटा सं.)।** आपसी भाईचारा और बेहतर समन्वय बढ़ाने के उद्देश्य से सोमवार को इमामगंज नगर पंचायत कार्यालय की टीम तथा जनप्रतिनिधि-पत्रकार टीम के बीच सद्भावना क्रिकेट मैच खेला गया। वहीं टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नगर पंचायत की टीम ने 16 ओवर में 97 रन बनाए। रवि कुमार ने सर्वाधिक 47 रन बनाए जबकि अखिलेश प्रसाद ने चार विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए जनप्रतिनिधि-पत्रकार टीम ने छह विकेट से मैच जीत लिया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज।**

पत्रांक–1239 दिनांक–01.10.2026

अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – NP/05/2026-27)

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, डालटनगंज।
2. परिमाण विपत्र (निविदा कागजात) कीबिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक–13-10.2026 को 3:00 बजे अपराहन तक
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– दिनांक–14-10-2026 को 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक–14-10-2026 3.30 बजे अपराह्न में।
5. परिमाण विपत्र (निविदा कागजात) की बिक्री का स्थान :– (1) मुख्य अभियंता (यातायात) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड राँची, अभियंत्रण छात्रावास प्रथम तल्ला धुर्वा, राँची। (2) आरक्षी अधीक्षक, पलामू के कार्यालय परिसर में अधीक्षण अभियंता, प0 नि0 वि0, पथ अंचल, डालटनगंज से प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा। (3) आरक्षी अधीक्षक, पलामू के कार्यालय परिसर में कार्यपालक अभियंता, प0 नि0 वि0, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज से प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा।
6. निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान :– क्रमांक 5 (पांच) में उल्लेखित कार्यालयो में निर्धारित स्थानों पर
7. कार्य का विवरण :–

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु0 में) | अग्रधन की राशि (रु0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Ordinary Repair of Kajri-Patan-Manatu Road 0.00 to 16.00 Km | 10,00,000.00 | 20,000.00 | 1250.00 | 02 Months |
| 2 | पथ प्रमण्डल, डालटनगंज अंतर्गत गुण नियंत्रण प्रयोगशाला में उपकरणों की मरम्मति एवं यंत्र–सयंत्र की खरीदारी। | 5,00,000.00 | 10,000.00 | 750.00 | 02 Months |

नोटः– (1) निविदा आमंत्रण सूचना एवं निविदा की शर्त्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
(2) निर्धारित निविदा तिथि को सरकार द्वारा अवकाश घोषित होने पर निविदा आमंत्रण की तिथि अगले कार्य दिवस को होगी।
(3) प्राक्कलन की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग
पथ प्रमण्डल, डालटनगंज।

PR 391110 District(26-27)D


# 'मेरे सपनों का भारत' प्रतियोगिता में डॉ. प्रेम कुमार ने किया प्रतिभागियों को पुरस्कृत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गया।** भारतीय जनता पार्टी के सेवा संकल्प अभियान के तहत पूरे गया जिले के सरकारी एवं निजी विद्यालयों में आयोजित चित्रलेखा एवं भाषण प्रतियोगिता के विषय 'मेरे सपनों का भारत' के विजेता एवं प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का पुरस्कार वितरण समारोह आज जिला स्कूल, गया जी के अध्यापक सेमिनार हॉल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विद्यालयों से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। समारोह में बिहार विधानसभा के अध्यक्ष एवं गया शहर के विधायक डॉ. प्रेम कुमार ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया तथा सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि 'मेरे सपनों का भारत' जैसे विषयों पर आयोजित प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के भीतर राष्ट्र निर्माण की भावना, रचनात्मक सोच और अपने भविष्य के भारत के प्रति जिम्मेदारी का भाव विकसित करती हैं। आज के विद्यार्थी ही विकसित, आत्मनिर्भर और सशक्त भारत के भविष्य के निर्माता हैं। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने अपने चित्रों एवं भाषणों के माध्यम से विकसित, स्वच्छ, शिक्षित, आत्मनिर्भर एवं सशक्त भारत की अपनी कल्पनाओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी शिवनंदन गुप्ता, कार्यक्रम पदाधिकारी एवं नोडल पदाधिकारी नित्यम गौरव, भाजपा जिला अध्यक्ष विजय मांझी, कार्यक्रम संयोजक एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष गया जी (पूर्वी) विकास कुमार, अजय कुमार तनी, जिला मंत्री मुनीलाल, ऋषि लोहानी, धनंजय कुमार धीरू, वैभव चंद्र सिंह, राजनंदन प्रसाद गांधी, जितेंद्र कुमार, अमित पासवान, शिव मांझी सहित भाजपा के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों एवं शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना की। समारोह में सैकड़ों छात्र-छात्राओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को उत्साहपूर्ण बना दिया।

# सीएचसी कोंच के परिचारी का निधन, अस्पताल में शोक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गयाजी)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच के परिचारी अरविंद कुमार का सोमवार को बीमारी के कारण निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे और बहादुरपुर स्थित अपने आवास पर इलाज करा रहे थे। सोमवार को उन्होंने घर पर ही अंतिम सांस ली। वे बहादुरपुर गांव के निवासी थे और लंबे समय से सीएचसी कोंच में अपनी सेवा दे रहे थे। सहकर्मियों के अनुसार वे अपने काम के प्रति जिम्मेदार और मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे। उनके निधन की खबर मिलते ही सीएचसी के डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों में शोक छा गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नदीम अख्तर ने उनके निधन पर शोक जताया।


**Govt. of Jharkhand**
**Office Of the Executive Officer Nagar Panchayat Manjhiaon**

**Notice Inviting Tender**

**Very Short e- tender notice no. : 27/2026-27 Dated : 03.10.2026**

The under signed invites overall percentage rate bid for the work of mentioned in table below through e-Procurement from eligible and approved contractor registered in appropriate class in state Government Department and only UDHD of Jharkhand.. The bid shall be submitted online in the Website http://jharkhandtender.gov.in the bidder(s) should have necessary portal enrolment with their own Digital Signature Certificate:

| Sl. No. | Tender ID | Name of the Work | Estimated Cost(in Rs.) | Earnest Money (in Rs.) Online | Cost of tender paper (Rs.) Online | Time of completion | Head |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | UDHD/NPM/27/01/ 26-27 | Construction of RCC drain from Chaturgun Ram house to Sarikha Ram house at ward no 08 | 2181400 | 43628 | 5000 | 60 Days | नागरिक सुविधा |
| 02 | UDHD/NPM/27/02/ 26-27 | Construction of RCC drain from Shahid Khan house to Sarfraj Khan house (via Basharat Khan house) at ward no 10 | 2192700 | 43854 | 5000 | 60 Days | नागरिक सुविधा |
| 03 | UDHD/NPM/27/03/ 26-27 | Construction of RCC drain with slab from Chandradip Ram Land to Arun Mehta Land (Hume pipe) at ward no 11 | 2226000 | 44520 | 5000 | 60 Days | नागरिक सुविधा |

**Note :** Updated estimated cost should be considered for earnest Money.

➢ Period of availability of tenders online\date & time bidding on-line\last date of seeking clarification/of opening of tender papers are as give below:

| Sl. No. | Procurement Officer | Place of Opening E Tender | Availability of tender online for bidding | | Date & time of opening bid. |
|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E | F |
| | | | From | To | |
| 1. | Executive Officer ,Nagar Panchayat Manjhiaon | Office of Executive Officer , Nagar Panchayat Manjhiaon | Date-09.10.2026 Time 05:00 P.M | Date- 17.10.2026 Time 5:00 P.M. | Date 22.10.2026 Time 04:00 P.M |

**Note : 1.** Only e-Tender will be accepted.
2. Any change in BOQ can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
3. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
4. पथ निर्माण विभाग के संकल्प संख्या 2146(S) दिनांक 09.09.2020 के अनुसार 10 (दश) प्रतिशत से न्यून निविदाताओं के लिए Additional Performance Security के क्रम में परिमाण विपत्र की राशि से
(i) 10 से 20% Below की राशि का 20% तथा
(ii) 20% से अधिक Below की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू रहेगा।
5. उक्त निविदा https://udhd.jharkhand.gov.in पर भी देखा जा सकता है।
6. Helpline Number of E-Procurement cell- 7488858091, 8521156090
7. Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) is to be paid through online mode as per instruction of IT Department, Gov of Jharkhand (Letter No 120, Date 03.10.2023)

**Executive Officer,**
**Nagar Panchayat Manjhiaon**

**PR.NO.391147 Rural Development(26-27):D**


# 'सेवा सेतु' शिविर का एसबीपीडीसीएल एवं आरइसी के वरीय अधिकारियों ने किया निरीक्षण

## नए उपभोक्ताओं का पंजीकरण, बैंक खाता सत्यापन एवं ऋण प्रक्रिया की दी गई जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गया।** गया जिले के विभिन्न प्रखंडों में आमजनों को विद्युत एवं ऊर्जा से संबंधित सरकारी योजनाओं तथा सेवाओं का लाभ सहज एवं सुगम रूप से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'सेवा सेतु' शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में चंदौती प्रखंड में आयोजित सेवा सेतु शिविर का साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड एवं रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉर्पोरेशन के वरीय अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता संदीप प्रकाश एवं विद्युत कार्यपालक अभियंता, इएसडी गया ग्रामीण बिनोद कुमार सहित संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने शिविर में उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं, आमजनों की सुविधा तथा प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों के निष्पादन की स्थिति का जायजा लिया। यह विशेष अभियान 17 सितंबर 2026 से प्रारंभ होकर 17 अक्टूबर 2026 तक निरंतर संचालित किया जा रहा है। शिविर के माध्यम से विद्युत एवं ऊर्जा क्षेत्र से संबंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने के साथ-साथ उनकी समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। चंदौती प्रखंड में आयोजित सेवा सेतु शिविर के दौरान अब तक 28 नए उपभोक्ताओं/आवेदकों का सफलतापूर्वक पंजीकरण किया गया है। आरइसी की टीम द्वारा शिविर में विभिन्न वेंडरों के बैंक खाता सत्यापन से संबंधित समस्याओं एवं शिकायतों की जानकारी ली गई तथा कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया।

# इंटर्नशिप से व्यावहारिक शिक्षा और 'एक पेड़ पितरों के नाम' से पर्यावरण संरक्षण का संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय की शिक्षा पीठ की ओर से शिक्षा शास्त्र विभाग, गया कॉलेज, गया में विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम गया कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. सतीश सिंह चंद्र के दिशा-निर्देशन तथा शिक्षा शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. धनंजय धीरज के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान 'एक पेड़ पितरों के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ. धनंजय धीरज ने कहा कि इंटर्नशिप विद्यार्थियों को कक्षा-कक्ष की सैद्धांतिक शिक्षा को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है। उन्होंने विद्यार्थियों से इंटर्नशिप के दौरान सक्रिय सहभागिता, अनुशासन, जिम्मेदारी और नवाचार की भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय की शिक्षा पीठ एवं शिक्षा शास्त्र विभाग, गया कॉलेज, गया के बीच हस्ताक्षरित साझा करार के क्रियान्वयन का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

संपादकीय

# सड़क से संसद तक विपक्ष के निशाने पर ज्ञानेश

विपक्ष के सवालों के घेरे में तो चुनाव आयोग महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनावों के बाद से ही रहा है लेकिन 2 चुनाव आयुक्तों द्वारा 10 महीने में 14 बार आपत्तियों के मीडिया में खुलासे के बाद निशाने पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार हैं। तीन दिन की मशक्कत के बाद ज्ञानेश को दोनों चुनाव आयुक्तों सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी के साथ बैठक की तस्वीर और 'आयोग में सब कुछ ठीक' होने का दावा करने वाली प्रेस रिलीज जारी करने में तो सफलता मिल गई लेकिन 'सुधारात्मक कदमों' से सवालों और संदेहों की पुष्टि भी हो गई। यही कारण है कि कॉकारोच जनता पार्टी (सी.जे.पी.) से ले कर विपक्ष तक ने मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे, एस.आई.आर. से पहले की मतदाता सूची बहाल करने और ई.वी.एम. की बजाय बैलेट पेपर से ही चुनाव करवाने की मांग को ले कर सड़क पर उतरने का ऐलान कर दिया है। सी.जे.पी. ने मुंबई के शिवाजी पार्क से देशव्यापी आंदोलन की शुरूआत की है तो 'इंडिया' गठबंधन के बैनर तले 20 विपक्षी दलों ने भी दो अक्तूबर से व्यापक आंदोलन शुरू कर दिया है। भाजपा की 'बी टीम' बताई जाती रही बसपा की सुप्रीमो मायावती ने भी ईवीएम के बजाय बैलेट पेपर से चुनाव करवाने की मांग की है।

दो चुनाव आयुक्तों की आपत्तियों की बाबत एक अंग्रेजी अखबार द्वारा खुलासे से उत्साहित 'इंडिया' गठबंधन अपने आरोपों को ले कर राष्ट्रपति के पास भी जाएगा और संसद में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार गुप्ता के विरुद्ध महाभियोग भी लाएगा। चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति संबंधी कानून की वैधता के साथ ही चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली से जुड़ी याचिकाओं पर सर्वोच्च न्यायालय में सुनवाई में भी इस बीच किसी फैसले की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता लेकिन सत्तापक्ष और विपक्ष की निगाहें जन साधारण की प्रतिक्रियाओं पर ज्यादा रहेंगी। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनावों के बाद से ही चुनाव आयोग पर 'वोट चोरी' के आरोप लगाते रहे हैं, जो पश्चिम बंगाल के बाद 'सरकार चोरी' में बदल गए। चुनाव आयोग और सत्तारूढ़ दल भाजपा उन आरोपों को खारिज करते हुए कुछ विधानसभा चुनावों में विपक्ष की जीत को ले कर सवाल पूछते रहे लेकिन 2 चुनाव आयुक्तों द्वारा फॉर्म-6 समेत एस.आई.आर. प्रक्रिया तथा चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर आपत्ति के खुलासे से विपक्ष के तेवर ज्यादा आक्रामक हो गए हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ने भी पिछली बार राहुल गांधी से आरोपों पर हलफनामा देने या माफी मांगने की मांग जैसी तल्खी नहीं दिखाई। भाजपा ही उनका बचाव कर रही है। भाजपा का तर्क है, क्योंकि चुनावों की निष्पक्षता पर सवाल उठा कर विपक्ष उसकी सरकारों की वैधानिकता पर संदेह का माहौल बना रहा है, इसलिए उसे जवाब देना ही पड़ेगा। दरअसल चुनाव आयुक्त नियुक्ति कानून और खासकर ज्ञानेश कुमार की नियुक्ति के चलते चुनाव आयोग की स्वतंत्रता और निष्पक्षता पहले से ही संदेह और सवालों के घेरे में है। सर्वोच्च न्यायालय 2 बार टिप्पणी कर चुका है कि चुनाव आयोग को स्वतंत्र होना ही नहीं चाहिए, दिखना भी चाहिए। पिछली बार सर्वोच्च न्यायालय ने सवाल किया-'जब चयन समिति में प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष का नेता और प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक कैबिनेट मंत्री शामिल है, तब क्या यह व्यवस्था वास्तव में 'स्वतंत्र' है या सिर्फ स्वतंत्रता का दिखावा भर है? इस संरचना में कार्यपालिका का वर्चस्व स्पष्ट दिखाई पड़ता है।' न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने सवाल किया कि जब सी.बी.आई. निदेशक की नियुक्ति समिति में सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश शामिल होते हैं, तो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति समिति में किसी स्वतंत्र सदस्य को जगह क्यों नहीं दी गई?

# इस समय देश की आर्थिक वृद्धि की गति को बनाए रखने में बड़ी चुनौतियां

**इस समय कच्चे तेल के ऊंचे दाम, कमजोर मानसून और महंगाई देश की बड़ी चुनौतियां है. गत 18 सितंबर को अमेरिका में नए कानून के तहत ट्रम्प की मुट्ठी में भारत पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने की शक्ति आने से भी भारत की टैरिफ चुनौतियां बढ़ गई हैं. इस स्थिति ने देश की राजकोषीय नीति और मुद्रा प्रबंधन पर दोहरा दबाव बना दिया है. इन परिस्थितियों में देश के आर्थिक ढांचे को मजबूत बनाए रखने के लिए एक संतुलित और दूरदर्शी नीति की अत्यंत आवश्यकता है. ऐसे में पिछले माह 23-24 सितंबर को नई दिल्ली में सेवा तीर्थ में प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की दो दिवसीय चिंतन बैठक में लिए गए निर्णयों को कारगर तरीके से क्रियान्वित करने की राह पर आगे बढ़ना होगा. विनिर्माण क्षेत्र को गति देने और निजी निवेश को आकर्षित करने के काम को प्राथमिकता दी जानी होगी. इस बात पर ध्यान दिया जाना होगा कि जब तक निजी क्षेत्र बड़े पैमाने पर पूंजी लगाने के लिए आगे नहीं आता, तब तक केवल सरकारी खर्च के भरोसे उच्च विकास दर को बनाए रखना संभव नहीं है.**

जयंती लाल भण्डारी

एक अक्तूबर को वित्त मंत्रालय ने सितंबर 2026 की अपनी मासिक आर्थिक समीक्षा में कहा है कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें, वैश्विक वित्तीय स्थितियों में कड़ाई, अमेरिकी व्यापार नीतियों से जुड़ी अनिश्चितताएं, महंगाई और देश में कमजोर मानसून से निर्मित परिस्थितियां इस समय देश की आर्थिक वृद्धि की गति को बनाए रखने में बड़ी चुनौतियां बन गई हैं. इस परिदृश्य के कारण भारत की अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही यानी जुलाई से सितंबर में 7.3 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल कर सकती है. जबकि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भारत ने 7.8 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की थी. ऐसे में भारत भू-राजनीतिक ध्रुवीकरण और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में बढ़ते व्यवधानों के कारण अपनी विकास दर को लेकर बेफिक्र नहीं रह सकता.

देश के करीब एक तिहाई हिस्से में सूखे का संकट भी सामने दिखाई दे रहा है. भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक अल नीनो के असर से इस बार मानसून के सीजन में करीब 12.6 प्रतिशत बारिश कम रही है और ऐसे में देश के 38 प्रतिशत हिस्से में सूखे का खतरा है.

उल्लेखनीय है कि हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक के द्वारा प्रकाशित बुलेटिन 'स्टेट ऑफ द इकोनॉमी' के अनुसार देश की आर्थिक रफ्तार की राह पर वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताएं, कच्चे तेल की ऊंची कीमतें, ट्रम्प टैरिफ और कमजोर मानसून की चुनौतियां मुश्किलों के रूप में दिखाई दे रही हैं.लेकिन इसके बावजूद मजबूत घरेलू बुनियाद के दम पर देश की अर्थव्यवस्था दमदार बनी हुई है. एक ओर पूंजी प्रवाह और विभिन्न वित्तीय उपायों के दम पर 18 सितंबर 2026 तक भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 765.9 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है. प्रत्यक्ष विदेशी निवेश




(एफडीआई) प्रवाह चालू वित्त वर्ष की अप्रैल से जून तिमाही में 6 प्रतिशत बढ़कर 19.81 अरब डॉलर की ऊंचाई पर पहुंचकर पांच वर्षों के उच्चतम मासिक स्तर पर रहा है. वहीं दूसरी ओर सरकार किसी भी प्रकार की घरेलू और वैश्विक चुनौतियों का मुकाबला करने और आर्थिक रफ्तार बनाए रखने के लिए रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ रही है.

पिछले माह 23-24 सितंबर को नई दिल्ली में सेवा तीर्थ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिमंडल की चिंतन बैठक में विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं की सुगम आपूर्ति सुनिश्चित करने और विकास की राह में दिखाई दे रही चुनौतियों से निपटते हुए आर्थिक रफ्तार बनाए रखने के लिए रणनीतिक निर्णय लिए गए हैं.

साथ ही अब रिजर्व बैंक के द्वारा ब्याज दर बढ़ाने का परिदृश्य उभरता दिखाई दे रहा है. निस्संदेह अब तक वैश्विक आर्थिक चुनौतियों और अनिश्चितताओं के बीच पूरी दुनिया में जिस तरह भारत की आर्थिक साख बढ़ी है, अब उसे बनाए रखना एक चुनौती है. हाल ही में 23 सितंबर को एसएंडपी और फिच रेटिंग्स जैसी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों ने भारत की विकास दर के अनुमान को बढ़ाकर 7.1 प्रतिशत कर दिया है और कहा है कि इस प्रदर्शन के दम पर भारत जी-20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा.

वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर का पूर्वानुमान बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर दिया है, जो पहले 6 प्रतिशत रहने का अनुमान था. इस रिपोर्ट के मुताबिक पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक सुस्ती के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था में लचीलापन देखने को मिला है. भारत की जीडीपी वृद्धि अनुमान में बढ़ोत्तरी का मुख्य आधार मजबूत घरेलू मांग, निजी खपत में लगातार सुधार और बुनियादी ढांचा क्षेत्र में सरकारी व निजी निवेश में आई तेजी है.

मूडीज ने भारत की सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग को 'बीएए 3' पर बनाए रखा है और देश के आर्थिक आउटलुक को 'स्थिर' रखा है.

यह बात भी महत्वपूर्ण है कि चालू वित्त वर्ष में 17 सितंबर तक देश का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह सालाना आधार पर 12.96 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि के साथ 12.12 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया है. यह आंकड़ा चालू वित्त वर्ष के लिए निर्धारित 26.97 लाख करोड़ रुपए के कुल बजट लक्ष्य का लगभग 45 प्रतिशत है. इस सकारात्मक बढ़ोत्तरी में सबसे बड़ा योगदान अग्रिम कर का रहा, जो 16.18 प्रतिशत बढ़कर 5.22 लाख करोड़ रुपए दर्ज किया गया. सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 15 प्रतिशत बढ़कर 14.32 लाख करोड़ रुपए के स्तर को छू गया. निस्संदेह अब देश और दुनिया के बदलते माहौल के बीच भारत के लिए वृद्धि दर बनाए रखना भी एक कठिन काम है.

भारत के सामने कई चुनौतियां उभर कर दिखाई दे रही हैं. इस समय कच्चे तेल के ऊंचे दाम, कमजोर मानसून और महंगाई देश की बड़ी चुनौतियां हैं. गत 18 सितंबर को अमेरिका में नए कानून के तहत ट्रम्प की मुट्ठी में भारत पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने की शक्ति आने से भी भारत की टैरिफ चुनौतियां बढ़ गई हैं. इस स्थिति ने देश की राजकोषीय नीति और मुद्रा प्रबंधन पर दोहरा दबाव बना दिया है.इन परिस्थितियों में देश के आर्थिक ढांचे को मजबूत बनाए रखने के लिए एक संतुलित और दूरदर्शी नीति की अत्यंत आवश्यकता है. ऐसे में पिछले माह 23-24 सितंबर को नई दिल्ली में सेवा तीर्थ में प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की दो दिवसीय चिंतन बैठक में लिए गए निर्णयों को कारगर तरीके से क्रियान्वित करने की राह पर आगे बढ़ना होगा. विनिर्माण क्षेत्र को गति देने और निजी निवेश को आकर्षित करने के काम को प्राथमिकता दी जानी होगी. इस बात पर ध्यान दिया जाना होगा कि जब तक निजी क्षेत्र बड़े पैमाने पर पूंजी लगाने के लिए आगे नहीं आता, तब तक केवल सरकारी खर्च के भरोसे उच्च विकास दर को बनाए रखना संभव नहीं है. ऐसे में निजी निवेश को बढ़ावा देने के लिए रणनीतिपूर्वक निजी निवेश को हरसंभव प्रोत्साहन, व्यापारिक प्रक्रियाओं को सरल बनाना, ढांचागत सुविधाओं में सुधार करना और नीतिगत सरलता प्रदान करना बेहद आवश्यक है.

अध्यात्म

## मुश्किलों का सामना मुस्कान के साथ करना चाहिए

स्वामी विवेकानंद मुस्कुराए। उन्होंने उस व्यक्ति से कहा, 'यदि तुम इस प्रश्न का उत्तर समझना चाहते हो, तो पहले एक काम करो। पांच सेर का एक पत्थर लो, उसे कपड़े में बांधो और अपनी कमर से बांधकर पूरे दिन ऐसे ही रहो। कल सुबह इसी अवस्था में मुझसे मिलना। मैं तुम्हें तुम्हारे प्रश्न का उत्तर समझा दूंगा।' उस व्यक्ति ने स्वामी जी की बात मान ली। उसने पांच सेर का एक पत्थर लिया और अपनी कमर पर बांध लिया। वह पूरे दिन उस भारी पत्थर को कमर में बांधकर घूमता रहा। कुछ ही घंटों में उसे भारी असहजता, थकान और दर्द महसूस होने लगा। जब उससे ये दर्द सहन नहीं हुआ, तो वह स्वामी जी के पास पहुंचा। वह बोला, 'स्वामी जी, यह तो बहुत कठिन था। मैं एक दिन भी यह बोझ नहीं सह पाया। आपने ऐसा करने को क्यों कहा?' स्वामी विवेकानंद ने शांत स्वर में उत्तर दिया, 'तुम एक पत्थर का भार कुछ घंटे भी सहन नहीं कर पाए, जबकि एक मां अपने बच्चे को नौ महीने अपने गर्भ में रखती है। वह केवल शारीरिक नहीं, बल्कि मानसिक और भावनात्मक कष्ट भी सहती है। फिर भी वह मुस्कुराती है, घर संभालती है और अपने कर्तव्यों से पीछे नहीं हटती।' यह सुनकर उस व्यक्ति की आंखें भर आईं। उसे समझ आ गया कि मां का त्याग सबसे महान है। इसलिए मां को महान कहा गया है। मां की सबसे बड़ी विशेषता उसकी सहनशीलता है। जीवन हमेशा हमारे अनुसार नहीं चलता है। ऐसे में धैर्य रखना और परिस्थितियों को समझकर प्रतिक्रिया देना एक मजबूत व्यक्तित्व की पहचान है। सहनशीलता का गुण मां से सीख सकते हैं। मां बिना किसी स्वार्थ के अपने परिवार के लिए जीती है। जीवन में जब हम दूसरों की भलाई के लिए सोचते हैं, काम करते हैं, तो हमारे रिश्ते और सामाजिक जीवन अधिक मजबूत बनते हैं।मां के प्रति सम्मान केवल शब्दों में नहीं, बल्कि व्यवहार में होना चाहिए। यह जरूरी है कि हम अपने आसपास के हर व्यक्ति, विशेषकर महिलाओं का सम्मान करें, मां के त्याग को समझें और मां को हमेशा खुश रखने की कोशिश करें।

मां कठिन परिस्थितियों में भी अपनी भावनाओं को नियंत्रित रखती है। यह गुण हमें सिखाता है कि गुस्से या दुख के दिनों में भी भावनात्मक नियंत्रण बनाए रखना चाहिए, तभी जीवन में सुख-शांति मिलती है। मां हमेशा अपनी जिम्मेदारियों को पहले रखती है। हमें भी अपने कर्तव्यों को प्राथमिकता देनी चाहिए।

# हर आठ मिनट में एक बच्चा लापता, तस्करी के जाल में सिसकता बचपन

**देश में मानव और बाल तस्करी पर रोकथाम के लिए कई कानून मौजूद हैं। संविधान का अनुच्छेद-23 मानव तस्करी और जबरन श्रम यानी बेगार को प्रतिबंधित करता है। वहीं, अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम-1956, बाल संरक्षण अधिनियम-2012 और किशोर न्याय अधिनियम-2000 जैसे कानून भी मौजूद हैं। इसके अलावा केंद्र सरकार मानव तस्करी रोधी इकाई स्थापित करने के लिए राज्यों को वित्तीय सहायता मुहैया कराती है, ताकि सही जांच और अपराधियों का एक डेटाबेस तैयार किया जा सके। देश भर में इस तरह की आठ सौ से अधिक इकाइयां काम कर रही हैं। इन्हें निर्भया कोष से सौ करोड़ रुपए की मदद उपलब्ध कराई गई है। इतना सब कुछ होने के बाद भी अगर देश भर में हर एक मिनट में आठ बच्चे लापता हो रहे हैं, तो यह व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। जाहिर है, सिर्फ कानून बना देने या सुरक्षा ढांचे के विस्तार से समस्या हल नहीं हो सकती। जरूरत कानून प्रवर्तन एजंसियों को सतर्क, संवेदनशील और जवाबदेह बनाने की है।**

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी 2018 से 30 जून 2023 तक 2,75,125 बच्चे लापता हुए, जिनमें 62 हजार से अधिक लड़के और दो लाख से ज्यादा लड़कियां हैं।सबसे ज्यादा 61,102 बच्चे मध्य प्रदेश से गायब हुए, जिनमें 49,024 लड़कियां और 12,078 लड़के हैं।

भारत में बाल तस्करी ने एक ऐसी गंभीर समस्या का रूप ले लिया है, जो बच्चों के अधिकारों और भविष्य को नष्ट कर रही है। तस्करी के शिकार बच्चों को न केवल शारीरिक, बल्कि मानसिक प्रताड़ना भी झेलनी पड़ती है। बच्चों को अगवा करने के बदलते तौर-तरीके गहरी चिंता पैदा करते हैं। लापता होने वाले बच्चों के सरकारी आंकड़े रोंगटे खड़े कर देते हैं। देश भर में हर साल हजारों बच्चे लापता हो जाते हैं। औसतन हर आठ मिनट में एक बच्चा लापता हो जाता है। इस पर विडंबना यह है कि कड़े कानूनों के बावजूद लापता बच्चों की बरामदगी की दर काफी कम है।

बाल तस्कर गिरोह बच्चों को अगवा कर कई बार उन्हें बाल श्रम या भिक्षावृत्ति के जरिए अपने लिए आय के साधन के रूप में इस्तेमाल करते हैं। यही नहीं, ऐसे बच्चों को यौन शोषण और अंगों की तस्करी का दंश भी झेलना पड़ता है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर बाल तस्कर गिरोहों पर कानून का शिकंजा क्यों नहीं कस पा रहा है? सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी 2018 से 30 जून 2023 तक 2,75,125 बच्चे लापता हुए, जिनमें 62 हजार से अधिक लड़के और दो लाख से ज्यादा लड़कियां हैं। सबसे ज्यादा 61,102 बच्चे मध्य प्रदेश से गायब हुए, जिनमें 49,024 लड़कियां और 12,078 लड़के हैं। दूसरे स्थान पर पश्चिम बंगाल है, जहां 49,129 बच्चे लापता हुए, जिनमें 41,808 लड़कियां और 7,321 लड़के हैं। तीसरा स्थान कर्नाटक का है, जहां 27,528 लापता बच्चों में 18,893 लड़कियां और 8,635 लड़के हैं। इसी तरह गुजरात में 20,081 लापता बच्चों में 16,432 लड़कियां और 3,649 लड़के हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में इस दौरान 22,964 बच्चे लापता हुए, जिनमें 15,365 लड़कियां और 7,599 लड़के हैं।

वर्ष 2024 के आंकड़े भी कम नहीं हैं, इस दौरान देश भर में 98,375 बच्चे लापता हुए, जो 2023 की तुलना में आठ फीसद ज्यादा हैं। यह और भी चिंताजनक है कि इन आंकड़ों में लड़कियों की संख्या कहीं ज्यादा है।

एक और सरकारी आंकड़ा चिंता को बढ़ाता है। वर्ष 2023 में करीब बीस हजार बच्चे ऐसे थे, जो देश की सड़कों पर रहते थे। इनमें दस हजार बच्चे ही अपने परिवारों के साथ रहते थे, बाकी सभी बेघर एवं बेसहारा थे। ऐसे बच्चे भी बाल श्रम, अंग तस्करी या यौन अपराधियों का शिकार बनते हैं। सर्वोच्च न्यायालय को केंद्र सरकार की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, वर्ष 2020 से लगभग 36 हजार बच्चे लापता हैं, जिन्हें अब तक खोजा नहीं जा सका। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो यानी एनसीआरबी के आंकड़ों से पता चलता है कि वर्ष 2022 में बच्चों के अपहरण के 16,262 मामले दर्ज हुए। वर्ष 2023 में देश भर में कुल 91,296 बच्चे लापता हुए, जिनमें 22,460 लड़के और 68,835 लड़कियां थीं। जबकि 2022 में यह संख्या 83,350 थी। यानी लापता बच्चों की संख्या में 9.5 फीसद की वृद्धि हुई। इन आंकड़ों को सार्वजनिक करने में बीस माह की देरी हुई और इसके लिए सत्यापन तथा मिलान का हवाला दिया गया। ये तो वे आंकड़े हैं, जो पुलिस और अन्य जांच एजंसियों के पास दर्ज होते हैं। मगर ऐसे भी कई मामले होते हैं, जो पुलिस में दर्ज ही नहीं हो पाते।

बाल श्रम पर काम करने वाली संस्था कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन की एक रिपोर्ट बताती है कि कोविड-19 के बाद बच्चों की तस्करी के मामले 68 फीसद तक बढ़े। वर्ष 2016 से 2022 तक 13,549 बच्चों को तस्करी से बचाया गया, जिनमें से अस्सी फीसद बच्चे 13 से 18 साल के थे।

तकनीक के इस दौर में बाल तस्करी के नए तौर-तरीके सामने आना चिंता बढ़ाता है। इसमें आनलाइन मंच का उपयोग कर दूर बैठे तस्कर पहले बच्चों से मेल-जोल बढ़ाते हैं और फिर उन्हें अपनी गिरफ्त में ले लेते हैं। वहीं, राष्ट्रीय स्तर पर लापता बच्चों का पता लगाने की दर करीब पैंसठ फीसद है, जिसे संतोषजनक नहीं माना जा सकता। यह दर केरल में 95.9 फीसद, आंध्र प्रदेश में 85.7 फीसद, तमिलनाडु में 80.3 फीसद और मध्य प्रदेश में 69.8 फीसद है। इनमें वह आंकड़ा शामिल नहीं है, जिसमें ऐसे बच्चों की बरामदगी हुई है, जिनके लापता होने की रिपोर्ट दर्ज नहीं थी।

सबसे पहले बच्चों के लापता होने और तस्करों के जाल में फंसने के कारणों को समझने की जरूरत है। अशिक्षा, गरीबी और बेरोजगारी के अलावा सामाजिक भेदभाव भी इसके प्रमुख कारण हैं। आर्थिक तंगी के कारण दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के बच्चों पर तस्करी का जोखिम सबसे ज्यादा होता है। इन समुदायों में माता-पिता अक्सर काम के लिए अपने बच्चों को ठेकेदारों या जान-पहचान वालों के साथ भेज देते हैं, जहां वे बाल तस्कर गिरोहों के जाल में फंस जाते हैं और उनका लौटना मुश्किल हो जाता है।

बच्चों की गुमशुदगी पर सर्वोच्च न्यायालय भी गहरी चिंता जता चुका है। इस वर्ष फरवरी में शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार से देश के विभिन्न हिस्सों से बच्चों के लापता होने की घटनाओं के पीछे किसी राष्ट्रव्यापी या राज्य-विशिष्ट गिरोह की मौजूदगी का पता लगाने को कहा था। साथ ही कहा था कि यह पता लगाना जरूरी है कि इन मामलों के पीछे कोई समानता है या ये आकस्मिक घटनाएं हैं।

शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार को सभी राज्यों से बच्चों के लापता होने के आंकड़े एकत्र करने को भी कहा था। न्यायालय ने सुझाव दिया कि बचाए गए बच्चों से पूछा जाना चाहिए कि ऐसी घटनाओं के लिए कौन जिम्मेदार है। सरकार की ओर से अदालत में कहा गया कि कुछ राज्यों ने लापता बच्चों और अभियोजन से संबंधित आंकड़े दिए हैं। मगर इनका विश्लेषण तभी किया जा सकता है, जब केंद्र को पूरे आंकड़े मिल जाएं। तब अदालत ने सभी राज्यों को आंकड़े उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे।

देश में मानव और बाल तस्करी पर रोकथाम के लिए कई कानून मौजूद हैं। संविधान का अनुच्छेद-23 मानव तस्करी और जबरन श्रम यानी बेगार को प्रतिबंधित करता है। वहीं, अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम-1956, बाल संरक्षण अधिनियम-2012 और किशोर न्याय अधिनियम-2000 जैसे कानून भी मौजूद हैं। इसके अलावा केंद्र सरकार मानव तस्करी रोधी इकाई स्थापित करने के लिए राज्यों को वित्तीय सहायता मुहैया कराती है, ताकि सही जांच और अपराधियों का एक डेटाबेस तैयार किया जा सके। देश भर में इस तरह की आठ सौ से अधिक इकाइयां काम कर रही हैं। इन्हें निर्भया कोष से सौ करोड़ रुपए की मदद उपलब्ध कराई गई है।इतना सब कुछ होने के बाद भी अगर देश भर में हर एक मिनट में आठ बच्चे लापता हो रहे हैं, तो यह व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। जाहिर है, सिर्फ कानून बना देने या सुरक्षा ढांचे के विस्तार से समस्या हल नहीं हो सकती। जरूरत कानून प्रवर्तन एजंसियों को सतर्क, संवेदनशील और जवाबदेह बनाने की है। साथ ही ऐसे मामलों के त्वरित निपटारे के लिए विशेष अदालतों का गठन करना भी आज के समय की मांग है, ताकि बच्चों के वर्तमान और भविष्य को सुरक्षित बनाया जा सके।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज सुख साधनों की प्राप्ति होगी। दिन सुखद रहेगा। आप परिवार के साथ वक्त बिता पाएंगे और कहीं फैमिली ट्रिप का भी प्लान बन सकता है।

**वृषभ**
आज नया और रोमांचक काम कर सकते हैं। आपका पारिवारिक जीवन प्रेमपूर्ण रहेगा। कला संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कोई चाहत भी आपकी पूरी होगी।

**मिथुन**
आज भावनात्मक उथल-पुथल वाला दिन है। आज भावनात्मक रूप से उथल-पुथल वाला रहेगा। मन में आपके कई तरह के विचार आकर उलझाएंगे लेकिन आपको संयम से काम लेना होगा।

**कर्क**
आज अनचाहा खर्च करना पड़ सकता है। आपको किसी उपकरण और सुख साधनों पर अनचाहा खर्च करना पड़ सकता है। आर्थिक लाभ सामान्य रहेगा।

**सिंह**
आज आपको मानसिक उलझन हो सकती है। दिन सामान्य रहेगा। दिन की शुरुआत में सुस्ती रहेगी और मन आपका कई तरह के विचारों में खोया रहेगा।

**कन्या**
आज, बुद्धि अनुभव का लाभ मिलेगा। दिन आर्थिक रूप से लाभदायक रहेगा। आपको उपहार की भी प्राप्ति हो सकती है। आप अपने लिए कुछ खरीदारी कर सकते हैं।

**तुला**
आज पड़ोसियों से तालमेल और सहयोग बढ़ेगा। आज प्रसन्न रहेंगे। आपको अपनी रुचि के अनुसार काम करने का मौका मिलेगा। किसी बात को लेकर आप जिद भी करेंगे।

**वृश्चिक**
आज, आपके खर्च में वृद्धि हो सकती है। दिन मानसिक उलझन भरा रहेगा। आपके खर्च में वृद्धि हो सकती है। सेहत के प्रति भी आपको ध्यान रखना होगा, सिरदर्द और मानसिक तनाव का भी आपको सामना करना पड़ सकता है।

**धनु**
आज, आर्थिक मामलों में भाग्य का साथ मिलेगा। आज का दिन अनुकूल रहेगा। बीते दिनों की चिंता और तनाव का समाधान मिलेगा। परिवार का सहयोग बना रहेगा। आर्थिक मामलों में भाग्य का साथ भी आपको प्राप्त होगा।

**मकर**
आज अप्रत्याशित खर्च का सामना करना पड़ सकता है। दिन सामाजिक मामलों में सक्रियता बढ़ाने वाला रहेगा। आपके काम में गति बनी रहेगी। परिवार से आपको सहयोग मिलेगा।

**कुंभ**
आज भौतिक सुख साधनों की प्राप्ति होगी। आज का दिन रोमांटिक रहेगा। जीवनसाथी के साथ आपको सुखद और प्रेमपूर्ण समय बिताने का मौका मिलेगा।

**मीन**
आज नया काम और जिम्मेदारी मिल सकती है। दिन मानसिक उलझन भरा रहेगा। आपको किसी विषय में निर्णय लेने में परेशानी हो सकती है। संतान संबंधी विषयों को लेकर भी चिंता रह सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### 'त्वं ही दुर्गा' युवती सम्मेलन का भव्य आयोजन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और गंगा देवी महिला महाविद्यालय द्वारा आयोजित 'त्वं ही दुर्गा' युवती सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आज की युवतियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व और भारतीय संस्कृति के प्रति गौरव का भाव जागृत करना था। मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्या



प्रो. श्यामा राय, जिला प्रमुख डॉ. नंदिनी नारायण, पूर्व संयुक्त सचिव कुमारी अपराजिता ठाकुर, पटना एम्स की डॉ. वीणा सिंह और छात्रा कार्यकर्ता प्रियंका जी उपस्थित थीं। सबने कहा आज की नारी अबला नहीं सबला है, और उसे अपने अंदर की दुर्गा को पहचानना है। इस अवसर पर महाविद्यालय की सैकड़ों छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### केमिस्ट जागरूकता अभियान आयोजित

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के महादेव पैलेस अलखनाथ रोड में बाढ़ केमिस्ट एंड ड्रजिस्ट एसोसिएशन की आमसभा सह चुनाव का आयोजन किया गया। बिहार केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के महासचिव प्रभाकर कुमार ने कहा कि ऑनलाइन दवा वितरण की व्यवस्था ने खुदरा कारोबारी के लिए समस्या पैदा कर दिया। इस मौके पर केमिस्ट जागरूकता अभियान भी चलाया गया। इस दौरान बाढ़ इकाई का निर्विरोध चुनाव संपन्न कराया गया जिसके अंतर्गत अशोक कुमार सिंह को अध्यक्ष, संजय कुमार को सचिव, राजीव रंजन सिंह को कोषाध्यक्ष, उमेश प्रसाद को उपाध्यक्ष, अरुण कुमार सिंह को संगठन सचिव, राम शंकर सिंह को संयुक्त सचिव निर्वाचित घोषित किया गया।मौके पर जेपी सिंह सहित काफी संख्या में बाढ़ अनुमंडल के दवा कारोबारी मौजूद रहे।

### नाई संघ ने की प्रदेश केशकला बोर्ड के गठन की मांग

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के मेन रोड में अखिल भारतीय नाई संघ ट्रेड यूनियन की बैठक चंद्रमौली प्रसाद अध्यक्षता में आयोजित की गई।मंच संचालन मृत्युंजय शर्मा ने किया। मुख्य अतिथि देव कृष्ण ठाकुर प्रदेश अध्यक्ष, रंजीत कुमार, कृष्ण ठाकुर, अखिलेश ठाकुर, रंजीत कुमार अकेला आदि ने नाई की समस्याओं की चर्चा के साथ प्रदेश केश कला बोर्ड का गठन करने की मांग राज्य सरकार से की गई। संगठन जिला बाढ़ का अध्यक्ष भोला ठाकुर, सचिव बिनेस ठाकुर एवं विद्यार्थी कुमार को कोषाध्यक्ष बनाये गये।

### चॉकबॉल के प्रदेश टीम में ज्यादातर खिलाड़ी बाढ़ के

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** असम में 8 अक्टूबर से शुरू होने वाले 17वां जूनियर नेशनल चॉकबॉल चैम्पियनशिप को लेकर गठित बालक एवं बालिका टीम में ज्यादातर खिलाड़ी बाढ़ के शामिल किए गए हैं। चॉकबॉल संघ के प्रदेश सचिव धर्मराज दुबे की अध्यक्षता में संत डिवाइन स्कूल के ग्राउंड में ट्रायल में चयनित खिलाड़ियों द्वारा पूर्वाभ्यास किया गया। जिसमें बिहार टीम के कैप्टन संध्या कुमारी के नेतृत्व में नेशनल गेम आसाम के लिए दिनांक 6 अक्टूबर को टीम रवाना होगी । इस टीम में अधिकांश खिलाड़ी बाढ़ के है । इस को लेकर मौके पर स्थानीय खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों को शुभकामना दी है।

### ई रिक्शा और बाइक टकराई, दो जख्मी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भदौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पोखर पर गांव के पास ई रिक्शा और बाइक के बीच रविवार की शाम को टक्कर हो गई जिसमें बाढ़ के मलाही निवासी ई रिक्शा चालक इसलोक पासवान और नालंदा जिले के सरमेरा निवासी बाइक सवार राहुल कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गये। दोनों को पुलिस ने अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उन्हें पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। उनकी हालत गंभीर बनी हुई हैं।

### विधायक ने किया योजनाओं का उद्घाटन

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विधायक डॉ. सियाराम सिंह ने रविवार को बाढ़ विधानसभा क्षेत्र के मसत्थु एवं साईसतापुर गांव में मुख्यमंत्री विकास निधि से कराए गए विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद डॉ. भीम सिंह चन्द्रवंशी भी उपस्थित रहे।विधायक डॉ. सियाराम सिंह ने कहा कि जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनना और क्षेत्र की जरूरतों के अनुसार विकास कार्यों को आगे बढ़ाना उनकी प्राथमिकता रही है। उनका प्रयास है कि बाढ़ विधानसभा क्षेत्र के हर गांव तक विकास का लाभ पहुचे । मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। इस दौरान कई ग्रामीण समस्याओं का भी निपटारा किया गया।



### चाकूबाजी कांड के आरोपी को 7 साल की सजा

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ थाना क्षेत्र के मोरियांवा गांव में हुए चर्चित चाकूबाजी कांड में कोर्ट ने आरोपी को सजा सुनाई है। सत्र वाद संख्या 1288/2023 में सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम संकाश चंद्र ने आरोपी चंद्रदेव पासवान, पिता स्व. अर्जुन पासवान, ग्राम - चतरमा, थाना - धनरुआ,को हत्या का प्रयास) में दोषी करार दिया है।कोर्ट ने आरोपी को 7 वर्ष के सश्रम कारावास और 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। जुमार्नां नहीं देने पर अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। बताते चलें कि 19 जून 2023 की रात मोरियांवा में 15 हजार रुपये के लेन-देन के विवाद को लेकर चंद्रदेव पासवान ने रोहित पासवान के पेट में चाकू घोंप दिया था, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। और पिस्तौल के बल पर जान मारने की धमकी दी थी, इस मामले में वादी पिंकू सिंह उर्फ पिंटू सिंह, पिता स्व. रामबाबू सिंह, ग्राम - मोरियांवा ने धनरुआ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी।

### युवक पर लोहे के रॉड से हमला, प्राथमिकी दर्ज

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भगवानगंज थाना क्षेत्र के खैनिया गांव में मारपीट की घटना सामने आई है। खेत से काम कर घर लौट रहे एक युवक को पड़ोसियों ने लोहे के रॉड और ईंट-पत्थर से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित - संजीव कुमार, उम्र करीब 30 वर्ष, पिता यशवंत सिंह, ग्राम रौनिया, ने आरोपी बबिता देवी, उम्र करीब 40 वर्ष, पति पप्पू यादव,सचिन कुमार, उम्र करीब 16 वर्ष, पिता पप्पू यादव दोनों ग्राम खैनिया थाना भगवानगंज के निवासी है।पीड़ित ने थाने में दिये आवेदन में बताया कि दोपहर करीब 2:30 बजे वह खेत से काम कर घर जा रहा था, तभी गांव के ही दोनों आरोपियों ने बेवजह गाली-गलौज शुरू कर दी और जान मारने की नीयत से लोहे के रॉड और ईंट-पत्थर से हमला कर दिया। हमले में उसका सिर बुरी तरह जख्मी हो गया और पूरे शरीर में चोट और सूजन आ गई। भगवानगंज पुलिस ने आवेदन के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिला के साथ मारपीट और छिनतई

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ थाना क्षेत्र के जहानपुर गांव में एक महिला के साथ मारपीट, कपड़ा फाड़ने और सोने के जेवरात छीनने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता सावित्री देवी, पति उमेश प्रसाद सिंह, ग्राम - जहानपुर, वार्ड-4, थाना - धनरुआ ने आरोपी - बालकेशी सिंह, पिता स्व. पोखराज महतो और उसकी पत्नी सुनैना देवी, दोनों ग्राम जहानपुर के खिलाफ थाने में केस दर्ज करवाया है। पीड़िता ने बताया कि रात करीब 9 बजे वह पड़ोस से दशकर्म का खाना खाकर घर लौट रही थी। रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे बालकेशी सिंह और उसकी पत्नी ने उसे रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर दोनों ने लाठी-डंडे से मारपीट की और कपड़ा फाड़ दिया। आरोप है कि इसी दौरान गले से सोने का मंगलसूत्र और जिउतिया भी छीन लिया गया।शोर सुनकर ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर महिला को बचाया। सूचना पर डायल 112 की टीम रात करीब 11 बजे मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर लौट गई। पीड़िता का आरोप है कि अगले दिन सुबह करीब 7 बजे दोनों आरोपी फिर उसके घर में घुस गए और मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

# मोकामा में आज से शुरू हुआ नया रेल पुल, अब तीन लाइनों पर से दौड़ेंगी ट्रेनें

**देर रात महानंदा एक्सप्रेस ने पहली बार नए पुल से गंगा पार की, 90 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ी ट्रेन**



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में गंगा के ऊपर बना नया रेल पुल अब सिर्फ इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट नहीं, बल्कि उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच तेज रेल कनेक्टिविटी की नई कड़ी बन गया है। करीब 2,400 करोड़ रुपये की लागत से बने मोकामा के नए डबल लाइन रेल पुल पर सोमवार यानि कि आज से ट्रेनों की आवाजाही शुरू हो गई। रेल संरक्षा आयुक्त की मंजूरी के बाद इसे यात्री और माल परिवहन के लिए खोला गया है।

#### 70 साल पुराने राजेंद्र सेतु का दबाव होगा कम

नया पुल मौजूदा राजेंद्र सेतु के समानांतर बनाया गया है। करीब सात दशक पुराने राजेंद्र सेतु पर अभी भी ट्रेनें चलती रहेंगी। फर्क यह होगा कि अब उसके सिंगल रेल ट्रैक पर पहले जैसा दबाव नहीं रहेगा। पुराना पुल सिंगल लाइन होने के कारण मोकामा-बरौनी रेलखंड का बड़ा बॉटलनेक बना हुआ था। कई बार ट्रेनों को आउटर पर इंतजार करना पड़ता था। नई डबल लाइन इस स्थिति को काफी हद तक बदल सकती है।

#### अब मोकामा-बरौनी रेलखंड पर 3 रेल लाइनें

नए पुल के चालू होने के बाद मोकामा-बरौनी रेलखंड पर कुल तीन रेल लाइनें उपलब्ध हो गई हैं। रेलवे के मुताबिक इससे इस रूट की ट्रैफिक क्षमता करीब 2.5 गुना तक बढ़ने का अनुमान है। पहले चरण में पटना-बेगूसराय-बरौनी रूट की करीब 24 से 30 पैसेंजर, एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों को नए ट्रैक पर चलाने की व्यवस्था की गई है। पूर्वोत्तर भारत की ओर जाने वाली लंबी दूरी की ट्रेनें और मालगाड़ियां भी इसका लाभ उठाएंगी। नए पुल पर ट्रेनों की गति पुराने राजेंद्र सेतु के मुकाबले ज्यादा रखी जा सकेगी। रेलवे इंजीनियरों के अनुसार यहां ट्रेनें करीब 90 से 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकेंगी। इससे सिर्फ ट्रेनों की संख्या बढ़ाने में मदद नहीं मिलेगी, बल्कि व्यस्त रूट पर परिचालन को अधिक सुचारू बनाने में भी मदद मिलेगी।

#### 15.5 किमी का पूरा प्रोजेक्ट, कई जिलों को फायदा

पूरा प्रोजेक्ट करीब 15.5 किलोमीटर लंबा है। इसमें गंगा पर लगभग 1.9 किलोमीटर का मुख्य रेल पुल और करीब 3.6 किलोमीटर रेल वायडक्ट शामिल है। मुख्य पुल में 17 स्टील स्पैन बनाए गए हैं। नया पुल राजेंद्र सेतु से करीब 50 मीटर की दूरी पर है। उत्तर दिशा में यह हाथीदह, टाल और रामपुर डुमरा से जुड़ता है, जबकि दक्षिण दिशा में मौजूदा रेल नेटवर्क से कनेक्टिविटी बनी है। इसका फायदा बेगूसराय, लखीसराय, खगड़िया, समस्तीपुर, सहरसा, पूर्णिया, कटिहार, पटना, अररिया, किशनगंज, गया और नवादा समेत कई क्षेत्रों को मिलने की उम्मीद है।

#### बिहार की रेल कनेक्टिविटी को मिलेगा नया आधार

नए पुल से उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच रेल संपर्क मजबूत होगा। यात्रियों के साथ मालगाड़ियों के लिए भी अतिरिक्त क्षमता उपलब्ध होगी। खासकर पूर्वोत्तर भारत की ओर जाने वाले रेल नेटवर्क में इसका असर महत्वपूर्ण हो सकता है। रेलवे के मुताबिक यह परियोजना पुराने राजेंद्र सेतु पर दबाव घटाने के साथ बिहार के परिवहन और व्यापार को नई गति देने वाली आधारभूत संरचना साबित हो सकती है।

## बाढ़ में सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

**परिजनों और ग्रामीणों ने किया सड़क जाम**

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के नदमा गांव के पास रविवार को एनएच 31ए के विद्युत पावर ग्रिड के पास बाइक और पिकअप के बीच हुई सीधी भिड़ंत में दो बाइक सवार की मौत हो गई। अपने गांव नदमा से मोटरसाइकिल से बाढ़ की तरफ जा रहे दो युवकों को पिकअप वैन ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमें दोनों युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गये जिन्हें ईलाज के लिए बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सक ने विशाल कुमार 20 को जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे जख्मी पीयूष कुमार 19 को बेहतर इलाज के लिए पटना भेजा गया। जहां युवक की रास्ते में मौत हो गई। दो युवकों की मौत के बाद परिजन और ग्रामीणों के द्वारा बेढना फोरलेन एप्रोच रोड के पास यातायात व्यवस्था को बाधित करते हुए जाम लगा दिया। उसके बाद हजारों गाड़ियों की लाइन लग गई है। घटना की सूचना पाकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने मौके पर पहुंचकर लोगों को उचित कार्रवाई का भरोसा दिया ।दो घंटे बाद जाम को हटाया गया। इस दौरान परिजन को पारिवारिक लाभ की राशि यथाशीघ्र दिए जाने की बात कही गई। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान 20 वर्षीय विशाल कुमार पिता संजय सिंह और दूसरा युवक पीयूष कुमार 19 वर्ष पिता हरे राम सिंह के रूप में हुई है । विशाल अपने घर का इकलौता चिराग था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजन को सौंप दिया है।घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में पुलिस ने पिकअप चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। उसकी तलाश की जा रही है।

## बीए की परीक्षा देने मसौढ़ी आई छात्रा लापता, भाई ने भगाने का लगाया आरोप

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के कैवढ़ा गांव की एक 19 वर्षीय छात्रा के लापता होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में छात्रा के भाई आशुतोष कुमार (18 वर्ष), पिता सुकेश कुमार ने मसौढ़ी थाने में लिखित शिकायत देकर बहन की बरामदगी की गुहार लगाई है आवेदक के अनुसार, उसकी बहन काजल कुमारी (19) करीब 11:30 बजे मसौढ़ी के डीएन कॉलेज में बीए की परीक्षा देने आई थी। परीक्षा देकर वह शाम तक घर नहीं लौटी। परिजन उसकी खोज में निकले और सभी रिश्तेदारों से मोबाइल पर संपर्क किया, लेकिन कोई पता नहीं चला। भाई ने बताया कि बहन अपने साथ मोबाइल फोन रखी हुई है, लेकिन वह स्विच ऑफ है।

## डकैती कांड का मास्टरमाइंड समेत आभूषण व्यवसायी गिरफ्तार, लूट का सामान बरामद

**लूटे गहनों को गलाने वाला कारोबारी भी दबोचा गया**

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एनटीपीसी थाना क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मीपुर में बीते 11 सितंबर 2026 की रात एसएसबी कमांडेंट प्रिंस कुमार के घर में हुई डकैती की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने घटना में शामिल चार अपराधियों को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। अब इस मामले में डकैती के मास्टरमाइंड सन्नी कुमार उर्फ सिप्पी निवासी सैदापुर थाना पंडारक को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अपराधी से पूछताछ और उसके निशानदेही के आधार पर डकैती में लूटे गए महत्वपूर्ण सामान की बरामदगी की गई है। कार्रवाई के दौरान लूटे गए आभूषणों को गलाने वाले एक आभूषण व्यवसायी शिवम कुमार पिता कामेश्वर प्रसाद निवासी बाजितपुर स्टेशन रोड बाढ़ को भी गिरफ्तार किया गया। उसके पास से गलाए गए आभूषण 5.6 ग्राम बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण पटना के निर्देश पर पुलिस टीम, एनटीपीसी थाना, एसटीएफ एवं डीआईयू बाढ़ के पदाधिकारियों और कर्मियों ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की। जांच के दौरान पुलिस को घटना के मास्टरमाइंड तक पहुंचने में सफलता मिली।पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध अग्रेतर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। वहीं, कांड में शामिल अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए उनके संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है।

## छापेमारी के डर से नदी में कूदे कई लोग, दो की मौत

**100 लोग लापता होने का दावा, शव रखकर 8 घंटे तक सड़क जाम**





**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पिपरा थाना क्षेत्र के बेहरावां चकिया मुसहरी टोला में शराबबंदी को लेकर हुई पुलिस की बड़ी कार्रवाई के बाद अब पुलिस पर ही कई गंभीर आरोप लगने लगे हैं। दरअसल, बीते रविवार को कई थानों की पुलिस की संयुक्त टीम ने करीब 80 पुलिस बल के साथ बेहरावां चकिया मुसहरी में ताबड़तोड़ छापेमारी की थी। इस दौरान पुलिस ने 1000 लीटर देसी शराब को नष्ट किया, एक देशी पिस्टल और तीन जिंदा कारतूस जब्त किए, और अब तक 43 लोगों की गिरफ्तारी की है। वहीं स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने जबरन किसी के घर में पिस्टल और कारतूस रखकर दिखा दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस के डर से कई महिला, पुरुष और बच्चे जान बचाने के लिए नदी में कूद गए। इसी दौरान दो लोगों की पानी में डूबने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान आकाश कुमार (उम्र 25 वर्ष), पिता तूफानी मांझी, निवासी ढीबरा हसनपुर के रूप में हुई है, जो अपने मामा के ससुराल बहरावां चकिया में रहता था। दूसरे मृतक की पहचान रामू मांझी (उम्र 60 वर्ष), पिता स्व. सुखारी मांझी के रूप में हुई है। दोनों शव मिलने के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को बिहटा-सरमेरा मेन पथ पर रखकर सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक करीब 10 घंटे तक सड़क जाम कर पुलिस के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। स्थानीय लोगों ने दावा किया है कि गांव के करीब 100 लोग अभी भी लापता हैं और पुलिस ने उनके साथ अप्रिय घटना की है। इस घटना के बाद पूरे गांव में कोहराम मचा हुआ है। ग्रामीणों ने वरीय पुलिस अधीक्षक से दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है। वहीं इस पूरे घटनाक्रम की निंदा करते हुए पूर्व विधायक गोपाल रविदास ने कहा कि पुलिस शराबबंदी के नाम पर बर्बरतापूर्ण रवैया अपना रही है, इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। इस पूरे मामले पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राघव दयाल ने कहा कि पुलिस जब छापेमारी कर रही थी तो कुछ लोग इधर-उधर भागने लगे। पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है।

## दनियावां में किसान गोष्ठी का आयोजन, प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य पर जोर




**दनियावां (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड कृषि कार्यालय, दनियावां के सभागार हॉल में रविवार को किसान गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका विषय प्राकृतिक खेती एवं मृदा स्वास्थ्य-सह-उर्वरक का संतुलित उपयोग रहा।प्रखंड कृषि पदाधिकारी जितेंद्र गौरव भी कार्यक्रम में ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर जुड़े। कार्यक्रम में प्रखंड आत्मा अध्यक्ष विकेश कुमार, पूर्व आत्मा अध्यक्ष सुनील कुमार, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक दनियावां अश्विनी चंद्रवाल, पौधा संरक्षण पर्यवेक्षक मुकेश कुमार एवं प्रखंड तकनीकी प्रबंधक बिक्रम पंकज कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे। विशेषज्ञ के रूप में पंकज कुमार ने किसानों को प्राकृतिक खेती के दौरान बीजामृत, घन जीवामृत, नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र आदि के निर्माण और उपयोग की विधि के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही मिट्टी जांच के महत्व और खाद के संतुलित उपयोग पर विशेष चर्चा की गई। वहीं मुकेश कुमार ने धान की फसल में लगने वाले रोग-व्याधि और उसके समाधान के बारे में किसानों को जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रखंड के प्रगतिशील किसान नागेन्द्र प्रसाद (सरथुआ), पूर्व आत्मा अध्यक्ष सुनील कुमार (चक्रज्जा), हसनपुर के रामनाथ सिंह,कुंडली के बब्बन सिंह, कृषि समन्वयक अमृता कुमारी एवं किसान सलाहकार प्रवीण कुमार, शिवकुमार चौधरी, राजेश रंजन मौजूद रहे। खरीफ फसलों के प्रबंधन के साथ-साथ किसानों की समस्याओं को सुना गया और पदाधिकारियों एवं प्रगतिशील किसानों द्वारा उसका समाधान भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रखंड तकनीकी प्रबंधक अश्विनी कुमार चंद्रवाल ने किया।

### इंस्टाग्राम पर बाइक बिक्री के नाम पर 43 हजार की साइबर ठगी, केस दर्ज

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इंस्टाग्राम पर रील्स देखकर सस्ती बाइक खरीदने के चक्कर में एक युवक साइबर ठगों का शिकार हो गया। ठगों ने किस्तों में उससे 43,465 रुपये ठग लिए। पीड़ित ने मसौढ़ी थाने में लिखित शिकायत दी है, जिस पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पीड़ित चंद्रशेखर कुमार, पिता - प्रमोद कुमार सिंह, ग्राम - गोढना, ने बताया कि सुबह 9 बजे वह इंस्टाग्राम पर रील देख रहा था। रील में 2023 मॉडल की एक बाइक 24,500 रुपये में बेचने का विज्ञापन था, जिसमें एक मोबाइल नंबर दिया गया था। बाइक पसंद आने पर युवक ने उस नंबर पर कॉल किया तो ठग ने बाइक बेचने की हामी भर दी। आरोप है कि ठग ने पहले 1150 रुपये बुकिंग के नाम पर, फिर गाड़ी का नंबर प्लेट के नाम पर और फिर लोकेशन-सर्विस चार्ज, पेमेंट फेल जैसे बहानों से 9000, 9425, 17500, 4390 और 2000 रुपये अलग-अलग समय पर फोन-पे के जरिए वसूल लिए। इस तरह कुल 43,465 रुपये की ठगी कर ली गई।

## पटना-बरौनी पैसेंजर में नशाखुरानी का शिकार हुआ युवक, मोकामा में अचेत मिला



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर रविवार रात करीब 11 बजे पटना-बरौनी पैसेंजर ट्रेन से नशाखुरानी गिरोह का शिकार हुआ एक युवक अचेत अवस्था में मिला। सूचना मिलने पर मोकामा जीआरपी पुलिस ने युवक को ट्रेन से उतारकर इलाज के लिए मोकामा ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। युवक की पहचान शेखपुरा जिले के कोरमा गांव निवासी भजन महतो (35) के रूप में हुई है। उपचार के दौरान उसके परिजन भी पहुंच गए। बाद में परिजन उसे बेहतर इलाज के लिए दूसरी जगह ले गए।मोकामा रेल थानाध्यक्ष प्रसिद्ध कुमार सिंह ने बताया कि रात करीब 11 बजे रेलवे की ओर से मेमो प्राप्त हुआ था। पुलिस मौके पर पहुंची तो पटना-बरौनी पैसेंजर ट्रेन में कोई अन्य यात्री मौजूद नहीं था और युवक अचेत अवस्था में पड़ा था। उसे तत्काल इलाज के लिए ट्रामा सेंटर भेजा गया।पुलिस के अनुसार, युवक ने बताया कि वह इंदौर से लौट रहा था और पटना से उक्त ट्रेन में सवार हुआ था। इसी दौरान ट्रेन में एक व्यक्ति ने उससे दोस्ती की और खुद को बरहिया जाने वाला बताया। आरोप है कि रास्ते में उक्त व्यक्ति ने नशीला पदार्थ मिला बिस्किट युवक को खिला दिया। इसके बाद युवक बेहोश हो गया।परिजनों के अनुसार, युवक के पास से करीब चार हजार रुपये और मोबाइल फोन लेकर आरोपी फरार हो गया। परिजनों ने बताया कि युवक के इलाज के बाद मोकामा जीआरपी थाने में आवेदन दिया जाएगा।घटना की जानकारी मिलने के बाद जीआरपी पुलिस मोकामा से पटना तक रेलवे स्टेशनों और संबंधित क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी है, ताकि संदिग्ध की पहचान कर उसके खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

## पीएनबी के अंदर महिला से 20 हजार झपटकर उचक्का फरार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अगर आप बैंक से पैसा निकालने जा रहे हैं तो सचेत और सतर्क रहें, क्योंकि आपके साथ कभी भी धोखाधड़ी हो सकती है। ताजा मामला धनरूआ थाना क्षेत्र के पभेडा स्थित पंजाब नेशनल बैंक का है। जानकारी के अनुसार,धनरुआ प्रखंड के छाती गांव की रहने वाली अंजू देवी पति अनुज कुमार किसी काम को लेकर पीएनबी बैंक में 20,000 रुपये की निकासी के लिए गई थीं। जैसे ही उन्होंने काउंटर से पैसे निकाले, तभी एक व्यक्ति आया और बोला कि मेरा 500 का नोट है, 100-100 का नोट दीजिए। महिला कुछ समझ पाती, इससे पहले ही उचक्का उसके हाथ से 20 हजार रुपये झपटकर भाग गया। घटना के बाद सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंची और छानबीन में जुट गई है।

## 15 लाख का डेथ क्लेम देकर आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस सबसे आगे

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने वित्त वर्ष 2026 में परिवारों को औसतन ₹15 लाख का व्यक्तिगत डेथ क्लेम (मृत्यु दावा) दिया है। कंपनी लगातार दूसरे साल इस मामले में सबसे आगे रही है, जो समय पर वित्तीय सहायता देने की उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पिछले छह वित्त वर्षों के सार्वजनिक रूप से उपलब्ध उद्योग आंकड़ों के अनुसार, कंपनी द्वारा भुगतान की गई औसत व्यक्तिगत डेथ क्लेम राशि वित्त वर्ष 2021 के लगभग ₹10 लाख से बढ़कर वित्त वर्ष 2026 में ₹15 लाख हो गई है। पिछले चार वर्षों में यह औसत क्लेम लगातार लगभग ₹14-15 लाख के आसपास बना हुआ है। जैसे-जैसे आय, कर्ज और पारिवारिक जिम्मेदारियां बदलती हैं, ये आंकड़े रेखांकित करते हैं कि पॉलिसीधारकों को समय-समय पर अपने लाइफ कवर (जीवन बीमा राशि) की समीक्षा क्यों करनी चाहिए, ताकि यह उनकी बदलती जरूरतों के अनुकूल बना रहे। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस में अंडरराइटिंग एंड रिटेल क्लेम्स के प्रमुख सारंग गोखले ने कहा, "जीवन बीमा एक सरल वादे पर आधारित है- परिवारों को उस समय वित्तीय सुरक्षा उपलब्ध कराना, जब उन्हें इसकी सबसे अधिक जरूरत हो।

## दिनदहाड़े आयरन शॉप पर ताबड़तोड़ 9 राउंड फायरिंग, दो खोखे बरामद

**दो बाइक पर पांच नकाबपोश हथियारबंद अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम**








**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी ब्लॉक रोड में सोमवार दोपहर करीब 4 बजे दिनदहाड़े हुई ताबड़तोड़ फायरिंग से पूरा इलाका दहल गया। ब्लॉक रोड स्थित एक आयरन शॉप (लोहा-छड़) की दुकान में दो बाइक पर सवार 5 नकाबपोश हथियारबंद अपराधियों ने घुसकर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अपराधियों के दुकान में घुसते ही अफरा-तफरी मच गई। दुकान में काम कर रहे कर्मचारी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। अपराधियों ने करीब 9 राउंड फायरिंग की। गनीमत रही कि गोली किसी को नहीं लगी, गोलियां दुकान की दीवार और शीशे में लगी हैं। कर्मचारियों ने किसी तरह छिपकर अपनी जान बचाई। पीड़ित आयरन शॉप के मालिक अमित रंजन कुमार उर्फ टिंकू, पिता - लाल नारायण प्रसाद सिंह, उस्मानचक ने बताया कि यह कोई सामान्य घटना नहीं है। एक हफ्ता पहले भी बाइक सवार अपराधियों ने दुकान के सामने हवाई फायरिंग की थी, तब उन्होंने इसे गंभीरता से नहीं लिया था। लेकिन आज अपराधी सीधे जान मारने की नीयत से दुकान में घुसकर 9 राउंड फायरिंग कर गए। उन्होंने बताया कि उनकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है और वे पिछले 20-25 सालों से यहां लोहा-छड़ की दुकान चला रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही मसौढ़ी थाने की पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच की। पुलिस ने मौके से दो खोखा बरामद किया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और अपराधियों की पहचान में जुटी है। दिनदहाड़े हुई इस वारदात के बाद इलाके के व्यवसायियों में दहशत का माहौल है।

## संक्षिप्त समाचार

### 3.7 किलो गांजा के साथ विधि-विरुद्ध बालक निरुद्ध

श्रीपुर चौक के पास सूखा नशा के खिलाफ कार्रवाई, एक सहयोगी मौके से फरार

**घोड़ासहन/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** घोड़ासहन थाना पुलिस ने सूखा नशा के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष छापेमारी अभियान के दौरान एक विधि-विरुद्ध बालक को 3.7 किलो गांजा जैसे मादक पदार्थ के साथ निरुद्ध किया है. कार्रवाई श्रीपुर चौक के समीप की गई.पुलिस के अनुसार, निरुद्ध बालक की पहचान मुन्ना धनकर, पिता पप्पू धनकर, निवासी गुलरिया टोला, थाना घोड़ासहन के रूप में हुई है.तलाशी के दौरान उसके पास से 3.7 किलो गांजा जैसा मादक पदार्थ बरामद किया गया.बताया गया कि कार्रवाई के दौरान उसका एक सहयोगी भी मौके पर मौजूद था.पुलिस को देखते ही वह मौका पाकर बसवरिया गांव की ओर फरार हो गया.पुलिस फरार सहयोगी की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है.थानाध्यक्ष अमरजीत कुमार ने बताया कि मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है.साथ ही बरामद मादक पदार्थ के संबंध में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है.

108 लीटर नेपाली शराब के साथ दो गिरफ्तार

### 360 बोतल कस्तूरी शराब कार से जब्त

**घोड़ासहन/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** घोड़ासहन थाना पुलिस ने शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान 360 बोतल नेपाली कस्तूरी शराब के साथ दो धंधेबाजों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से शराब ढोने में प्रयुक्त एक फोर्ड फीगो कार भी जब्त की है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गोलू कुमार, पिता प्रमोद शर्मा तथा मनदीप कुमार, पिता शिवचन्द्र राउत, दोनों निवासी मधुबनी घाट, थाना मुफ्फसिल, जिला पूर्वी चंपारण के रूप में हुई है। दोनों को लौटहा पुल के समीप छापेमारी के दौरान पकड़ा गया। तलाशी के दौरान कार से 360 बोतल नेपाली कस्तूरी शराब बरामद हुई, जिसकी कुल मात्रा 108 लीटर बताई गई है। पुलिस ने शराब एवं कार को जब्त कर लिया है। मामले में गिरफ्तार दोनों आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### बक्सर में अयोध्या जा रही श्रद्धालुओं से भरी बस की ट्रक से टक्कर, 22 घायल

**बक्सर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बक्सर जिले में सोमवार तड़के एक बस के ट्रक से टकरा जाने से तेलंगाना के कम से कम 22 श्रद्धालु घायल हो गए। ये श्रद्धालु गया जी में पितृपक्ष मेले के दौरान पिंडदान करने के बाद अयोध्या जा रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि हादसा बिहार को उत्तर प्रदेश से जोड़ने वाले वीर कुंवर सिंह पुल पर सुबह



करीब चार बजे हुआ। बक्सर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गौरव पांडेय ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा, टक्कर के बाद प्रभावित सभी यात्रियों को इलाज के लिए बक्सर सदर अस्पताल ले जाया गया। अब सभी खतरे से बाहर हैं। उन्होंने बताया कि हादसे में बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बस को घटनास्थल से हटा दिया गया, जिसके बाद यातायात बहाल कर दिया गया। अधिकारियों के अनुसार, यात्रियों ने गया जी में पितृपक्ष मेले के दौरान पिंडदान की रस्म पूरी की थी और इसके बाद वे अयोध्या जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने के बाद उत्तर प्रदेश की नरही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से यात्रियों को बाहर निकाला। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

### जमाबंदी अद्यतन एवं उत्तराधिकार नामांतरण विशेष अभियान

**बनकटवा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित ई-किसान भवन के सभागार मे सोमवार को जमाबंदी अद्यतन एवं नामांतरण उत्तराधिकार विशेष अभियान को लेकर बैठक आयोजित की गई। अंचलाधिकारी अजय कुमार रंजन ने बताया की यह विशेष अभियान 15 सितंबर से लेकर 31 अक्टूबर 2026 तक मिशन मोड में चलाया जा



रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य डिजिटाइज्ड जमाबंदियों में मौजूद त्रुटियों को दूर करना, अभिलेखों को अद्यतन करना तथा मृत जमाबंदी रैयतों के वैध उत्तराधिकारियों के नाम नामांतरण की कार्रवाई सुनिश्चित करना है।जमाबंदी में खाता, खेसरा, रकबा और लगान जैसी त्रुटियों का सत्यापन कर सुधार किया जाना है।

### नशे में धुत चालक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बनकटवा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जितना थाना क्षेत्र अंतर्गत सैनिक रोड पर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने का मामला सामने आया है। जितना थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार के अनुसार, एक टेलर ट्रक के चालक शराब पीकर वाहन चलाते हुए दो-तीन मोटरसाइकिलों को दुर्घटनाग्रस्त करने का आरोप है। घटना के बाद चालक को गिरफ्तार कर लिया गया गिरफ्तार चालक की पहचान डुमरीयाघाट थाना क्षेत्र के मिथुन कुमार पाठक रूप मे किया गया जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मे भेज दिया गया जानकारी जितना थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार ने दी।

### 500 लीटर अर्धनिर्मित शराब नष्ट

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा थाना क्षेत्र के मेकरा ओपी अंतर्गत गंगा दियारा इलाके में अवैध शराब के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में मेकरा ओपी पुलिस की टीम ने दियारा क्षेत्र में छापेमारी कर मचान पर संचालित अवैध शराब निर्माण को ध्वस्त किया। कार्रवाई के दौरान करीब 500 लीटर अर्धनिर्मित शराब को मौके पर



ही नष्ट कर दिया गया।पुलिस टीम ने कार्रवाई के दौरान कथित शराब तस्कर नुनु लाल बिंद को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, दियारा क्षेत्र में अवैध शराब निर्माण और कारोबार की सूचना पर यह कार्रवाई की गई।मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि गिरफ्तार नुनु लाल बिंद के खिलाफ पूर्व से दो मामले दर्ज हैं। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर अवैध शराब कारोबार से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में जानकारी जुटा रही है। पुलिस का कहना है कि दियारा क्षेत्र में अवैध शराब निर्माण के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### राष्ट्रीय पोषण माह पर मसौढ़ी में आंगन मिलन पोषण सम्मान समारोह का आयोजन

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय पोषण माह और सेवा संकल्प अभियान के तहत बारा पंचायत के रौनीया ग्राम स्थित आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र पर आंगन मिलन पोषण सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आंगन मिलन समारोह' के रूप में आंगनबाड़ी केंद्र पर जागरूकता कार्यक्रम किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य पोषण और स्वास्थ्य के प्रति समाज को जागरूक करना है।कार्यक्रम की अध्यक्षता सीडीपीओ अनिता कुमारी ने की। मौके पर सुपरवाइजर अर्चना कुमारी आंगनबाड़ी सेविका सरिता कुमारी एवं अन्य सभी लाभुक उपस्थित रहे। एवं बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाएं, धात्री माताएं, बच्चे और ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं। समारोह के दौरान पारंपरिक रस्मों को भी निभाया गया। गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और छोटे बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। साथ ही महिलाओं और बच्चों को संतुलित आहार, नियमित टीकाकरण, स्वच्छता और पहले 1000 दिन के पोषण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। आंगनबाड़ी कार्यकताओं एवं सहायिकाओं ने स्थानीय स्तर पर उपलब्ध साग, दाल, मोटा अनाज, सत्तू, मौसमी फल-सब्जियों से बने कम लागत के पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई और आकर्षक ढंग से सजाया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और सहयोगिनियों को प्रशस्ति पत्र देकर सीडीपीओ अनिता कुमारी ने सम्मानित किया। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं जैसे महतारी वंदन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आदि के बारे में भी पात्र हितग्राहियों को विस्तार से बताया गया।

# 'मेरे सपनों का भारत : सेवा चित्र' अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गाँधी ऑडिटोरियम में 'मेरे सपनों का भारत : सेवा चित्र' अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रचनात्मक प्रतिभा एवं कल्पनाशीलता का प्रदर्शन किया। गांधी ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उनमें देश के प्रति जिम्मेदारी और सकारात्मक सोच विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।श्री सिंह ने कहा कि विकसित भारत का निर्माण केवल सरकारों के प्रयासों से नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक के छोटे-छोटे संकल्पों और सक्रिय सहभागिता से संभव होगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 में स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होने तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र के रूप में विश्व का नेतृत्व



करते देखना हर भारतीय का सपना होना चाहिए। 'मेरे सपनों का भारत' केवल भौगोलिक सीमाओं तक सीमित भारत नहीं, बल्कि एक जीवंत, जागृत, आत्मनिर्भर और सनातन राष्ट्र की परिकल्पना है। श्री सिंह ने उपस्थित लोगों को सामूहिक संकल्प दिलाते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक अपने व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर राष्ट्रहित को प्राथमिकता दे और अपने हर कदम तथा हर विचार को भारत की प्रगति के लिए समर्पित करे। कार्यक्रम के समापन पर राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' की पंक्तियों के माध्यम से विकसित भारत के संकल्प को दोहराते हुए कहा गया- 'वैभव विशाल, यह रूप विमल, इसे जग में फिर चमकाना है, उठो देश के वीर जवानो, अब विकसित भारत बनाना है। 'अंत में संदेश दिया गया कि सपना विकसित भारत का, संकल्प हर भारतीय का' केवल उद्घोष नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी और राष्ट्र निर्माण का संकल्प बने।

## विश्व मानक दिवस के अवसर पर ज्वैलर्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विश्व मानक दिवस 2026 के अवसर पर भारतीय मानक ब्यूरो (इक्र), पटना शाखा कार्यालय द्वारा ज्वैलर्स जागरूकता कार्यक्रम , दिनांक 05 अक्टूबर 2026 को आयोजित किया गया जिसमें लगभग 60 ज्वैलर्स एवं प्रतिभागियों ने भाग लिया। चंद्रकेश सिंह, वैज्ञानिक-ई, निदेशक एवं प्रमुख, पटना शाखा कार्यालय ने कहा कि बी आई एस मानकों एवं हॉलमार्किंग प्रावधानों का पालन आभूषणों की गुणवत्ता एवं शुद्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ उपभोक्ताओं का विश्वास बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने प्रतिभागियों से सीधे संवाद कर उनके प्रश्नों का समाधान भी किया। श्री हिमांशु कुमार, उप निदेशक, एस सी-सी ने ज्वैलर्स को बी आई एस पंजीकरण की प्रक्रिया, हॉलमार्किंग योजना में हाल के बदलावों, गुणवत्ता चिह्नों, अनुपालन आवश्यकताओं एवं लागू दंडात्मक प्रावधानों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने इक्र उंशे अस्त्र के माध्यम से बी आई एस गुणवत्ता चिह्न एवं एच यू आई डी की सत्यता की जांच करने की प्रक्रिया के बारे में भी प्रतिभागियों को अवगत कराया।सभी प्रतिभागी ज्वैलर्स को हॉलमार्किंग नियमों की फ्रेम की गई मुद्रित प्रतियां प्रदान की गई तथा इन्हें अपनी दुकानों पर प्रदर्शित करने का अनुरोध किया गया। सुधांशु सुमन, उप निदेशक, प्रशांत तिवारी, मानक संवर्धन अधिकारी ने भी कार्यक्रम में सक्रिय योगदान दिया।

## बेस्ट गुरु सम्मान से सम्मानित हुए शिक्षक उमेश कुमार प्रसाद सिंह



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, बच्चों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने,नई शिक्षा नीति अंतर्गत शिक्षा के अलावे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करने, सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर लाने हेतु किए गए कार्य एवं उद्घोषणा के लिए उमेश कुमार प्रसाद सिंह, सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) मुल्कजादा सिंह उच्च माध्यमिक विद्यालय दिग्घी, हाजीपुर के राजकीय शिक्षक सम्मान-2025 से सम्मानित एवं राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए अनुशंसित शिक्षक को हाजीपुर में आयोजित कार्यक्रम में 'वेस्ट गुरु सम्मान' से सम्मानित किया गया। देश के महान गणितज्ञ शिक्षाविद् डॉक्टर प्रोफेसर के सी सिन्हा और प्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर एल बी सिंह ने इन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर शिक्षाविद् ज्ञान देव मणि त्रिपाठी, कौशल विशेषज्ञ व सामाजिक कार्यकर्ता डॉक्टर आनंद रंजन झा, उत्तम यादव सहित अन्य गण्यमान लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर शिक्षाविद् के सी सिन्हा एवं शिक्षाविद् ज्ञान देव मणि त्रिपाठी ने शिक्षकों के कर्तव्य, 'शिक्षक क्या करें और क्या न करें' विषय पर अपनी बात रखते हुए कहा कि शिक्षक ही समाज और राष्ट्र के वास्तविक भविष्य निमार्ता होते हैं। इसलिए ऐसे गुरुओं को सम्मान करते हुए मैं स्वयं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। इन्होंने कहा कि शिक्षक समाज के दर्पण होते हैं। बच्चों में जैसी शिक्षा देंगे बच्चे उसी अनुरूप कार्य करेंगे। इसलिए एक शिक्षक को सबसे पहले स्वयं अनुशासित रहते हुए बच्चों में अनुशासन और नैतिकता का पाठ पढ़ना चाहिए। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु सम्मान प्राप्त करने पर शिक्षक उमेश सिंह को जितेंद्र कुमार, अन्नु कुमारी,अनिल कुमार, कृष्ण किशोर कमल, राजीव कुमार सिंह उर्फ गोल्टु, रागिनी भारती, अनमोल राज, आकृति कुमारी, आयुषी, गोलू कुमार, धीरज कुमार वर्मा ,मोहम्मद कलीम आरफी सहित अन्य लोगों ने बधाइयां दी है।

### मसौढ़ी में दबंगों ने घर में घुसकर बाइक में लगाई आग

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के सगतपर मोहल्ला में दो दर्जन दबंगों ने एक युवक के घर पर धावा बोलकर उसकी बाइक में आग लगा दी। घटना के बाद इलाके में दहशत है। पीड़ित अंकित कुमार (25 वर्ष), पिता सतेंद्र सिंह ने मसौढ़ी थाने में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन के अनुसार 20 की संख्या में युवक लाठी-डंडा, लोहे की रॉड और पिस्टल लेकर उसके घर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। डर से अंकित ने घर का दरवाजा बंद कर छत पर छिपकर जान बचाई,पीड़ित ने बताया कि उसने हमलावरों में से छह लोगों को पहचान लिया है। जिनमें (1) सौरव कुमार (20 वर्ष) पिता संजय सिंह, (2) हिमांशु उर्फ गबरू (23 वर्ष) पिता मिथलेश राज, (3) हेमंत उर्फ गोलू (22 वर्ष) पिता रविंद्र महतो, (4) विशु कुमार (21 वर्ष) पिता नन्हे राम, (5) गोलू कुमार (19 वर्ष) तथा (6) रंजन कुमार (23 वर्ष) पिता लालू, सभी ग्राम दहिभता और हनुमान नगर मसौढ़ी के रहने वाले है।

## किसानों को जैव उर्वरकों के उपयोग के लिए किया जा रहा प्रोत्साहित

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने और फसलों को बेहतर पोषण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह के मार्गदर्शन में कृषि विभाग द्वारा किसानों को जैव उर्वरकों के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। किसानों को जैव उर्वरकों के फायदे और फसल के अनुसार इनके सही उपयोग की जानकारी दी जा रही है।जिला पदाधिकारी ने कहा कि अच्छी फसल के लिए मिट्टी का स्वस्थ रहना जरूरी है। मिट्टी में पोषक तत्वों की कमी होने पर फसल की वृद्धि और उत्पादन प्रभावित होता है। जैव उर्वरक मिट्टी में मौजूद उपयोगी सूक्ष्मजीवों के माध्यम से पौधों को जरूरी पोषक तत्व उपलब्ध कराने में मदद करते हैं। इससे मिट्टी की गुणवत्ता बनाए रखने में भी




सहायता मिलती है। कृषि विभाग के अनुसार, अलग-अलग फसलों के लिए अलग-अलग जैव उर्वरक उपयोगी होते हैं। चना, मसूर, मटर, अरहर, मूंग और उड़द जैसी दलहनी फसलों में राइजोबियम का उपयोग किया जाता है। यह पौधों को नाइट्रोजन उपलब्ध कराने में मदद करता है। गेहूँ, मक्का, कपास और सब्जियों जैसी फसलों में एजोटोबैक्टर का उपयोग किया जा सकता है। धान, मक्का, गेहूँ, ज्वार और बाजरा में एजोस्पिरिलम उपयोगी है। वहीं पी.एस.बी. मिट्टी में मौजूद फास्फोरस को पौधों के लिए आसानी से उपलब्ध कराने में मदद करता है। माइकोराइजा पौधों की जड़ों को मिट्टी से पानी और पोषक तत्व लेने में मदद करता है। इसका उपयोग विशेष रूप से फल, सब्जी एवं बागवानी फसलों में किया जा सकता है। गन्ने में एसीटोबैक्टर का उपयोग उपयोगी है। इसी तरह कुछ जैव उर्वरक मिट्टी में मौजूद सल्फर को पौधों के लिए उपयोगी बनाने में मदद करते हैं। जैव उर्वरकों के उपयोग से मिट्टी में उपयोगी सूक्ष्मजीवों की संख्या और सक्रियता बढ़ाने में सहायता मिलती है। इससे पौधों की जड़ों के विकास, पोषक तत्वों के बेहतर उपयोग और फसल की अच्छी वृद्धि में मदद मिल सकती है। साथ ही, मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने और खेती को लंबे समय तक टिकाऊ बनाने में भी इसका लाभ मिलता है।

### चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुंशी सिंह महाविद्यालय में स्नातक चतुर्थ सेमेस्टर, सत्र 2024-28 की परीक्षा आज दिनांक 05 अक्टूबर 2026 से प्रारम्भ हो गई। मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी को एम. एस. एस. जी. कॉलेज, अरेराज, एस.एन.एस. आर. एन. एस. डिग्री कॉलेज, दरमाहा, केसरिया, के. एस. आर. एन. एस. डिग्री कॉलेज, मठिया, केसरिया और एस. आर. ए. पी, चकिया के परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा का केंद्र बनाया गया है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर 7 अक्टूबर को होगा विशेष संबोधन

गांधी ऑडिटोरियम में वर्चुअल माध्यम से सुना जाएगा प्रधानमंत्री का संबोधन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 7 अक्टूबर को उनका विशेष संबोधन होगा। प्रधानमंत्री के इस संबोधन को गांधी ऑडिटोरियम में वर्चुअल माध्यम से सामूहिक रूप से सुबह 09 बजे सुना जाएगा।इस अवसर पर सांसद एवं पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने जिलेवासियों, पार्टी कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा बड़ी संख्या में आम लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया है। श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों में राष्ट्रसेवा, जनसेवा और गरीब कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उनके नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता और जनकल्याण के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा के 25 वर्षों की यह यात्रा राष्ट्र के प्रति समर्पण, संकल्प और निरंतर जनसेवा का प्रेरणादायी उदाहरण है। इस ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बनने के लिए सुबह 09 बजे समाज के सभी वर्गों की सहभागिता आवश्यक है।

## उर्दू के प्रचार-प्रसार से संबंधित मासिक समीक्षात्मक बैठक

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उर्दू भाषा के प्रचार - प्रसार से संबंधित मासिक समीक्षात्मक बैठक मो. साजिद, प्रभारी पदाधिकारी जिला उर्दू भाषा कोषांग - सह - सहायक निदेशक जिला अल्पसंख्यक कल्याण मोतिहारी की अध्यक्षता में डॉ. राधा कृष्ण भवन मोतिहारी में हुई।



प्रभारी पदाधिकारी द्वारा निदेश दिया गया कि प्रत्येक मासिक बैठक में सभी उर्दू कर्मी सभी वांछित प्रतिवेदन के साथ ससमय अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। विलम्ब से आने वाले या बिना पूर्व सूचना एवं अनुमति के अनुपस्थित कर्मियों के विरुद्ध नियमानुकूल कार्रवाई की जायेगी। प्रभारी पदाधिकारी द्वारा सभी उर्दू कर्मियों को निर्देशित किया गया कि 15.10.2026 को उर्दू निदेशालय में आहुत 'राज्य स्तरीय समीक्षात्मक बैठक हेतु निदेशक उर्दू निदेशालय मंत्रिमंडल सचिवालय बिहार द्वारा वांछित सभी प्रतिवेदन 09.10. 2026 तक जिला उर्दू भाषा कोषांग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। ताकि सभी को समेकित कर 12.10.2026 तक उर्दू निदेशालय को उपलब्ध कराया जा सके। प्रभारी पदाधिकारी द्वारा सभी कर्मियों को निर्देश दिया गया कि उर्दू निदेशालय द्वारा दिनांक-13.10.2026 से ऑनलाईन उर्दू प्रशिक्षण प्रारंभ होगा। जिसके लिए आपलोग अपने स्तर से प्रयास कर इच्छुक कर्मियों/अभियर्थियों का अधिक से अधिक नामाकंन कराना सुनिश्चित करें। सभी उपस्थित उर्दू कर्मी से मासिक प्रगति प्रतिवेदन की मांग की गई। संबधित उर्दू कर्मियों द्वारा उनके प्रतिवेदन में दर्ज किये गये प्रविष्टि की समीक्षा की गई।

## हैदराबाद में बिहार का शानदार प्रदर्शन, राष्ट्रीय प्रतियोगिता में रचा नया कीर्तिमान

33वीं बालक एवं 26वीं बालिका सब जूनियर राष्ट्रीय आट्या-पाट्या चैंपियनशिप का सफल समापन

**पटना/हैदराबाद/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** तेलंगाना के हैदराबाद स्थित 'लाल बहादुर शास्त्री इंडोर स्टेडियम' में आयोजित '33वीं बालक एवं 26वीं बालिका सब जूनियर आट्या-पाट्या राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2026-27' का सफल एवं रोमांचक समापन हुआ। देशभर से



आई टीमों के बीच बिहार के खिलाड़ियों ने अपने शानदार खेल, अनुशासन और अदम्य आत्मविश्वास से सभी का ध्यान आकर्षित किया। बिहार की 'बालक एवं बालिका दोनों टीमों ने अपने-अपने पूल में उपविजेता' रहते हुए शानदार प्रदर्शन किया।

**बालक वर्ग ने बनाया नया रिकॉर्ड**

बिहार के बालक टीम ने प्रतियोगिता के दौरान ऐसा प्रदर्शन किया, जिसने राष्ट्रीय स्तर पर बिहार का नाम गौरवान्वित किया। लीग मुकाबले में बिहार का सामना 'मध्य प्रदेश' से हुआ, जिसमें बिहार ने जबरदस्त खेल का प्रदर्शन करते हुए मध्य प्रदेश को '53 अंकों के बड़े अंतर से' पराजित किया। यह इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता के दौरान ऐसा सर्वश्रेष्ठ अंतर रहा, जिसे कोई अन्य टीम पार नहीं कर सकी। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पूरे भारत से '21 राज्यों' की उपस्थिति थी। बिहार के खिलाड़ियों के इस प्रदर्शन ने न केवल टीम की मजबूत तैयारी और प्रतिभा को साबित किया, बल्कि राष्ट्रीय मंच पर बिहार आट्या-पाट्या के बढ़ते प्रभाव का भी संकेत दिया। क्वार्टर फाइनल में बिहार बालक टीम का मुकाबला 'कर्नाटक' से हुआ। मुकाबला बेहद रोमांचक और कांटे का रहा। बिहार ने पूरी ताकत के साथ संघर्ष किया, लेकिन अंततः '27-31' से मात्र '4 अंकों के अंतर' से हार का सामना करना पड़ा। इस परिणाम के बावजूद बिहार की टीम अपने पूल में 'उपविजेता' रही और पूरे टूर्नामेंट में शानदार छाप छोड़ने में सफल रही।

**बिहार की बेटियों ने भी दिखाया दमखम**

बालिका वर्ग में भी बिहार की बेटियों ने अपने शानदार खेल से दर्शकों और खेल विशेषज्ञों को प्रभावित किया। क्वार्टर फाइनल में बिहार का सामना 'केरल' की मजबूत टीम से हुआ। मुकाबले के पहले सेट में बिहार की खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए '26-24' से जीत दर्ज की। दूसरे सेट में केरल ने वापसी करते हुए बिहार को '23-27' से पराजित किया। इसके बाद निर्णायक सेट में दोनों टीमों के बीच जबरदस्त संघर्ष देखने को मिला, लेकिन अंततः केरल ने '30-24' से बाजी मार ली। बिहार की बेटियों ने हार के बावजूद अपने जुझारू खेल और संघर्ष की भावना से सभी को प्रभावित किया।

**फेडरेशन के पदाधिकारियों ने की बिहार टीम की सराहना**

प्रतियोगिता के दौरान 'आट्या-पाट्या फेडरेशन ऑफ इंडिया' के गणमान्य पदाधिकारियों एवं खेल विशेषज्ञों ने बिहार की दोनों टीमों के प्रदर्शन की जमकर सराहना की। विशेष रूप से बालक टीम द्वारा मध्य प्रदेश के खिलाफ दर्ज की गई '53 अंकों की ऐतिहासिक जीत' को शानदार उपलब्धि बताया गया। फेडरेशन के प्रतिनिधियों ने बिहार के खिलाड़ियों की प्रतिभा, अनुशासन, खेल भावना और संघर्ष की प्रशंसा करते हुए कहा कि बिहार में आट्या-पाट्या खेल तेजी से नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है। बिहार टीम के इस प्रदर्शन ने यह साबित कर दिया कि सीमित संसाधनों के बावजूद यदि प्रतिभा, मेहनत और सही मार्गदर्शन मिले तो बिहार के खिलाड़ी राष्ट्रीय मंच पर किसी भी टीम को कड़ी चुनौती देने में सक्षम हैं। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता से बिहार के खिलाड़ियों का आत्मविश्वास और मजबूत हुआ है तथा आने वाले राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जगी है।

Govt. of Bihar

**Principal Office**
**Government Polytechnic, Aurangabad**
**At- Dhanari, P.O.-Bijauli, Anchal-Deo**
**Dist-Aurangabad-824102 (Bihar)**

**Email Id –**principalpolyaurangabad@gmail.com

**E-PROCUREMENT TENDER NOTICE**

1. Government Polytechnic Aurangabad has been constituted under the Department of Science, Technology and Technical Education, Government of Bihar to cater to the needs of technical education. The Government Polytechnic Aurangabad intendment to invite bids from eligible entitiesfor supply of Mechanical Engineering Laboratory Equipments for the instituteas mentioned inthetender document.
2. The Contract will be signed between GP Aurangabad and the successful agency/ bidder.
3. To participate in the e-tendering process, the bidder/agency are required to get themselves registered/with eproc2.bihar.gov.in

| S.N | NIT No. | Name of the work/item | EMD |
|---|---|---|---|
| 1 | GPAUR/03/2026-27 | Supply of Mechanical Laboratory Equipments | As per BOQ |

**4. Schedule of Events.**

| SN. | EventDescription | Timeline |
|---|---|---|
| 4.1 | Bid Start date | 01/10/2026 oneproc2.bihar.gov.in |
| 4.2 | Last date & time of downloading The RFP | Till25/10/2026 **upto 11 PM**,on eproc2.bihar.gov.in |
| 4.3 | Submission (upload) of online Bidding document. | Till 26/10/2026**upto11 PM**on**eproc2.bihar.gov.in** |
| 4.4 | Pre-Bid Meeting | 13/10/2026 at 11:00 AM in Conference Hall, Government Polytechnic Aurangabad |
| 4.5 | Submissionof EMD Document | Offline by 26/10/2026to Principal Office"Government Polytechnic Aurangabad" |
| 4.6 | Opening of Technical Bid | 27/10/2026onthe**eproc2.bihar.gov.in** |
| 4.7 | Opening of Financial Bid | After Technicalevaluation |
| 4.8 | Contact Person | Principal "Government Polytechnic Aurangabad, Contact No:- 06186222205 Email Id:- principalpolyaurangabad@gmail.com |

For additional information and inquiries, please contact the Principal Office at 06186222205 during business hours from 10:00 AM to 5:00 PM.

For further details please visit website **state.bihar.gov.in/prdbihar**

**PR- 013069 ( Sci & Tech ) 2026-27**

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

**Principal**
Government Polytechnic, Aurangabad

# छठ से पहले शहर की सड़कें और नालियां होंगी चकाचक

## 48 योजनाओं को मिली प्रशासनिक स्वीकृति



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज**। आगामी दुर्गापूजा, दीपावली और छठ पर्व को देखते हुए नगर पंचायत की मुख्य पार्षद मिरीख दरखशाँ ने वार्ड संख्या 1 से 16 तक की 48 योजनाओं को प्रशासनिक स्वीकृति देते हुए क्रियान्वयन के लिए कार्यपालक पदाधिकारी को सूची सौंपी है। योजनाओं में मुख्य रूप से पीसीसी सड़क, नाली निर्माण व मरम्मत, नालियों पर ढक्कन, कब्रिस्तान का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण तथा अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्य शामिल हैं। मुख्य पार्षद प्रतिनिधि डॉ. गुलाम शाहिद ने बताया कि पूर्व की बैठकों में चयनित योजनाओं को सशक्त स्थायी समिति की 20 अगस्त 2026 की बैठक में विभागीय पत्रांक 4322, दिनांक 24 अगस्त 2023 के आदेश के अनुपालन में सर्वसम्मति से स्वीकृति दी गई। 15 लाख रुपये से कम राशि वाली योजनाओं का विभागीय स्तर पर क्रियान्वयन कराने का निर्णय लिया गया है। वार्ड 1 में पीसीसी सड़क, नाली, कब्रिस्तान की चहारदीवारी, वार्ड 2 में सड़क-नाली निर्माण व हाजीपुर गोला कब्रिस्तान का सौंदर्यीकरण, वार्ड 3 में पीसीसी सड़क एवं नाली निर्माण तथा वार्ड 4 में विभिन्न स्थानों पर सड़क-नाली निर्माण व मरम्मत की योजना है। वार्ड 5 में नाली निर्माण और इमादपुर कब्रिस्तान का जीर्णोद्धार, वार्ड 6 में सड़क-नाली मरम्मत एवं ढक्कन निर्माण, वार्ड 7 में विभिन्न स्थानों पर पीसीसी सड़क व नाली निर्माण तथा वार्ड 8 में मुख्य सड़क समेत कई स्थानों पर सड़क-नाली मरम्मत व निर्माण कराया जाएगा। वार्ड 9 में पीसीसी सड़क मरम्मत, वार्ड 10 में नाली मरम्मत एवं ढक्कन निर्माण, वार्ड 11 में पेवर ब्लॉक व नाली निर्माण तथा वार्ड 12 में सड़क-नाली मरम्मत व ढक्कन निर्माण की योजनाएं हैं। वार्ड 13 में पीसीसी सड़क, नाली एवं आरसीसी निर्माण, वार्ड 13/14 में सड़क-नाली निर्माण, जबकि वार्ड 14 में पीसीसी सड़क, नाली निर्माण, मरम्मत एवं रैदास कुटिया के निकट चापाकल अधिष्ठापन का कार्य प्रस्तावित है। वार्ड 15 में करीब 300-300 फीट के दो स्थानों समेत विभिन्न जगहों पर सड़क-नाली निर्माण एवं मरम्मत तथा वार्ड 16 में पीसीसी सड़क मरम्मत, लोहे के नाली ढक्कन और सड़क-नाली निर्माण की योजनाएं शामिल हैं। हालांकि, वार्ड पार्षद रविंद्र प्रसाद ने आरोप लगाया कि स्वीकृत योजनाओं में से कई को टेंडर प्रक्रिया में डाल दिया गया है। उन्होंने बताया कि सूची में शामिल कई योजनाओं का टेंडर भी निकल चुका है।

## तेज रफ्तार बाइक ने साइकिल सवार को मारी ठोकर, रेफर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। हसपुरा-नरसन मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक की ठोकर से साइकिल सवार 14 वर्षीय किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान देवकुंड थाना क्षेत्र के हथियारा गांव निवासी नौशाद के रूप में हुई है। घटना के बाद ग्रामीणों की मदद से घायल को हसपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे मगध मेडिकल कॉलेज, गया रेफर कर दिया। घायल के बड़े भाई असगर ने बताया कि नौशाद को कुत्ते ने काट लिया था। उसे एंटी-रेबीज का टीका दिलाने के लिए साइकिल से हसपुरा लाया जा रहा था। इसी दौरान नरसन गांव के समीप तेज रफ्तार बाइक ने साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में नौशाद के पैर में गंभीर चोट आई।बताया गया कि टक्कर के बाद बाइक सवार मौके से निकल गया।

# दाउदनगर : शिक्षक-शिक्षिकाएं सम्मानित




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। बोधगया स्थित मगध विश्वविधालय के गणित विभाग के सभागार में बिहार टीचर्स हिस्ट्री मेकर्स -मेरा मोबाइल मेरी शिक्षा- का मगध प्रमंडल स्तरीय अवार्ड 2026 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें औरंगाबाद के 30 नवाचारी प्रतिभावान शिक्षक-शिक्षिकाओं को उनके कला-कौशल, ज्ञान, रचनात्मकता एवं ऑनलाइन शिक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो एवं पौधा देकर सम्मानित किया गया। दाउदनगर प्रखंड के शिक्षक या शिक्षिकाओं को अपनी प्रतिभा और नवाचार के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की गयी। औरंगाबाद की टीम द्वारा छठ पूजा की महिमा बताती लोकनृत्य की प्रस्तुति दी गई। उनके समर्पण, तकनीकी दक्षता और शिक्षण के नए तरीकों को टीबीटी मंच द्वारा सराहा गया। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में टीबीटी मगध प्रमंडल उपाध्यक्ष कुमारी शोभा भारती (मध्य विद्यालय महावर), प्रमंडल कोषाध्यक्ष रिंकी कुमारी (मध्य विद्यालय नीमा), राजाराम सिंह (उच्च माध्यमिक विद्यालय) सुनीता कुमारी एवं प्रियंका कुमारी (भखरुआं), पूजा कुमारी (अरईखाप) एवं सुधालता कुमारी सिन्हा (मध्य विद्यालय हसपुरा) सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिका शामिल रहे। शोभा भारती ने बताया कि यह सम्मान न केवल शिक्षकों के लिए गौरव का विषय है, बल्कि दाउदनगर प्रखंड और पूरे मगध प्रमंडल के लिए भी गर्व की बात है। शिक्षकों ने साबित किया कि समर्पण, नवाचार और तकनीक के साथ शिक्षा को नई उंचाइयों तक पहुँचाया जा सकता है।

# पूजा में ध्वनि विस्तारक यंत्र के सीमित प्रयोग की अपील

**विधायक डॉ. प्रकाशचंद्र ने की पूजा पंडालों से अपील**



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। दशहरा पर्व के मद्देनजर विधायक डॉ. प्रकाशचंद्र ने सभी पूजा पंडालों के आयोजकों, श्रद्धालुओं एवं भक्तगणों से जनहित में विनम्र अपील करता की है कि वे ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग सीमित एवं निर्धारित समय के भीतर ही करें। कहा कि पूजा का उद्देश्य सुख, शांति, समृद्धि एवं जनकल्याण है। इसलिए उत्सव मनाते समय आसपास रहने वाले लोगों की सुविधा और जनभावनाओं का भी पूरा सम्मान किया जाना चाहिए। सभी पूजा समितियों से विशेष अनुरोध किया कि ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग पंडाल के आसपास सीमित क्षेत्र तक ही रखा जाए तथा रात्रि 10 बजे के बाद इसका प्रयोग नहीं किया जाए। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों एवं अन्य छात्रों की पढ़ाई में किसी प्रकार की बाधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

विधायक डॉ. प्रकाशचंद्र ने कहा कि अत्यधिक तेज ध्वनि से बुजुर्गों, बीमार व्यक्तियों एवं बच्चों को परेशानी हो सकती है। हम त्योहार इसलिए मनाते हैं कि समाज में खुशी, शांति और सुकून का वातावरण बने। हमारी खुशी किसी दूसरे व्यक्ति के लिए परेशानी का कारण न बने, इसका ध्यान रखना भी हमारा सामाजिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि माता की आराधना श्रद्धा, शांति और जनकल्याण की भावना के साथ हो यही सच्ची भक्ति है।

# शिक्षकों की समस्याओं को लेकर बैठक, एकजुटता पर जोर

## सातवें वेतनमान, तबादला नीति और शिक्षकों को विभिन्न श्रेणियों में बांटने पर जताया आक्रोश

**शिक्षकों ने संघ की सदस्यता बढ़ाकर हक-अधिकार की लड़ाई तेज करने का लिया संकल्प**



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। प्रखंड के कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय के सभागार में माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर बैठक हुई। अध्यक्षता उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, अहियापुर के प्रधानाध्यापक सह बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रमंडल संयुक्त सचिव अंबुज कुमार ने की। बैठक में शिक्षकों के बीच सरकार की विभेदकारी नीति पर चर्चा करते हुए एकजुटता पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में विभिन्न दौर में नियुक्त सभी प्रकार के शिक्षकों की श्रेणी एक ही है और उनकी मांगें भी समान हैं। राज्यकर्मी का दर्जा मिलने के बावजूद शिक्षकों को निर्धारित वेतनमान नहीं मिल रहा है। केंद्र सरकार द्वारा आठवें वेतन आयोग का गठन किया जा चुका है, लेकिन बिहार में शिक्षकों को अब तक सातवां वेतनमान भी नहीं मिला है। इसे लेकर शिक्षकों ने आक्रोश जताया। वक्ताओं ने कहा कि बिहार लोक सेवा आयोग से नियुक्त प्रधानाध्यापकों को भी निर्धारित वेतनमान नहीं दिया गया है और उनसे राजपत्रित पदाधिकारी की उपाधि भी छीन ली गई है। टाउन इंटर स्कूल, औरंगाबाद के उच्च माध्यमिक शिक्षक दयानंद कुमार ने कहा कि शिक्षकों को विभिन्न श्रेणियों में बांटने और दोषपूर्ण तबादला नीति के कारण वे खुद को प्रताड़ित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ की सदस्यता लेकर शिक्षकों की एकजुटता कायम करने का संकल्प लिया। शिक्षक सह अनुमंडल सचिव राजकुमार सिंह और धीरेंद्र कुमार ने संघ को मजबूत कर संघर्ष तेज करने का आह्वान किया। शिक्षकों ने सदस्यता अभियान को जोर-शोर से चलाने और अपने हक-अधिकार के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने पर बल दिया। बैठक में विभिन्न कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार का मुद्दा भी उठाया गया। सभा को सेवानिवृत्त शिक्षक योगेश्वर सिंह, शिक्षक गुप्तेश्वर सिंह, जितेंद्र कुमार और उदय कुमार ने संबोधित किया। उन्होंने बीपीएससी से नियुक्त शिक्षकों से भी संघ की सदस्यता ग्रहण करने की अपील की। बैठक में संजीत कुमार, राकेश कुमार, अवध किशोर, पिंटू कुमार, शौर्य सुमन, जितेंद्र कुमार, शिव शंकर, सुरेंद्र कुमार और सत्यम कुमार पांडे सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद थे। संचालन कन्या इंटर विद्यालय के शिक्षक अनुज कुमार पांडे ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रभारी प्रधानाध्यापक रविंद्र नाथ ने किया।

# मुख्य सड़क पर झाड़ियों का कब्जा, हादसों का बढ़ा खतरा

- सड़क किनारे उगे पेड़-पौधों से दृश्यता प्रभावित
- अचानक जानवरों के आने से दुर्घटना की आशंका
- सफाई को लेकर प्रशासन पर उदासीनता का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। हसपुरा-पचरुखिया मुख्य सड़क पर इन दिनों सड़क किनारे उगी घनी झाड़ियों, जंगली पेड़-पौधों और घास के कारण राहगीरों की परेशानी बढ़ गई है। सड़क के दोनों किनारों पर झाड़ियां इतनी घनी हो गई हैं कि कई स्थानों पर वाहन चालकों को सामने से आने वाले वाहनों तथा सड़क किनारे से अचानक निकलने वाले जानवरों का समय पर पता नहीं चल पाता। इससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि वाहन से गुजरते समय अचानक कुत्ते या अन्य जानवर सड़क पर आ जाते हैं, जिससे वाहन चालकों को अचानक ब्रेक लगाना पड़ता है और हादसे की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। लोगों का आरोप है कि सड़क निर्माण के समय सड़क की निर्धारित अवधि तक साफ-सफाई और रखरखाव की जिम्मेदारी भी तय की जाती है, लेकिन संबंधित ठेकेदार द्वारा नियमित सफाई नहीं कराई जा रही है।

समाजसेवियों ने स्थानीय प्रशासन की कार्यशैली पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। लोगों ने यह भी बताया कि सड़क निर्माण से संबंधित शिकायत दर्ज कराने के लिए मौके पर ठेकेदार या संबंधित एजेंसी का सूचना बोर्ड तक नहीं लगाया गया है।

प्रो. अलखदेव प्रसाद अचल, पूर्व सरपंच रणधीर कुमार, विश्वजीत कु विकास, श्रीकांत वर्मा, अरविंद कुमार, रंजीत कुमार सिन्हा, नित्यानंद प्रसाद, ऋषि खत्री, चंद्रशेखर सिंह, अरुण कुमार रंजन, बबन मेहता, सचिन कुमार, कमलेश प्रसाद सहित दर्जनों समाजसेवियों ने प्रशासन से सड़क किनारे उगी झाड़ियों की तत्काल सफाई कराने की मांग की है। लोगों ने कहा कि हादसा होने का इंतजार करने के बजाय प्रशासन को समय रहते सड़क की सफाई कराकर दुर्घटनाओं की आशंका को खत्म करना चाहिए।

# एसएस ग्लोबल के छात्रों ने बढ़ाया विद्यालय का मान




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में एसएस ग्लोबल पब्लिक स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इशु कुमार ने अंडर-14 लॉन्ग हाई जंप में तृतीय, रौनक कुमार ने अंडर-14 शॉट पुट में द्वितीय तथा उज्ज्वल कुमार ने 400 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान हासिल किया। छात्रों ने शिक्षक राकेश कुमार, सत्यम कुमार एवं रामेश्वर कुमार के मार्गदर्शन में नियमित अभ्यास और कड़ी मेहनत के दम पर यह सफलता हासिल की। निदेशक ई. मनीष सिंह एवं हिंदी शिक्षक राम कुमार ने विजेता छात्रों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन ने छात्रों को खेल के प्रति अधिक उत्साहित होने और नियमित अभ्यास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कहा गया कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और संघर्ष करने की क्षमता विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

# हसपुरा बाजार में अतिक्रमण पर प्रशासन की कार्रवाई

- माइकिंग के बाद प्रशासन ने चलाया बुलडोजर
- सब्जी विक्रेताओं के लिए स्थायी जगह उपलब्ध कराने की उठी मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। हसपुरा बाजार में सोमवार को अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने कार्रवाई की। अंचल आरओ विनय कृष्ण के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम बुलडोजर के साथ बाजार पहुंची और सड़क व सार्वजनिक जगहों पर किए गए अतिक्रमण को हटाना शुरू किया। कार्रवाई की शुरुआत हसपुरा ब्लॉक रोड से हुई। इसके बाद पटेल चौक, मुख्य बाजार और पोस्ट ऑफिस रोड में भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी रही। बताया जाता है कि करीब एक सप्ताह पहले अंचल कार्यालय की ओर से बाजार में माइकिंग कर अतिक्रमणकारियों को सड़क व सार्वजनिक जगहों से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया था। साथ ही 5 अक्टूबर को बुलडोजर से कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी गई थी। इसके बाद सोमवार को प्रशासन ने अभियान चलाया।

आरओ विनय कृष्ण के नेतृत्व में हसपुरा थाना के एसआई बरुण कुमार, राजस्व कर्मचारी अमरेश पासवान, अंचल नाजिर प्रिय रंजन और अमीन अनुज कुमार समेत अन्य कर्मी मौजूद रहे। प्रशासनिक टीम के पहुंचने से पहले ही कई फुटपाथी दुकानदारों और अन्य लोगों ने अपना सामान हटा दिया। प्रशासन की कार्रवाई के बाद स्थानीय लोगों ने अतिक्रमण हटाने के अभियान का समर्थन करते हुए इसके स्थायी समाधान की जरूरत बताई है। लोगों का कहना है कि हसपुरा बाजार में सब्जी विक्रेताओं के लिए अब तक कोई स्थान चिह्नित नहीं किया गया है। ऐसे में यदि सब्जी विक्रेताओं के लिए पर्याप्त और व्यवस्थित जगह उपलब्ध नहीं कराई गई तो अतिक्रमण की समस्या दोबारा उत्पन्न हो सकती है। स्थानीय लोगों के अनुसार, रोजमर्रा की जरूरत के कारण सब्जी विक्रेता बाजार में आते हैं और जगह के अभाव में सड़क के दोनों किनारों पर रेहड़ी लगाकर कारोबार करते हैं। लोगों ने प्रशासन से सब्जी विक्रेताओं के लिए अलग स्थान निर्धारित कर उन्हें व्यवस्थित तरीके से बसाने की मांग की है, ताकि बाजार को अतिक्रमण मुक्त रखने के साथ-साथ आम लोगों और दुकानदारों को भी परेशानी न हो।

# लोक अभियोजक अजय संतोष बने कायस्थ महासभा के अध्यक्ष



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। श्रीचित्रगुप्त सामुदायिक भवन, बिराटपुर में चित्रगुप्त सेवा समिति एवं अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन के विस्तार, समाजहित के कार्यों और आगामी चित्रगुप्त पूजा को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता बैजनाथ प्रसाद कर्ण श्रीचित्रगुप्त सेवा समिति का अध्यक्ष बनाया गया, वहीं अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के अध्यक्ष पद के लिए लोक अभियोजक अजय कुमार संतोष, कार्यकारी अध्यक्ष पद के लिए मिथिलेश कुमार सिन्हा तथा सचिव पद के लिए अमित अखौरी को चुना गया। इसके अलावा संयुक्त सचिव के पद पर सुमन सिन्हा, सोनू सिन्हा एवं सौरभ सुमन को मनोनीत किया गया। बैठक में आगामी चित्रगुप्त पूजा के भव्य आयोजन, कार्यक्रम की रूपरेखा और समाज की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर समिति के संरक्षक प्रो.अखौरी विजय प्रकाश सिन्हा, अधिवक्ता संदीप सिन्हा, ज्योति प्रकाश सिन्हा, रोहित सिन्हा, आलोक सिन्हा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# टीकाकरण को लेकर स्वास्थ्यकर्मियों ने अभिभावकों को किया जागरूक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। शहर के वार्ड नंबर 28 स्थित कामा बिगहा में सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीकाकरण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान निर्धारित आयु वर्ग के बच्चों को आवश्यक टीके लगाए गए। स्वास्थ्यकर्मियों ने अभिभावकों को नियमित टीकाकरण के महत्व की जानकारी देते हुए बच्चों को समय पर सभी जरूरी टीके लगवाने की अपील की। अभियान की निगरानी सुपरवाइजर अमित कुमार ने की। एएनएम रिंकू कुमारी एवं आशा कार्यकर्ता सुरमिला कुमारी ने बच्चों का टीकाकरण किया। इस दौरान अभिभावकों को टीकाकरण से होने वाले लाभ की जानकारी देते हुए बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की अपील की गई। स्वास्थ्यकर्मियों ने कहा कि बच्चों को कई गंभीर बीमारियों से बचाने में समय पर टीकाकरण की महत्वपूर्ण भूमिका है। अभियान के दौरान लोगों को स्वास्थ्य, स्वच्छता और बच्चों की नियमित देखभाल के प्रति भी जागरूक किया गया।

FORMAT C-1

(for candidate to publish in News papers, TV)

Declaration about Criminals Cases

(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate : **Sri Abhishek Jha**

Name of Political Party: **Janata Dal (United)**

(Independent candidates should write "independent "here)

**Name of Election : Election to Legislative Council from Tirhut Graduates Constituency**

***Name of Constituency : Tirhut Graduates Constituency**

I, **Sri Abhishek Jha** a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

**(A) Pending criminal cases**

| Sl.No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case (s) | Section (s) of Acts concerned and brief description of offence (s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1. C.J.M., Patna<br>2. ACJM IV Patna | 1) Complain Case No.- 18/2015, P.S. Pirabahore, Patna<br>2) Case No.- 106/2016 P.S. Shastri Nagar, Patna | 1. Charge framed<br>2. Pending | 1. IPC Section 341, 323, 504,506, 385/34<br>2. IPC Section 448, 341, 323, 506, 504, 354, 385, 379/34 |

**(B) Details about cases of conviction for criminal offences**

| Sl.No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & Punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| 1 | NA | NA | NA |

# जनादेश पर सवाल उठाने के बजाय जनता के निर्णय का सम्मान करें : रवि सिंह राजपूत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के औरंगाबाद आगमन पर दिए गए बयानों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जदयू के जिला प्रवक्ता रवि सिंह राजपूत ने राजद के मिलन समारोह को फ्लॉप करार दिया है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को लेकर बड़े-बड़े दावे किए गए थे, लेकिन गांधी मैदान की एक चौथाई जगह भी नहीं भर सकी। रवि सिंह राजपूत ने कहा कि लोकतंत्र में किसी व्यक्ति का राजनीतिक निर्णय उसका अधिकार है, लेकिन किसी नेता के दल बदलने से जनता का निर्णय नहीं बदल जाता। जनता नेताओं और दलों के कार्यों का मूल्यांकन कर अपना फैसला करती है। उन्होंने कहा कि 1990 के दशक की चर्चा कर राजद नेताओं ने उस दौर की घटनाओं से प्रभावित लोगों के जख्मों को फिर ताजा करने का काम किया है। उनके अनुसार, पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यकाल में बिहार में कानून-व्यवस्था और विकास को लेकर बदलाव आया है।

**Name Change**

I hitherto known as Kunal Kumar s/o Avadhesh Manjhi vill- Kashitegarani, PO- Dighwdubauli, Distt- Gopalganj, Bihar, PIN- 841409 have changed my name and shall hereafter be known as ASHUTOSH KUMAR. Affidavit no. 1325 Date 03/10/2026

# उपभोक्ताओं के लिए सहज और सुलभ हो गैस आपूर्ति सुविधा

## शहर में पीएनजी कनेक्टिविटी विस्तार करने पर दिया गया जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की उच्चस्तरीय समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई। बैठक में विशेष रूप से पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) कनेक्शन, सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) नेटवर्क के विस्तार तथा गैस संबंधी आधारभूत संरचनाओं की प्रगति की जिलावार समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान विभिन्न जिलों में पीएनजी कनेक्शन की वर्तमान स्थिति, निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धि, लंबित आवेदनों, गैस नेटवर्क की तैयारियों, आवश्यक सामग्री एवं मानवबल की उपलब्धता तथा अतिरिक्त कनेक्शन प्रदान करने के लिए की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु लंबित कार्यों में तेजी लाने तथा संबंधित विभागों एवं एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्यों का प्रभावी एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में औरंगाबाद जिले में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क के विस्तार की स्थिति की भी समीक्षा की गई। वर्तमान में जिले में 10 वाणिज्यिक पीएनजी कनेक्शन चालू हैं। गैस वितरण नेटवर्क के विस्तार के लिए तीन एजेंसियों द्वारा कार्य किया जा रहा है। बताया गया कि जिला रेगुलेटिंग स्टेशन (डीआरएस) के 31 अक्टूबर 2026 तक पहुंचने की संभावना है। इसके माध्यम से बियाडा एवं आसपास के क्षेत्रों में घरेलू एवं वाणिज्यिक पीएनजी उपभोक्ताओं की आवश्यकताओं को पूरा करने में सुविधा होगी। बियाडा में डीआरएस की स्थापना के लिए आवश्यक सिविल कार्य 29 सितंबर 2026 से प्रगति पर है। औरंगाबाद शहर के राम राज्य नगर, श्रीकृष्ण नगर, पीएचईडी कॉलोनी, सत्येंद्र नगर, नगा बिगहा, पिपरडीह, गांधी नगर, मिनी बिगहा, न्यू एरिया, पटेल कॉलोनी, ब्लॉक मोड़ एवं जय मां कॉलोनी सहित विभिन्न क्षेत्रों में पीएनजी नेटवर्क की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्य सचिव द्वारा पीएनजी नेटवर्क के विस्तार एवं कनेक्शन उपलब्ध कराने के कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने, लंबित कार्यों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।



### पीएनजी कनेक्शन के क्षेत्र में हुई है प्रगति

मार्च 2026 तक निर्धारित 2,735 कनेक्शन के लक्ष्य के विरुद्ध 25 सितंबर 2026 तक 2,550 कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। प्रगति के क्रम में कुल 2,582 पीएनजी कनेक्शन लाइव हो चुके हैं, जो निर्धारित लक्ष्य का लगभग 94 प्रतिशत है। वहीं, चार अक्टूबर की अद्यतन प्रतिवेदन के अनुसार पीएनजी कनेक्शन हेतु कुल 4,208 उपभोक्ताओं का पंजीकरण किया गया है। इनमें से 2,095 कनेक्शन चालू हो चुके हैं तथा शेष उपभोक्ताओं के कनेक्शन उपलब्ध कराने की प्रक्रिया विभिन्न चरणों में चल रही है। 18 मार्च 2026 को चालू कनेक्शनों की संख्या 1,427 थी, जिसके बाद इस अवधि में 668 नए कनेक्शन चालू किए

# सेवा संकल्प अभियान के तहत विद्यालयों में कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जगदीशपुर (भोजपुर)।** जगदीशपुर नगर स्थित राज्य संपोषित कन्या प्लस टू विद्यालय एवं स्वार्थ साहू उच्च विद्यालय के प्रांगण में एक विशेष जागरूकता एवं सेवा कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया, जिसमें कन्या प्लस टू विद्यालय में मुख्य अतिथि के तौर पर सतीश कुमार गुप्ता (शक्ति केंद्र प्रमुख) एवं स्वार्थ साहू उच्च विद्यालय में सुरेंद्र साह (नगर अध्यक्ष) ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया इसके पश्चात विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर उपस्थित अतिथियों का अभिनंदन किया गया। अभियान के तहत विद्यालय प्रांगण में स्वच्छता, भाषण प्रतियोगिता, एवं समाज सेवा से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्तित्व भावना को पहुंचाना और युवाओं में सामाजिक दायित्व के प्रति जागरूकता पैदा करना है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा स्नेहा कुमारी, द्वितीय स्थान शालिनी कुमारी, तृतीय स्थान आरती कुमारी को मेडल देकर सम्मानित किया गया एवं कार्यक्रम में शामिल सभी छात्राओं को कलम देकर उत्साह वर्धन किया गया। विद्यालय प्रशासन की ओर से सभी अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मिथलेश कुशवाहा, अर्जुन प्रसाद (महामंत्री), रंजन सिंह, सुनील जी, मोहम्मद सलीम अंसारी (प्रभारी प्रधान अध्यापक गर्ल्स हाई स्कूल), संतोष कुमार (प्रभारी प्रधान अध्यापक बॉय स्कूल) संगीत शिक्षक श्याम शरण गुप्ता, शिक्षक विकास जी, अमित जी, ममता कुमारी, रिंकी कुमारी देवेंद्र नाथ पांडे, धीरज कुमार, चंद्र प्रकाश जी सहित विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक -एवं छात्र-छात्राएं शामिल थे।

# रामलीला के आयोजन की तैयारी में जुटी समिति

**जगदीशपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** दशहरा पर्व के दौरान जगदीशपुर में होने वाली भव्य रामलीला की तैयारी शुरू हो गई हैद्य इस बार शारदीय नवरात्र की सप्तमी तिथि,17 अक्टूबर से रामलीला का आगाज होगा। यह लगातार पांच दिनों तक,21 अक्टूबर तक चलेगा द्य इसे लेकर विभिन्न किरदारों के लिए पात्रों के अंतिम चयन के बाद नियमित तौर पर कलाकारों का रिहर्सल कुशल निर्देशक की देखरेख में कराया जा रहा है। 17 अक्टूबर, बुधवार को रामलीला के पहले दिन शिव विवाह, कश्यप - अदिति तपस्या, पुत्र- कामना यज्ञ, राम जन्म, विश्वामित्र द्वारा राम - लक्ष्मण याचना, ताड़का वध की प्रस्तुति होगी द्य वही दूसरे दिन धनुष यज्ञ, कैकयी - मंथरा संवाद, श्रवण कुमार की मातृ - पितृ भक्ति, राम- केवट संवाद होगा। तीसरे दिन शूर्पणखा का नाक - कान कटना, रावण दरबार, सीता हरण, जटायु - रावण युद्ध, सुग्रीव - राम मित्रता, बाली - सुग्रीव युद्ध, अक्षय कुमार युद्ध, हनुमान - रावण संवाद, लंका दहन होगा। वहीं रामलीला के चौथे दिन विजयादशमी के दिन लक्ष्मण - मेघनाथ युद्ध, भरत - हनुमान मिलन, कुम्भकर्ण वध, मेघनाथ वध के अलावा राम - रावण युद्ध होगा द्य इसके बाद रावण का पुतला दहन किया जाएगा द्य पांचवे और अंतिम दिन भरत मिलाप और राम दरबार के आयोजन के बाद रामलीला का समापन होगा।

# आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण में तेजी लाने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य के सभी जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान विशेष रूप से आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण, भूमि की उपलब्धता तथा सरकारी भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में आवश्यक आधारभूत सुविधाओं की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण से संबंधित कार्यों में अपेक्षित तेजी लाते हुए सभी लंबित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कराया जाए, जिन आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए भूमि उपलब्ध नहीं है, वहां संबंधित विभागों एवं अंचल स्तर के पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर प्राथमिकता के आधार पर भूमि उपलब्ध कराने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्माणाधीन भवनों की नियमित समीक्षा एवं स्थल निरीक्षण करते हुए कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान राज्य में कुल 1,15,073 स्वीकृत आंगनबाड़ी केंद्रों में से 68,553 केंद्रों के लिए भूमि उपलब्ध होने की जानकारी दी गई, जो लगभग 67 प्रतिशत है। जिलावार स्थिति में औरंगाबाद में कुल 2,738 आंगनबाड़ी केंद्रों के विरुद्ध 674 केंद्रों के लिए भूमि उपलब्ध है तथा 220 केंद्रों का वार्षिक लक्ष्य निर्धारित है, जिसके विरुद्ध 211 केंद्रों की उपलब्धि दर्ज की गई है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान वीबी-जी राम जी एवं आईसीडीएस के अभिसरण से आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण की प्रगति की भी समीक्षा की गई। राज्य स्तर पर इस माध्यम से कुल 6,987 भवनों का लक्ष्य लिया गया है, जिसमें 776 कार्य पूर्ण तथा 1,242 कार्य प्रक्रियाधीन हैं। औरंगाबाद जिले में कुल 128 भवनों का लक्ष्य लिया गया है, जिनमें 18 कार्य पूर्ण एवं 29 कार्य प्रक्रियाधीन हैं तथा कुल उपलब्धि 37 प्रतिशत दर्ज की गई है। आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण की समीक्षा में औरंगाबाद जिले के लिए 60 भवन स्वीकृत हैं, जिनमें 06 भवनों का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा जिले की उपलब्धि 10 प्रतिशत दर्ज की गई है। इस क्रम में निर्माण कार्यों को गति देने एवं संबंधित एजेंसियों के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित कर निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

# वडनगर से वाराणसी तक की 'सेवा संकल्प यात्रा' का औरंगाबाद में स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मस्थल वडनगर से वाराणसी के लिए निकली 'सेवा संकल्प यात्रा' सोमवार को झारखंड के रास्ते औरंगाबाद जिले के संडा पहुंची। यहां स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पार्टी कार्यकर्ताओं और गणमान्य लोगों ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया। बिहार सरकार की उद्योग सह खेल मंत्री श्रेयसी सिंह, औरंगाबाद की प्रभारी मंत्री रमा निषाद एवं एमएलसी दिलीप सिंह ने गाजे-बाजे के साथ पुष्पवर्षा, अंगवस्त्र और फूलमाला पहनाकर सेवा यात्रियों का अभिनंदन किया। संडा में आयोजित स्वागत समारोह के बाद यात्रा विभिन्न पड़ावों से होकर आगे बढ़ी। हाई स्कूल पोला में सेवा यात्रियों ने स्कूली बच्चों के बीच पुस्तकों का वितरण किया। साथ ही पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके बाद अंबा स्थित ऐतिहासिक माता सतबहिनी मंदिर परिसर में यात्रियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। यात्रा के क्रम में हाई स्कूल चिल्हकी के प्रांगण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्थानीय खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए सेवा, समर्पण और युवाओं की भागीदारी का संदेश दिया गया। सेवा यात्रियों ने बताया कि वडनगर से 17 तारीख को शुरू हुई यह यात्रा 7 अक्टूबर को वाराणसी में संपन्न होगी। गुजरात से कुल 10 टीमें यात्रा पर निकली हैं। इनमें 22 बाइक पर 44 सवार को मिला कर टीम में कुल 55 सेवा यात्री शामिल हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों में सेवा, जन-जागरण और सामाजिक सरोकार का संदेश दे रहे हैं। यात्रा के औरंगाबाद पहुंचने पर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला।



# मालदा रेल मंडल ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए किया विदाई समारोह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** पूर्व रेलवे के मालदा मंडल द्वारा आज इस मंडल के कुल पंद्रह सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मालदा के मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में कार्मिक विभाग की ओर से सोमवार को आयोजित इस समारोह में विगत सितंबर माह के दौरान रेल सेवा से सेवानिवृत्त हुए विभिन्न विभागों के कुल पंद्रह कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। जिसमें विधुत चिकित्सा, इंजीनियरिंग, सुरक्षा, परिचालन सहित विभिन्न विभागों के सेवानिवृत्त कर्मचारी शामिल हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक प्रवीण कुमार ने भारतीय रेल में उन सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनकी बहुमूल्य सेवाओं एवं संगठन में योगदान के प्रति सम्मान स्वरूप स्मृति-चिह्न एवं सेवा संबंधी दस्तावेज प्रदान किया। इस दौरान सभी शाखा अधिकारियों, पर्यवेक्षकों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। यह समारोह मालदा रेल मंडल की अपने कर्मचारियों की निष्ठा एवं योगदान को सम्मान देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मालदा मंडल कर्मचारियों के कल्याण तथा उनके प्रति सम्मान, सराहना एवं कृतज्ञता की भावना को बढ़ावा देने की इस परंपरा को निरंतर बनाए रखता है।



# संस्कृति हमारी पहचान और संस्कारों की आधारशिला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** भारतीय संस्कृति, संस्कृत भाषा, संस्कार एवं राष्ट्रभावना को विद्यार्थियों के जीवन से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित दो दिवसीय प्रांतीय संस्कृति महोत्सव का समापन सोमवार को सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय औरंगाबाद में हुआ। चार एवं पांच अक्टूबर तक चले इस महोत्सव में विभिन्न शैक्षणिक, बौद्धिक, कलात्मक एवं सांस्कृतिक विधाओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समापन समारोह में प्रदेश सचिव प्रदीप कुमार कुशवाहा, स्थानीय समिति के सह सचिव अवधेश, समिति सदस्य रमन, बालिका विद्यालय के सचिव रंजय अग्रहरि, विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक एवं विद्यालय सचिव बजरंगी प्रसाद सहित अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता, शिक्षक, गणमान्य अतिथि एवं सहभागी भैया बहन उपस्थित रहे। अतिथियों ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में केवल प्रतियोगिता की भावना ही विकसित नहीं करते, बल्कि उनमें आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, अभिव्यक्ति कौशल, सहयोग, अनुशासन एवं सांस्कृतिक चेतना का भी विकास करते हैं। प्रदेश सचिव प्रदीप कुमार कुशवाहा ने अपने उद्बोधन में भारतीय संस्कृति की व्यापकता और उसके जीवनोपयोगी स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्कृति केवल कार्यक्रमों और परंपराओं तक सीमित नहीं है, बल्कि हमारे विचार, व्यवहार, आचरण और जीवनशैली में दिखाई देती है। प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक एवं विद्यालय सचिव बजरंगी प्रसाद के मार्गदर्शन एवं सहयोग से महोत्सव का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। दो दिनों तक विद्यालय परिसर में ज्ञान, कला, संस्कृति और संस्कार का अद्भुत संगम देखने को मिला। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।




# शांति व्यवस्था को लेकर कमिश्नर ने दिये निर्देश

**भागलपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मुंगेर एवं भागलपुर के प्रमंडलीय आयुक्त प्रेम सिंह मीणा की अध्यक्षता में आज दुर्गा पूजा के अवसर पर विधि-व्यवस्था संधारण एवं शांतिपूर्ण ढंग से पूजा आयोजन से संबंधित समीक्षात्मक बैठक हुई। आयुक्त ने सभी संवेदनशील स्थलों की जानकारी संबंधित जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक से प्राप्त की और इस पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने सभी पुलिस अधीक्षकों को थानाध्यक्षों के माध्यम से जिले के सभी पूजा पंडालों का अविलंब भौतिक सत्यापन कराने का निर्देश दिया।

# डीएम ने जनता दरबार में 68 आवेदनों पर की सुनवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** सात निश्चय-3 के तहत ल्लसबका सम्मान-जीवन आसान कार्यक्रम के तहत आज जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने जनता दरबार में विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 68 आवेदनों पर सुनवाई की और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। जिला समाहरणालय के समीक्षा भवन में सोमवार को आयोजित जनता दरबार में जिलाधिकारी श्रीमती पांडेय ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों के रहने वाले आमजनों से प्राप्त कुल 68 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को नियमानुसार त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। ताकि उन लोगों की समस्याओं का समाधान हो सके। इस दौरान सर्वाधिक आवेदन भूमि विवाद से संबंधित थे। इसके आलावे लंबित पेंशन, शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग, खनन विभाग, जे.पी. आंदोलन के तहत जे.पी. सम्मान योजना, बैंकिंग, भू-अर्जन एवं चिकित्सा विभाग सहित अन्य मामलों से संबंधित आवेदन भी प्राप्त हुए। सुनवाई के क्रम में जिले के कहलगांव प्रखंड के शिवनारायणपुर निवासी एवं चौकीदार शेख हमीद द्वारा ए.सी.पी. का लाभ प्रदान किए जाने के संबंध में आवेदन दिया गया। उक्त आवेदन पर जिलाधिकारी ने मामले को आवश्यक कार्रवाई एवं निष्पादन हेतु जिला सामान्य शाखा को अग्रसारित किया। वहीं सुलतानगंज प्रखंड निवासी सुशील कुमार यक्ष द्वारा भू-अर्जन से संबंधित मामले को जिलाधिकारी के समक्ष रखने पर इस मामले को संबंधित कार्यालय को आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया। गोपालपुर, नवगछिया निवासी गुड़िया देवी द्वारा संबंधित कार्यालय में निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य नहीं किए जाने की शिकायत की गई। इस पर जिलाधिकारी द्वारा भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, नवगछिया एवं अंचलाधिकारी, गोपालपुर को मामले की जाँच कर एक सप्ताह के अंदर नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जनता दरबार में प्राप्त अन्य आवेदनों पर भी जिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभागों एवं कार्यालय प्रधानों को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर अपर समाहर्त्ता, राकेश रंजन, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, सदर, अशोक कुमार, भूमि सुधार उप समाहर्ता, सदर, अपेक्षा मोदी, प्रभारी पदाधिकारी, जिला जन शिकायत कोषांग सुभाषिनी प्रसाद, जिला शिक्षा पदाधिकारी, चंदन कुमार, सहित अन्य विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# टायर फटने से अनियंत्रित कार ने मोपेड सवार को रौंदा, मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चकाई/जमुई।** चकाई-गिरिडीह मुख्य मार्ग पर मधूआ गांव के समीप अनियंत्रित हुंडई वेन्यू कार की चपेट में आने से एक मोपेड सवार वृद्ध की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान चंद्रमंडीह थाना क्षेत्र के धावाटांड़ निवासी महादेव पांडेय 65 वर्ष के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार महादेव पांडेय अपने पोते को गिरिडीह के भंडारो स्थित अपने बेटे के पास छोड़कर टीवीएस मोपेड से वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान देवघर से नवादा की ओर जा रही तेज रफ्तार वेन्यू कार का अगला टायर अचानक तेज आवाज के साथ फट गया। टायर ब्लास्ट होते ही कार अनियंत्रित होकर दाहिनी ओर चली गई और सामने से आ रहे महादेव पांडेय को रौंदते हुए सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मोपेड के परखच्चे उड़ गए, पेड़ टूट गया और महादेव पांडेय की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार पर डॉक्टर का प्रतीक चिन्ह लगा था। हादसे के बाद कार सवार जख्मी हालत में ही वाहन छोड़कर सरोंन की ओर फरार हो गए। सूचना मिलते ही चकाई थाना के पुलिस निरीक्षक अनिरुद्ध प्रसाद, एसआई मोतीलाल साह, संतोष कुमार और डायल 112 की टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसे की खबर मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

# जनता दरबार में 42 से अधिक आवेदकों की सुनी गईं समस्याएं

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला पदाधिकारी, भोजपुर, मनेश कुमार मीणा द्वारा आज ईज ऑफ लिविंग के तहत आयोजित जिला जनता दरबार में 42 से अधिक आवेदकों की समस्याएँ सुनी गईं। जनता दरबार में विभिन्न प्रखंडों से आए लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। इनमें मुख्य रूप से राजस्व एवं भूमि सुधार, प्रधानमंत्री आवास योजना, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण एवं समाजिक सुरक्षा कोषांग से संबंधित मामले शामिल थे। जिला पदाधिकारी ने सभी आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित पदाधिकारियों को मामलों की जाँच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्राप्त आवेदनों के समयबद्ध निष्पादन तथा लंबित मामलों की नियमित समीक्षा सुनिश्चित करने को कहा।

# फर्जी प्रमाण पत्र पर 11 साल से नौकरी कर रहे गुरूजी धराए

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कार्रवाई**

**खैरा/जमुई।** प्रखंड क्षेत्र के बाघाखांड विद्यालय में फर्जी बीएड प्रमाण पत्र के आधार पर करीब 11 वर्षों से शिक्षक के रूप में कार्यरत हरेराम कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की जांच के बाद दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस ने यह कार्रवाई की है। आरोपी शिक्षक पर फर्जी शैक्षणिक दस्तावेज के जरिए शिक्षक नियोजन में लाभ लेने का आरोप है। निगरानी विभाग के अनुसार हरेराम कुमार, पिता लक्ष्मी नारायण, निवासी भदौस, थाना शेखपुरा, जिला शेखपुरा ने वर्ष 2015 में बिहार राज्य जिला परिषद माध्यमिक शिक्षक नियोजन के लिए जमुई में आवेदन किया था। उनका नियोजन श्रवण दिव्यांग कोटि में हुआ था। इसके बाद वे बाघाखांड विद्यालय में गणित विषय के प्रशिक्षित शिक्षक के रूप में कार्यरत थे। नियोजन के दौरान हरेराम कुमार की ओर से बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी से जारी बीएड प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया था। दस्तावेजों की जांच के दौरान निगरानी विभाग ने प्रमाण पत्र को सत्यापन के लिए विश्वविद्यालय भेजा। विभाग के मुताबिक विश्वविद्यालय से सत्यापन के बाद प्रमाण पत्र फर्जी पाए जाने की जानकारी मिली। निगरानी विभाग का आरोप है कि फर्जी अंक पत्र और प्रमाण पत्र तैयार कर उन्हें वास्तविक दस्तावेज के रूप में इस्तेमाल किया गया और इसी के आधार पर शिक्षक नियोजन में लाभ लिया गया। विभाग के अनुसार उच्च न्यायालय के निर्देश पर ऐसे मामलों में शिक्षकों को एमनेस्टी पीरियड के दौरान त्यागपत्र देने का अवसर भी दिया गया था, लेकिन हरेराम कुमार ने इसका लाभ नहीं उठाया। इसके बाद निगरानी अन्वेषण ब्यूरो पटना के पुलिस उपाधीक्षक सह सहायक जांचकर्ता विकास कुमार श्रीवास्तव की ओर से प्राथमिकी दर्ज कराई गई। प्राथमिकी में हरेराम कुमार समेत अन्य अज्ञात लोगों पर कूटरचित दस्तावेज तैयार करने, फर्जी दस्तावेज को असली के रूप में इस्तेमाल करने, धोखाधड़ी और आपराधिक षड्यंत्र के आरोप लगाए गए हैं। पुलिस ने आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# दुर्गा पूजा को लेकर विधि-व्यवस्था एवं शांति संधारण को लेकर डीएम ने दिए निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** दुर्गा पूजा पर्व के अवसर पर विधि-व्यवस्था एवं शांति संधारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज दिनांक 05 अक्टूबर 2026 को समाहरणालय सभागार, आरा में जिला शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला दंडाधिकारी-सह-जिलाधिकारी, भोजपुर मनेश कुमार मीणा एवं पुलिस अधीक्षक, भोजपुर अवधेश दीक्षित ने संयुक्त रूप से की। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि दुर्गा पूजा पर्व के मद्देनजर नगर क्षेत्रों में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही, प्रमुख चौक-चौराहों एवं पूजा स्थलों के आसपास पेयजल की व्यवस्था, आवश्यकतानुसार एम्बुलेंस टीम की प्रतिनियुक्ति, बिजली के जर्जर एवं लटकते तारों की समय से मरम्मत, अस्पतालों में मेडिकल टीम की तैनाती तथा आवश्यक जीवनरक्षक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसहभागिता एवं सामुदायिक सहयोग से दुर्गा पूजा पर्व को सौहार्दपूर्ण, शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराया जाए। उन्होंने शांति समिति के सदस्यों द्वारा उठाए गए विभिन्न बिंदुओं एवं समस्याओं पर गंभीरता से विचार करते हुए संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान का निर्देश दिया। उन्होंने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपने-अपने क्षेत्रों में सतत निगरानी एवं समन्वय सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान पुलिस-प्रशासन हर स्तर पर पूरी तरह सतर्क एवं सक्रिय रहे तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियाँ पूर्व से सुनिश्चित रखी जाए। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, सहायक समाहर्ता, सिविल सर्जन, नगर आयुक्त, आरा नगर निगम, विशेष कार्य पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी आरा सदर आदि उपस्थित थे।

# दुर्गा पूजा : विधि-व्यवस्था को लेकर डीएम-एसपी ने दिए निर्देश

## पूजा स्थलों के आस-पास साफ-सफाई की रहेगी पर्याप्त व्यवस्था

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** दुर्गा पूजा पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने को लेकर सोमवार को समाहरणालय सभागार, आरा में जिला शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की संयुक्त अध्यक्षता जिला दंडाधिकारी-सह-जिलाधिकारी भोजपुर मनेश कुमार मीणा एवं पुलिस अधीक्षक भोजपुर अवधेश दीक्षित ने की।



बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर आवश्यक तैयारियां समय से पूरी करने का निर्देश दिया। उन्होंने नगर क्षेत्रों में साफ-सफाई, प्रमुख चौक-चौराहों एवं पूजा स्थलों के आसपास पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने आवश्यकता के अनुसार पूजा स्थलों पर एम्बुलेंस टीम की प्रतिनियुक्ति, अस्पतालों में मेडिकल टीम की तैनाती तथा जीवनरक्षक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने बिजली के जर्जर एवं लटकते तारों की समय पर मरम्मत कराने को भी कहा।

उन्होंने कहा कि जनसहभागिता और सामुदायिक सहयोग से दुर्गा पूजा पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से संपन्न कराया जाए। शांति समिति के सदस्यों द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों एवं समस्याओं पर गंभीरता से विचार करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान का निर्देश दिया। डीएम ने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार निगरानी एवं आपसी समन्वय बनाए रखने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान पुलिस-प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं सक्रिय रहेगा तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए पूर्व से आवश्यक तैयारियां पूरी रखी जाएंगी।

**प्रमुख निर्देश**

- प्रमुख चौक-चौराहों पर पेयजल की व्यवस्था
- आवश्यकता के अनुसार एम्बुलेंस टीम की रहेगी प्रतिनियुक्ति
- जर्जर एवं लटकते बिजली तारों की समय पर मरम्मत का निर्देश
- अस्पतालों में मेडिकल टीम की तैनाती
- जीवनरक्षक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता
- संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी का दिया गया निर्देश
- आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए पूर्व तैयारी

## नराकास बरौनी राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरौनी।** राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार में उत्कृष्ट कार्य के लिए नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) बरौनी को राष्ट्रीय राजभाषा गौरव पुरस्कार 2026 में दो श्रेणियों 'श्रेष्ठतम राजभाषा कार्यान्वयन ट्रॉफी' और 'श्रेष्ठतम राजभाषा प्रसार पत्रिका' में सम्मानित किया गया।यह सम्मान 3-4 अक्टूबर को नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रदान किया गया। पुरस्कार उप महाप्रबंधक राधे श्याम प्रसाद और वरिष्ठ अधिकारी सत्येंद्र यादव ने ग्रहण किया। यह पुरस्कार कॉर्पोरेट संचार संस्था 'लुकिंग बियॉन्ड' द्वारा दिया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद नरेश बंसल मौजूद थे। सम्मेलन में श्रीलंका, सूरीनाम और मॉरीशस सहित कई देशों के हिंदी विद्वान शामिल हुए। यह सम्मान नराकास बरौनी द्वारा हिंदी के प्रभावी कार्यान्वयन और सतत प्रयासों की राष्ट्रीय स्वीकृति है।




## बरौनी कॉलेज में शिक्षक-कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरौनी।** विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक-कर्मचारी संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर एपीएसएम महाविद्यालय बरौनी के शिक्षकों और कर्मचारियों ने रविवार को काली पट्टी लगाकर कार्य किया और विशिष्ट विश्वविद्यालय अधिनियम के विरोध में प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने स्पष्ट किया कि उनका विरोध दिनकर या माता सीता विश्वविद्यालय के नाम से नहीं, बल्कि उसकी स्थापना के लिए लाए गए अधिनियम के प्रावधानों से है, जिससे उच्च शिक्षा व्यवस्था और शैक्षणिक हित प्रभावित होंगे। मांग की गई कि अधिनियम को वापस लेकर दिनकर विश्वविद्यालय की स्थापना बिहार विश्वविद्यालय अधिनियम 1976 के तहत की जाए, वर्तमान विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के हितों की रक्षा हो और निर्णय से पहले शिक्षक प्रतिनिधियों से विचार-विमर्श किया जाए। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी गई। जानकारी शिक्षक संघ सचिव डॉ. अब्दुर रहीम ने दी।



## बदबूदार गंदे पानी से महामारी फैलने की आशंका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** प्रखण्ड क्षेत्र के हृदय स्थल से गुजरने वाली बलान नदी में एक बार फिर से गंदा बदबूदार पानी आने से आसपास के लोगों को परेशानी हो रही है। पानी इतना बदबू दे रहा है कि अतरुआ पुल से होकर गुजरने वाले लोगों को नाक ढकना पड़ रहा है। बदबू सड़े हुए शौच अर्थात मल-मूत्र की तरह आ रही है। पानी भी इतना गंदा है कि बिल्कुल काला दिखाई देता है। काला के साथ-साथ बिल्कुल मटमैला जैसे लगता है। आसपास के लोगों को घर में रहना भी दूभर हो रहा है। विदित हो कि लगभग दस वर्षों से नदी में बाढ़ नहीं आया है, जिसके कारण नदी में थोड़ा-बहुत पानी सड़ा हुआ था ही। लेकिन इस वर्ष बारिश का भी पानी नदी में नहीं आने से नदी सावन-भादो में भी सूख गई थी। जलकुंभी भी पानी के अभाव में सूखने लगे थे। लेकिन विगत 20 दिनों पहले नदी में थोड़ा-बहुत बदबूदार गंदा पानी आया, जिससे इलाके में महामारी फैलने की आशंका जताई गई थी। पानी उतना ही आया जिससे नदी का तल मात्र भीग सका। क्षेत्र के लोगों को चिंता हो रही है कि इस वर्ष छठी मइया को अर्घ्य कैसे दिया जाएगा। सोमवार की सुबह एक बार फिर से वही बदबूदार गंदा पानी नदी में आ रहा है। पानी इस बार भी ज्यादा नहीं आ रहा है, लेकिन बदबू दे रहा है। प्रशासनिक उदासीनता के कारण नदी में लोग घर का गीला और सूखा कचरा बेखौफ होकर बहाते हैं। इतना ही नहीं, किनारे बसे लोगों के शौचालय का निकास नदी में ही है। गांव में बने नालियों का निकास भी नदी में कर दिया गया है, जिसके कारण बलान नदी जो लोगों के जीवन का आधार हुआ करती थी, आज यह अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। सबसे बड़ी चिंता इस वर्ष क्षेत्र के लोगों के सामने छठ पूजा की हो रही है। प्रशासन को इस पर समय रहते विचार करने की आवश्यकता है, ऐसा क्षेत्र के लोगों ने बताया।

## नामांकन सह-आशीर्वाद कार्यक्रम में डा. घनश्याम राय एवं सर्वेश कुमार को विजयी बनाने का आह्वान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** लहेरियासराय स्थित प्रेक्षागृह में सोमवार को दरभंगा स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी डॉ. घनश्याम राय एवं सर्वेश कुमार के नामांकन सह-आशीर्वाद कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला उपाध्यक्ष अभयानंद झा ने की। जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा ने अपने संबोधन में कहा कि एनडीए गठबंधन पूरी मजबूती और एकजुटता के साथ दरभंगा स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव मैदान में है। उन्होंने कहा कि स्नातक एवं शिक्षक समाज समाज का जागरूक और प्रबुद्ध वर्ग है, जो हमेशा शिक्षा, विकास, सुशासन और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देता है। उन्होंने कहा कि डॉ. घनश्याम राय एवं सर्वेश कुमार शिक्षित समाज और शिक्षक समुदाय की अपेक्षाओं को समझने वाले योग्य एवं कर्मठ प्रत्याशी हैं। उन्होंने मतदाताओं से एनडीए प्रत्याशियों को अपना समर्थन देने की अपील की। संजय कुमार झा ने एनडीए की एकजुटता पर जोर देते हुए कहा कि भाजपा और जदयू समेत एनडीए के सभी घटक दल पूरी प्रतिबद्धता के साथ प्रत्याशियों की विजय के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ एवं मतदाता स्तर तक संपर्क अभियान को और मजबूत करने तथा अधिक से अधिक मतदाताओं से संवाद स्थापित करने का आह्वान किया। बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि दरभंगा की धरती हमेशा से राष्ट्रवाद, सामाजिक चेतना और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सजग रही है। स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं से उन्होंने एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में एकजुट होकर मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि एनडीए केवल एक राजनीतिक गठबंधन नहीं, बल्कि विकास, सुशासन और जनसेवा के संकल्प के साथ आगे बढ़ने वाला मजबूत गठबंधन है। उन्होंने डॉ. घनश्याम राय एवं सर्वेश कुमार को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए सभी मतदाताओं से समर्थन मांगा। उन्होंने भाजपा एवं जदयू सहित एनडीए के कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय के साथ चुनाव अभियान को गति देने और प्रत्येक मतदाता तक पहुंचने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बिहार सरकार के मंत्री मदन सहनी, रामचंद्र प्रसाद, शीला मंडल, सांसद गोपाल जी ठाकुर, राज्यसभा सांसद धर्मशीला गुप्ता, मधुबनी सांसद अशोक यादव, पूर्व मंत्री जीवेश कुमार, पूर्व विधान पार्षद दिलीप चौधरी, विधायक विनोद नारायण झा, सुजीत पासवान, प्रोफ विनय चौधरी, डा मुरारी मोहन झा, सुजीत सिंह, वीरेन्द्र पासवान, तरूण चौधरी, धनश्याम ठाकुर, हरिभूषण ठाकुर बचौल आदि उपस्थित थे।



## दरभंगा एम्स के मुद्दे पर बड़े आंदोलन की तैयारी : विद्या भूषण

**मनीगाछी (दरभंगा) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मिथिला स्टूडेंट यूनियन, मनीगाछी इकाई के नेतृत्व में छात्र आंदोलन की समीक्षा को लेकर भटपुरा गांव स्थित आशीर्वाद विवाह भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि एलएनएमयू आंदोलन की सफलता कार्यकर्ताओं की एकजुटता, संघर्षशीलता और सांगठनिक अनुशासन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आगामी आंदोलनों को भी इसी मजबूती, प्रतिबद्धता और संगठनात्मक एकजुटता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। बैठक में दरभंगा एम्स के मुद्दे को लेकर व्यापक चर्चा हुई। मिथिला स्टूडेंट यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विद्या भूषण ने कहा कि दरभंगा एम्स मिथिला के स्वास्थ्य एवं क्षेत्रीय विकास से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण सवाल है। इस मुद्दे को लेकर संगठन आने वाले दिनों में बड़े आंदोलन की तैयारी करेगा।

## दुर्गा पूजा को लेकर सदर एसडीएम ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** दुर्गा पूजा से पूर्व अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी बीडीओ, सीओ, एसडीपीओ सहित शांति समिति के सदस्य और विभिन्न पूजा समितियों के अध्यक्ष-सचिव मौजूद रहे। बैठक में पूजा के शांतिपूर्ण और सुरक्षित आयोजन को लेकर तैयारियों पर चर्चा हुई। भीड़ नियंत्रण, यातायात, लाइट-साउंड, विसर्जन रूट और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निर्देश दिए गए। सभी से आपसी समन्वय और भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की गई। प्रशासन ने शांति और सौहार्द के साथ पूजा संपन्न कराने की प्रतिबद्धता जताई। एसडीओ ने कहा कि पूजा के दौरान असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की नजर रहेगी। किसी भी परिस्थिति में विधि व्यवस्था के साथ समझौता नहीं किया जाएगा।

## जिलास्तरीय अंडर-17 बालक क्रिकेट टीम का चयन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, खेल विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में चल रही जिलास्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2026 के छठे दिन बी.पी. इंटर स्कूल में अंडर-17 बालक क्रिकेट ट्रायल आयोजित हुआ। ट्रायल में जिले भर के स्कूलों के खिलाड़ियों ने भाग लेकर बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में प्रतिभा दिखाई। जिला खेल पदाधिकारी बिट्टू कुमार सिंह ने खिलाड़ियों से मिलकर हौसला बढ़ाया और कहा कि सरकार खेल को बढ़ावा दे रही है और बच्चे आईपीएल जैसे मंच तक पहुंच सकते हैं। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव मृत्युंजय कुमार वीरेश ने कहा कि सुदूर देहात के बच्चे भी शानदार प्रतिस्पर्धा दे रहे हैं। चयनकर्ता के रूप में अरनव पंकज, दीपक कुमार दीप, अभय आर्यन, सुमित और राहुल कुमार मौजूद थे। उद्घोषक गौरव कुमार पाठक रहे। ट्रायल के बाद चयनित बल्लेबाजों में सनी, अमन, आर्यन, हर्ष, शुभम, प्रियांशु, निशांत सहित 19 और गेंदबाज-क्षेत्ररक्षकों में आयुष, बंटी, प्रत्यूष, हर्षित सहित 17 खिलाड़ियों को चुना गया। इन्हीं में से बेगूसराय जिला टीम बनेगी।



## दुर्गा पूजा और एमएलसी चुनाव को लेकर चार थाना क्षेत्रों में फ्लैग मार्च, एसडीएम-एसडीपीओ ने संभाली कमान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बखरी (बेगूसराय)।** आगामी दुर्गा पूजा एवं एमएलसी चुनाव को लेकर विधि-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से सोमवार को बखरी अनुमंडल के चार थाना क्षेत्रों में पुलिस-प्रशासन की ओर से फ्लैग मार्च किया गया। एसडीएम सन्नी कुमार सौरव, लाइन डीएसपी अभय कुमार सिंह एवं एसडीपीओ कुंदन कुमार के नेतृत्व में बखरी, नावकोठी, गढ़पुरा और परिहारा थाना क्षेत्रों में पुलिस जवानों ने फ्लैग मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस बल ने प्रमुख बाजारों, चौक-चौराहों एवं संवेदनशील इलाकों का भ्रमण किया। अधिकारियों ने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के साथ-साथ एमएलसी चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। फ्लैग मार्च से पूर्व अनुमंडल परिसर में एसडीपीओ कुंदन कुमार ने पुलिस जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने, भीड़ नियंत्रण को लेकर सतर्क रहने तथा किसी भी अप्रिय स्थिति की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया। पूजा स्थलों, जुलूस मार्गों एवं प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी जवानों को आवश्यक निर्देश दिए गए।एसडीएम सन्नी कुमार सौरव ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने आम लोगों से पर्व के दौरान अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को देने की अपील की।मौके पर बीडीओ कुमार मुकेश, बखरी थानाध्यक्ष अरविंद कुमार यादव, सर्किल इंस्पेक्टर गौतम कुमार सिंह, गढ़पुरा थानाध्यक्ष राहुल कुमार, नावकोठी थानाध्यक्ष मो. फिरदौस,एसआई विक्रम चौधरी, श्रवण कुमार एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी व जवान मौजूद थे।



## एक नजर

### सुनील राम के निधन पर शोक

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी डफरपुर शाखा के सदस्य एवं छतौना निवासी कॉमरेड सुनील राम का 57 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनके निधन की खबर मिलते ही भाकपा कार्यकर्ताओं, समर्थकों और शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई। कार्यकर्ताओं ने उनके निधन को पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति बताया। श्रद्धांजलि देने वालों में भाकपा प्रभारी संजीव कुमार सिंह, जिला परिषद प्रतिनिधि राजेंद्र शर्मा, एआईवाईएफ प्रखंड अध्यक्ष नसीम रब्बानी, मणिकांत भारती, शाखा मंत्री आनंद मोहन सिंह, पूर्व मुखिया महेंद्र महतो, पूर्व शाखा मंत्री शिवव्रत नारायण सिंह, पूर्व सरपंच सुधीर सिंह, नरेश महतो, रामायण महतो, रामकिसुन महतो, दीपू सिंह, प्रमोद महतो, उमेश मोची, रामवालक मोची सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण शामिल थे।

### दुर्गा पूजा को लेकर समिति की बैठक

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** दुर्गा पूजा एवं मेला के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर सोमवार को वीरपुर थाना परिसर स्थित प्रतीक्षालय भवन में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता थानाध्यक्ष राजू रंजन कुमार ने की। बैठक में पूजा समितियों के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय लोगों के साथ पूजा व मेला को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने पर चर्चा की गई।इसदर डीएसपी-2 कुमारी दुर्गा शक्ति ने लोगों से आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की। इंस्पेक्टर अमलेश कुमार ने कहा कि मेला के दौरान असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी और उपद्रव करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। थानाध्यक्ष ने बताया कि पूजा एवं मेला के दौरान डीजे बजाने और जुआ खेलने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। मौके पर पुलिस पदाधिकारी सहित व विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधि व पूजा समितियों के सदस्य मौजूद थे।

### जनसुनवाई में ग्रामीणों ने सुनाई फरियाद

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अंचल कार्यालय में सोमवार को विभागीय निर्देश के तहत 'सबका सम्मान, जीवन आसान' कार्यक्रम के अंतर्गत जनसुनवाई आयोजित की गई। अध्यक्षता सीओ भाई वीरेंद्र ने की। इसमें विभिन्न गांवों से पहुंचे ग्रामीणों ने जमीन, आवास और राजस्व संबंधी अपनी समस्याएं रखीं। खरमौली निवासी रामसागर महतो ने बास की जमीन के खेसरा में सुधार की मांग की। वहीं जगदर निवासी सीता देवी ने बास की जमीन उपलब्ध नहीं होने की समस्या बताते हुए आवेदन दिया। अन्य ग्रामीणों ने भी अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं।

### इंडिया गठबंधन की बैठक

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** इंडिया गठबंधन की बैठक शनिवार को सीपीआई कार्यालय कार्यानंद भवन में हुई। राष्ट्रव्यापी आह्वान पर 2 से 8 अक्टूबर तक विरोध प्रदर्शन पर चर्चा की गईतय हुआ कि 8 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे जिला परिषद मार्केट में डॉक्टर श्रीकृष्ण सिंह की मूर्ति के पास से प्रतिवाद मार्च निकाला जाएगा, जो कैंटीन चौक पर सभा में तब्दील होगा। एसआईआर रद्द करने और चुनाव आयोग को बर्खास्त कर गिरफ्तार करने की मांग की जाएगी। बैठक में लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिए मजदूर-किसान, छात्र-युवा और आम लोगों से मार्च में शामिल होने की अपील की गई। जंतर-मंतर सहित देशभर में आंदोलनों पर दमन बंद करने की मांग भी की गई। बैठक में अवधेश राय, राजेंद्र चौधरी, नवलकिशोर सिंह, चंद्रदेव वर्मा, रजेश झा मौजूद थे।

### अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** दुर्गा पूजा के मद्देनजर अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी ने की। इसमें सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, बलिया और बखरी के एसडीपीओ, थाना अध्यक्ष, शांति समिति के सदस्य तथा विभिन्न दुर्गा पूजा समितियों के अध्यक्ष एवं सचिव उपस्थित रहे।बैठक में दुर्गा पूजा के शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और सुरक्षित आयोजन को लेकर आवश्यक तैयारियों और व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। पूजा पंडालों में भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, साफ-सफाई, पेयजल, सीसीटीवी निगरानी, अग्निशमन व्यवस्था और प्रतिमा विसर्जन रूट को लेकर अधिकारियों ने दिशा-निर्देश दिए। सभी पूजा समितियों से लाइसेंस, साउंड सिस्टम के निर्धारित मानकों का पालन, अश्लील गानों पर प्रतिबंध और आपसी समन्वय बनाए रखने की अपील की गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि अफवाह फैलाने वालों और माहौल बिगाड़ने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी।


**Format C-2**

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

**Name of Political Party : Janata Dal (United)**

*** Name of the Election : Election to the Legislative Council from Tirhut Graduates Constituency**

**Name of State : Bihar**

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| SL. No | Name of constituency | Name of candidate | (A) Pending criminal cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1 | Tirhut Graduated Constituency | Abhishek Jha | 1. C.J.M., Patna, IPC Section 341, 323, 504,506, 385/34, Charge framed<br>2. ACJM IV Patna, IPC Section 448, 341, 323, 506, 504, 354, 385, 379/34, Pending | 1) Complain Case No.- 18/2015, P.S. Pirabahore, Patna<br>2) Case No.-106/2016 P.S. Shastri Nagar, Patna | No | No | No |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

# वडनगर-वाराणसी 'सेवा संकल्प यात्रा' का औरंगाबाद में जोरदार स्वागत

## झारखंड सीमा से बिहार में प्रवेश करते ही उमड़ा उत्साह, जेसीबी से हुई पुष्पवर्षा | संडा से बारून तक जगह-जगह बनाए गए तोरण द्वार

अम्बा से मिथिलेश एवं औरंगाबाद से सूरज कुमार की रिपोर्ट

**औरंगाबाद/अम्बा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन्मस्थली गुजरात के वडनगर से वाराणसी के लिए निकली 'सेवा संकल्प यात्रा' सोमवार को झारखंड के रास्ते बिहार के औरंगाबाद जिले में पहुंची। संडा बॉर्डर से बिहार की सीमा में प्रवेश करते ही भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने गाजे-बाजे, फूल-माला और पुष्पवर्षा के साथ यात्रा का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान खेल मंत्री श्रेयसी सिंह, प्रभारी मंत्री रमा निषाद, एमएलसी दिलीप कुमार सिंह, विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, शशांक राज, डीएम अभिलाषा शर्मा, एसपी उपेन्द्रनाथ वर्मा, जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र चंद्रवंशी समेत अन्य मौजूद रहे। यात्रा के स्वागत को लेकर संडा से अंबा और औरंगाबाद तक जगह-जगह तोरण द्वार बनाए गए थे। कई स्थानों पर जेसीबी के माध्यम से सेवा यात्रियों पर फूलों की बारिश की गई। वडनगर से निकली यह यात्रा विभिन्न राज्यों से होते हुए जनसेवा, जनजागरण और सामाजिक सरोकार का संदेश लेकर आगे बढ़ रही है। यात्रा के औरंगाबाद पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। संडा में स्वागत समारोह के बाद यात्रा हाई स्कूल पोला पहुंची। यहां सेवा यात्रियों ने स्कूली बच्चों के बीच पुस्तकों का वितरण किया। इसके साथ ही पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सेवा यात्रियों ने कहा कि समाज के विकास के लिए शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और जनसेवा को साथ लेकर चलना जरूरी है। इसके बाद यात्रा अंबा स्थित ऐतिहासिक माता सतबहिनी मंदिर पहुंची। यहां भाजपा नेता रणविजय सिंह के नेतृत्व में सेवा यात्रियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। मंदिर परिसर में यात्रियों ने पूजा-अर्चना भी की। यात्रा के क्रम में हाई स्कूल चिल्हकी के प्रांगण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्थानीय खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए सेवा यात्रियों ने युवाओं को खेल और सामाजिक गतिविधियों से जुड़ने का संदेश दिया। अंबा से यात्रा निकलकर औरंगाबाद शहर की ओर रवाना हुई। यहां शहर के बाइपास के समीप पंचदेव मंदिर में भाजपा नेता सतीश कुमार सिंह के नेतृत्व में यात्रा का स्वागत किया गया। यात्रा में शामिल सभी सेवादारों को फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया। इसके बाद पंचदेव मंदिर में पुजारी पंडित गोपाल मिश्रा ने सभी को तिलक लगाकर पूजा कराया और मां दुर्गा का प्रसाद दिया। फिर मंदिर के समीप स्थित बाबू वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर सभी सेवा यात्रियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। इसके बाद सभी ने स्वच्छताकर्मियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। अंत में गुब्बारा उड़ाकर यात्रा रमेश चौक की ओर प्रस्थान की। मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष उदय कुमार गुप्ता, शिव गुप्ता, दीपक कुमार, पिंटू सिंह आदि मौजूद रहे। रमेश चौक के पास पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह और प्रभारी मंत्री रमा निषाद ने सेवा संकल्प यात्रा का जोरदार स्वागत किया। इसके बाद यात्रा पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह के आवास सिंह कोठी पहुंची जहां भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सेवा यात्रियों का फूलों से अभिनंदन किया। सिंह कोठी पर पूर्व सांसद ने अपने हाथों से यात्रा में शामिल सभी अतिथियों को नाश्ता कराया और पानी पिलाया। इसके बाद सभी को पूर्व सांसद ने श्रीराम चरितमानस पुस्तक दिया। यहां पर कलाकारों द्वारा बिहार के आस्था का प्रतीक छठ पूजा पर आधारित गीत के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी जा रही थी जिसे पूर्व सांसद ने सभी अतिथियों को दिखाया। मौके पर भाजपा नेत्री अनिता सिंह समेत अन्य मौजूद रहे। इसके बाद यात्रा बारून स्थित केशव महाविद्यालय पहुंची। यह औरंगाबाद जिले में यात्रा का अंतिम पड़ाव था। यहां स्वागत-अभिनंदन कार्यक्रम के बाद यात्रा को रोहतास जिले के लिए रवाना किया गया। यात्रा को लेकर जिला प्रशासन की ओर से भी आवश्यक तैयारियां की गई थी। यातायात व्यवस्था, सुरक्षा, साफ-सफाई और लोगों के ठहराव समेत अन्य व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया गया।








# पात्र परिवारों को मिले मुफ्त बिजली योजना का लाभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य के सभी जिलाधिकारियों के साथ वीसी के माध्यम से पीएम सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में योजना के तहत प्राप्त आवेदनों, वेंडर चयन, रूफटॉप सोलर संयंत्रों की स्थापना, बैंक ऋण की स्वीकृति एवं वितरण, सामग्री की उपलब्धता तथा जिलावार प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को योजना के निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए रूफटॉप सोलर संयंत्रों की स्थापना में तेजी लाने तथा योजना के क्रियान्वयन की नियमित रूप से समीक्षा करने का निर्देश दिया। उन्होंने पात्र लाभुकों के आवेदनों के त्वरित निष्पादन, अधिकृत वेंडरों की उपलब्धता एवं सक्रियता सुनिश्चित करने तथा स्थापना कार्य में आवश्यक समन्वय स्थापित करते हुए प्रगति को गति देने पर विशेष जोर दिया। मुख्य सचिव ने बैंक स्तर पर लंबित ऋण आवेदनों के शीघ्र निष्पादन एवं स्वीकृत ऋण के समयबद्ध वितरण की दिशा में संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही योजना के क्रियान्वयन में आ रही व्यावहारिक कठिनाइयों एवं लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में बताया गया कि राज्य में पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत 3 अक्टूबर तक कुल 1,48,547 आवेदन प्राप्त हुए हैं, 1,04,434 आवेदनों में वेंडर का चयन किया गया है तथा 33,019 रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। योजना के तहत 201.79 करोड़ रूपये की सब्सिडी जारी की जा चुकी है। ऋण के लिए प्राप्त 45,152 आवेदनों में से 25,781 ऋण स्वीकृत किए गए हैं। औरंगाबाद जिले के लिए 12,000 का लक्ष्य निर्धारित है। जिले में अब तक 1,418 आवेदन प्राप्त हुए हैं, 1,149 आवेदनों में वेंडर का चयन किया गया है तथा 266 रूफटॉप सोलर संयंत्रों की स्थापना की जा चुकी है। 27 सितंबर से 3 अक्टूबर के दौरान जिले में 9 रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए गए। ऋण की स्थिति की समीक्षा के अनुसार औरंगाबाद जिले में 498 ऋण आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें 215 ऋण स्वीकृत तथा 170 ऋण वितरित किए जा चुके हैं। जिले की ऋण स्वीकृति दर 43.17 प्रतिशत रही है। मुख्य सचिव ने योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ-साथ आम लोगों को रूफटॉप सोलर संयंत्र लगाने से होने वाले लाभ, सब्सिडी एवं ऋण सुविधा के संबंध में आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया, ताकि अधिक से अधिक पात्र परिवार योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। वीसी में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के साथ सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल, कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी जुड़े रहे।

## मछली मारने वाली दवा खाने से युवक की मौत

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** पारिवारिक विवाद में मछली मारने की दवा खाने से 36 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई। मामला झारखंड के हरिहरगंज थाना क्षेत्र के खड़गपुर गांव की है। मृतक की पहचान उस गांव निवासी जगदीश भुइयां के पुत्र विंदेश्वरी भुइयां के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार कथित तौर पर घर में कहीं गई किसी बात को लेकर आहत हो गया। इसके बाद उसने घर में रखी मछली मारने की दवा खा ली। इसके बाद परिजन आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद लेकर पहुंच जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने मृत घोषत कर दिया। सूचना पर नगर थाना की पुलिस ने परिजनों से घटना के संबंध में पूछताछ कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# परिवादों के निष्पादन की नियमित समीक्षा की जाए : डीडीसी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** समाहरणालय के सभा कक्ष में सात निश्चय-3 अंतर्गत सबका सम्मान-जीवन आसान पहल के तहत जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार के दौरान विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया। इस दौरान परिवादियों ने अपने-अपने आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त परिवादों में मुख्य रूप से दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड, नाली-गली निर्माण, भूमि विवाद, सड़क निर्माण, आंगनबाड़ी सेविका बहाली, जमाबंदी, इंदिरा आवास, भूमि मापी, जमीन पर अवैध कब्जा, परिमार्जन, एलपीसी निर्गत करने, पैक्स से संबंधित मामले, मानदेय भुगतान, आंगनबाड़ी बहाली में अनियमितता, अनुग्रह अनुदान सहित अन्य जनहित से जुड़े विषय शामिल रहे। जनता दरबार में प्राप्त सभी परिवादों को विधिवत पंजी में दर्ज कर संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी मामलों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक विलंब ना हो। अपर समाहर्ता द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक परिवाद का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं न्यायसंगत निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि परिवादों के निष्पादन की नियमित समीक्षा की जाए।




# हत्या का प्रयास सहित अन्य मामलों में 16 आरोपित भेजे गये जेल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक उपेंद्र कुमार वर्मा के निर्देश पर रविवार की देर रात जिले में विधि-व्यवस्था सुदृढ़ करने और अपराध नियंत्रण को लेकर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अवैध हथियार, मादक पदार्थ और अन्य अवैध सामग्रियों की तस्करी पर रोक लगाने के साथ संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों पर विशेष नजर रखी गई। अभियान के फलस्वरूप जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई के फलस्वरूप 27 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 14 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जानकारी के अनुसार, हत्या के प्रयास में आठ, मद्य निषेध अधिनियम के तहत तीन तथा अन्य मामलों में 16 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 375 लीटर देसी शराब एवं एक कार बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1443 वाहनों से 49500 रूपये की वसूली की गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अपराध नियंत्रण और जनसुरक्षा के लिए पुलिस की सक्रियता के साथ विभिन्न इकाइयों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

# कुटुंबा में वर्चुअल रियलिटी लैब का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** कायाकल्प अभियान के तहत औरंगाबाद जिले के कुटुंबा प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, पोला-गोरडीहा में स्थापित वर्चुअल रियलिटी लैब का आज पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग सह जिले के प्रभारी मंत्री राम निषाद, सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक उपेन्द्रनाथ वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि वर्चुअल रियलिटी लैब की स्थापना विद्यार्थियों को आधुनिक एवं तकनीक आधारित शिक्षा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस लैब के माध्यम से विद्यार्थियों को विज्ञान एवं अन्य विषयों की जटिल अवधारणाओं को अधिक सरल, रोचक और व्यावहारिक तरीके से समझने का अवसर मिलेगा। इसके साथ ही उन्होंने सभी विद्यार्थियों से वार्तालाप कर उनसे उनके अनुभव के बारे में पूछा और उन्हें इस अवसर का पूर्ण रूप से लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। वर्चुअल रियलिटी तकनीक के माध्यम से विद्यार्थी भौतिकी, रसायन विज्ञान, अंतरिक्ष विज्ञान सहित विभिन्न विषयों का अध्ययन एक नए और अनुभवात्मक तरीके से कर सकेंगे। इससे न केवल उनकी विषयों के प्रति रुचि बढ़ेगी, बल्कि उनकी जिज्ञासा, रचनात्मकता एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण को भी प्रोत्साहन मिलेगा। कायाकल्प अभियान के अंतर्गत की गई यह पहल जिले में शैक्षणिक आधारभूत संरचनाओं के सुदृढ़ीकरण के साथ-साथ शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



## दारोगा का रिश्वत मांगते ऑडियो वायरल, जांच शुरू

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** देव थाना में तैनात दारोगा संजय कुमार सिंह पर एक युवक ने रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। युवक ने साक्ष्य के तौर पर ऑडियो क्लिप भी उच्चाधिकारियों को भेजा है। यह ऑडियो क्लिप सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रही है। हालांकि नवबिहार टाइम्स इस वायरल ऑडियो की पुष्टि नहीं करती है। फिलहाल वायरल ऑडियो क्लिप का उच्चाधिकारियों द्वारा जांच की जा रही है। कर्माडीह गांव निवासी अमित कुमार ने बताया कि गांव के ही भगवान यादव का साइकिल दरवाज़े पर खड़ी थी जिसे मज़ाक से उसने किसी और जगह खड़ी कर दिया। इसके बाद भगवान यादव ने साइकिल चोरी की शिकायत से संबधित आवेदन देव थाने में दिया। मामले की जानकारी होने पर सामाजिक और परिवारिक आधार पर दोनों पक्षों के बीच आपसी सुलह हो गई लेकिन दारोगा संजय कुमार सिंह द्वारा सुलह के नाम पर पैसे की मांग की जा रही है। अमित ने परेशान होकर दारोगा का पैसा मांगते हुए एक ऑडियो रिकॉर्ड कर लिया। इसमें एक शख्स अमित से आवेदन फाड़ने के नाम पर पैसे की मांग की जा रही है। अमित के अनुसार यह शख्स दारोगा संजय कुमार सिंह है। थानाध्यक्ष कुमार विकास ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जांच पड़ताल कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी।

# जनता की समस्याओं का करें त्वरित समाधान : एसपी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** सोमवार को पुलिस अधीक्षक उपेंद्र कुमार वर्मा द्वारा जनता दरबार में 27 शिकायतें सुनी गई। पुलिस अधीक्षक ने सभी लोगों की शिकायतें इत्मीनान से सुनी और उसके समाधान के लिए संबंधित थाने तथा पदाधिकारी से ऑन द स्पॉट बात की। पुलिस अधीक्षक के जनता दरबार में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र से लोग अपनी समस्या लेकर उपस्थित हुए थे। इनमें किसी केस में अब तक गिरफ्तारी न होना, किसी केस में कुर्की जब्ती की कार्रवाई में विलंब होना तो किसी केस में झूठे मामले में फंसा देने की शिकायत सहित विभिन्न शिकायतों के साथ लोग पुलिस अधीक्षक के जनता दरबार में पहुंचे थे। पुलिस अधीक्षक के द्वारा सभी लोगों की समस्याओं और शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना गया तथा उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि उनका मुख्य मकसद जनता की समस्याओं को दूर करने के साथ-साथ उनसे संवाद स्थापित करना और उनका विश्वास जीतना है। उन्होंने कहा कि जहानाबाद की पुलिस यहां की जनता की सेवा के लिए है और अगर किसी को किसी कार्य में दिक्कत होती है तो वह संबंधित थाने में जाकर वहां के थाना प्रभारी से बात करें। इसके बाद भी कोई समस्या का समाधान नहीं होता है तो वह निर्धारित समय पर आयोजित जनता दरबार में आकर मुझसे मिले। यहां मैं जनता की समस्याओं के समाधान के लिए ही कार्य कर रहा हूं।



## चोरी के अलग-अलग मामलों में दो गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** दो अलग-अलग जगहों पर चोरी के कांड में संलिप्त दो अभियुक्तों को गोह पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान थाना क्षेत्र के गोह अंदर बाजार निवासी चंदन कुमार उर्फ चंदू एवं सुंदरपुर गांव निवासी यश कुमार के रूप में की गई है। ये दोनों मामले में फरार चल रहे थे। इसी क्रम में सूचना के आधार पर सोमवार को पकड़े गए। आवश्यक कार्रवाई के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया।


।। ॐ शान्ति ।।

शोक संदेश



स्व. मोहन प्रसाद सिंह

निधन : 30.09.2026

अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्य पिताजी एवं दादाजी मोहन प्रसाद सिंह का दिनांक 30 सितम्बर 2026 (बुधवार) को देहावसान हो गया। ईश्वर दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें।

श्राद्ध कार्यक्रम

दशमी : 10.10.2026 (शनिवार)

एकादशी : 11.10.2026 (रविवार)

श्राद्धकर्म (ब्रह्मभोज) : 12.10.2026 (सोमवार)

स्थान : ग्राम-कोशडिहरा, प्रखंड-गोह, अनुमंडल-दाउदनगर, जिला-औरंगाबाद (बिहार)

शोकाकुल

पुत्र : नीरज कुमार, अम्बुज कुमार, अविनाश कुमार

पौत्र : ओजस्वी, अतिशय, अगस्त्य, शाश्वत

पौत्री : अनाहिता एवं समस्त विशेन परिवार


# मांगों को लेकर अमीनों ने किया धरना-प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बिहार राजस्व अमीन संघ के आह्वान पर सोमवार को अपनी नौ सूत्री लंबित मांगों को लेकर अमीनों ने दानी बिगहा स्थित बस स्टैंड के समीप शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया। संघ ने स्पष्ट किया है कि मांगों के समाधान तक उनका यह आंदोलन चरणबद्ध तरीके से जारी रहेगा। संघ ने विभाग पर मांगों के समाधान की दिशा में उदासीन रवैया अपनाने का आरोप लगाया है। संघ की ओर से कहा गया है कि यदि मांगों पर सकारात्मक एवं ठोस पहल नहीं की गई, तो मंगलवार यानी छह अक्टूबर से राज्यभर के कार्यरत नियमित अमीन अनिश्चितकालीन सामूहिक अवकाश पर चले जाएंगे। आंदोलन कर रहे अमीनों ने बताया कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के साथ 15 मई 2026 को हुई वार्ता में लंबित मांगों के समाधान के लिए आवश्यक पहल का आश्वासन दिया गया था। इसके बाद भी कई बार पत्राचार और अनुरोध के बावजूद मांगों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। इसी के विरोध में पांच अक्टूबर को जिला मुख्यालयों पर धरना एवं बैठक आयोजित की गई। अमीनों की प्रमुख मांगों में सम्मानजनक वेतनमान, त्रिस्तरीय पदसोपान एवं पदोन्नति का प्रावधान, पदनाम में परिवर्तन, लंबित स्थानांतरण प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करना और दो वर्ष की संतोषजनक सेवा पूरी कर चुके अमीनों की सेवा संपुष्टि शामिल है। संघ ने अमीन के मूल पद का वेतनमान लेवल-6 करने तथा पदोन्नति के लिए कानूनगो, राजस्व अधिकारी, सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, अंचल अधिकारी अथवा समकक्ष पदों का पदसोपान निर्धारित करने की मांग की है। संघ ने नवीन एसओपी में व्यावहारिक कठिनाइयों को दूर करते हुए आवश्यक संशोधन एवं स्पष्ट मार्गदर्शन जारी करने की भी मांग की है। इस दौरान गोह अंचल के अमीन मो. शाहनवाज, नवीनगर अंचल के अमीन सुबोध कुमार सिंह, अनीश राज, अनूप रजक, सत्यप्रकाश सोनी, कुमारी रंभा कुमारी सहित कई अमीन मौजूद थे।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269